आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 06:59 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 24 जून 2025

वर्ष 3, अंक 304, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





दोगुनी गति से गर्म हो रहा एशिया महाद्वीप 14

ऑपरेशन सिंदूर से आतंकियों में पनपा डर 12




गुजरात के सूरत शहर में भारी बारिश से सड़कें-गलियां जलमग्न हो गईं। सड़कों पर पानी भर जाने से वाहन से और पैदल चलना तक मुश्किल हो गया।

# कई राज्यों में छाया मानसून, यूपी में भारी बारिश का अलर्ट

## सूरत में 7 इंच बारिश से बाढ़ जैसे हालात, राजस्थान, मप्र, नई दिल्ली में भी चेतावनी जारी

नई दिल्ली/सूरत/लखनऊ, अमृत विचार नेटवर्क

- मॉनसून ने लगभग पूरे उत्तर भारत को कवर किया

देश के कई राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश में अगले 24 घंटों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, सोमवार को गुजरात के सूरत में 7 इंच बारिश दर्ज की गई। यहां बाढ़ जैसे हालात बन गए।

सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक करीब चार घंटे भारी बारिश हुई। जगह-जगह जलभराव से सूरत प्रशासन को स्कूल की छुट्टी करनी पड़ी। मध्य प्रदेश के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मानसून ने लगभग पूरे उत्तर भारत को कवर कर लिया है। उत्तर अरब सागर में अभी हालात इसके अनुकूल बने हुए हैं।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दिल्ली में मानसून अपने सामान्य आगमन से छह दिन पहले, मंगलवार को दस्तक दे सकता है। यहां बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार को रुक-रुक कर हुई बारिश ने दिल्लीवालों को गर्मी-उमस से राहत मिली। आईएमडी ने कहा है कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के अधिकतर भागों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम की स्थितियां अनुकूल हैं। इसी तरह निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काइमेट ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 30 जून के आसपास दिल्ली पहुंचता है। अगर मानसून पूर्वानुमान के तहत 24 जून को दिल्ली पहुंचता है तो 2013 के बाद इसका सबसे जल्दी आगमन होगा।

### अगले दो दिन में पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा मानसून

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बीते 18 जून को प्रवेश कर चुका मॉनसून अभी पूरे राज्य में नहीं फैला है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दो दिनों में इसका प्रसार पूरे राज्य में हो जाएगा। मॉनसून के स्थिर होने की वजह से यह देरी हुई है। आईएमडी के मुताबिक, पिछले 48 घंटों से मानसून स्थिर हो गया था, आगे नहीं बढ़ रहा था। इस कारण से अलर्ट के बाद भी उस तरह की बारिश देखने को नहीं मिली। लेकिन अब स्थिति तेजी के साथ बदली है और मानसून तेजी के साथ रफ्तार पकड़ रहा है। ऐसे में राज्य में भारी बारिश के संकेत साफ हैं। 29 जून तक उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है। वहीं, 24, 28 और 29 जून को पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है।

## एक नजर

### भाजपा सांसद रघुनंदन राव को मिली धमकी

**हैदराबाद।** तेलंगाना में मेडक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद रघुनंदन राव को सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर धमकी दी और खुद को माओवादी बताया। फोन करने वाले ने उन्हें चेतावनी दी कि आज शाम तक राव की हत्या कर दी जाएगी। धमकी भरा फोन उस समय आया जब राव मेडचल-मलकजगिरी जिले के दम्मईगुडा में एक स्कूली कार्यक्रम में भाग लेने गए थे।

### वजाहत की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोपी वजाहत खान को गिरफ्तारी से सोमवार को अंतरिम संरक्षण प्रदान किया। खान की शिकायत पर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कानून की छात्रा शर्मिष्ठा पनोली को गिरफ्तार किया गया था।

### रिश्वत में खान विभाग की उपनिदेशक निलंबित

**मंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने रिश्वतखोरी के सिलसिले में दक्षिण कन्नड़ के खान और भूविज्ञान विभाग की उपनिदेशक कृष्णवेणी को निलंबित कर दिया है। कृष्णवेणी को 28 मई को लोकायुक्त पुलिस ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। विभागीय जांच भी बिठाई गई।

# ईरान के फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र पर फिर से हुआ हमला

## ईरानी मीडिया ने किया दावा, इजराइल पर भी मिसाइलों की बौछार

दुबई, एजेंसी

ईरान के फोर्दो स्थित भूमिगत यूरेनियम संवर्धन स्थल पर सोमवार को फिर से हमला किया गया और ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलों और ड्रोनों की बौछार कर दी। इजराइली सेना ने कहा कि ईरान ने अतिरिक्त बमबारी की। जॉर्डन और मध्य इजराइल में सायरन बजाए गए। ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा ईरानी परमाणु स्थलों पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों के मद्देनजर अब उसकी सेना को अमेरिकी ठिकानों पर हमला करने की 'खुली छूट' मिल गई है।

ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र रविवार को हुए हमले में भी प्रभावित हुआ था और सोमवार को इस पर फिर से हमला किया गया। इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है कि हमला किसने किया और कितना नुकसान हुआ, हालांकि इजराइल ने पहले कहा था कि वह ईरान पर हवाई हमले कर रहा है।

वियना में, संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रविवार को अमेरिका द्वारा बंकर-बस्टर बमों से किए गए हवाई हमले के बाद फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र में भारी क्षति हुई होगी। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा कि उपयोग किए गए विस्फोटक पेलोड को देखते हुए बहुत अधिक क्षति होने की आशंका है।



ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची से हाथ मिलाते रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन।

### ईरानी सुरक्षा बलों को अमेरिकी ठिकानों पर हमले की छूट

सोमवार को, ईरानी सैन्यकर्मियों के संयुक्त प्रमुख जनरल अब्दुलरहीम मौसवी ने वाशिंगटन को चेतावनी दी कि उसके हमलों ने ईरानी बलों को अमेरिकी हितों और उसकी सेना के खिलाफ कार्रवाई करने की खुली छूट दे दी है। पश्चिम एशिया में हजारों अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर रविवार को हमले किए थे।

### पुतिन ने ईरान के विदेश मंत्री को दिया तनाव घटाने में मदद का भरोसा

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को ईरान को भरोसा दिलाया कि उनका देश इजराइल और ईरान के बीच तनाव घटाने में मदद करेगा। रूसी राष्ट्रपति का यह बयान ईरानी परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले के बाद आया है। पुतिन ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात की, जो रूसी नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श के लिए रविवार रात मॉस्को पहुंचे थे।

## पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**लखनऊ।** पॉलीटेक्निक संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम सोमवार शाम को घोषित कर दिया गया है। जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों कुल 18 छात्रों ने सर्वोच्च अंक हासिल किया है, इनमें से एक छात्र बिहार का है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा का परिणाम परिषद की वेबसाइट www.jeecup.admissions.nic.in पर जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से परिणाम एवं स्कोर कार्ड प्राप्त कर सकते हैं।

- 27 से शुरू होगी काउंसलिंग

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए परीक्षा 5 से 13 जून के बीच आयोजित की गई थी। यह परीक्षा कम्प्यूटर आधारित पद्धति से सम्पन्न कराई गई थी। जिसमें अभ्यर्थियों ने कुल 19 ग्रुपों में आवेदन किया था, कुल 4,25,993 आवेदन प्राप्त हुए थे।

कुल 3,31,193 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 3,31,174 अभ्यर्थी काउंसलिंग हेतु अर्ह पाए गए हैं। काउन्सिलिंग 27 जून से आरंभ होकर 14 अगस्त तक 5 चरणों में सम्पन्न होगी।

## प्रेमिका की हत्या कर प्रेमी ने खुद को गोली से उड़ाया

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- सुल्तानपुर गांव में प्रेमिका को घर में घुसकर गोली मारी
- पिता की लाइसेंसी बंदूक से खुद को भी गोली मार ली

दीप्ती पाल एवं देवांशू (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** सुल्तानपुर गांव में शादी न हो पाने से नाराज प्रेमी ने प्रेमिका के घर में घुस कर उसे अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद खुद को भी गोली मारकर जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस के आलाधिकारियों ने जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तनाव के मद्देनजर गांव में फोर्स तैनात है।

पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के कुठला गांव निवासी महिपाल सिंह यादव उर्फ फौजी के बेटे देवांशू उर्फ अन्नू (22) का पड़ोस के गांव सुल्तानपुर की युवती दीप्ती (21) पुत्री अशोक कुमार पाल से तीन वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजनों को जानकारी हुई तो 15 दिन पहले उसकी शादी जनपद औरैया के एरवा कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम चिट्ठा में तय कर दी। जिस युवक से शादी तय हुई, वह तालग्राम कस्बे में प्राइवेट क्लीनिक संचालित करता है।

पता चलने पर देवांशू ने तालग्राम जाकर उस लड़के को धमकाया। इसकी जानकारी लड़के ने दीप्ती के पिता को दी। रविवार को पड़ोस के गांव नगला भजूं में दोनों परिवारों के बीच पंचायत हुई, जिसमें देवांशू ने दीप्ती से सारे संबंध खत्म करने की बात कही। लेकिन सोमवार तड़के तीन बजे देवांशू पिता की 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक लेकर सुल्तानपुर पहुंचा और छत के सहारे प्रेमिका के कमरे में पहुंच गया। जहां दीप्ती अपनी छोटी बहन दीपांशु के साथ सो रही थी। देवांशू ने दीप्ती के माथे पर गोली मार दी। घर से कुछ दूर तालाब किनारे खुद को भी गोली मार ली। जानकारी मिलते ही एसपी विनोद कुमार, एएसपी अजय कुमार, सीओ छिबरामऊ सुरेश मलिक, थाना प्रभारी दिनेश कुमार, सकरावा थानाध्यक्ष अजब सिंह, विशुनगढ़ थानाध्यक्ष गौरव चौधरी, छिबरामऊ कोतवाल विष्णुकांत तिवारी मौके पर पहुंचे। घटना के बाद देवांशू के परिवारीजन मकान में ताला डालकर भाग गए। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# सपा ने तीन बागी विधायकों को निकाला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मनोज कुमार पाण्डेय



अभय सिंह



राकेश प्रताप सिंह

- राज्य सभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग कर किया था भाजपा का समर्थन

**अमृत विचार :** राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग करने वाले सात विधायकों में से तीन को समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी से बाहर कर दिया है। निकाले गए बागी विधायकों में अयोध्या गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह, अमेठी (गौरीगंज) के विधायक राकेश प्रताप सिंह और रायबरेली (ऊंचाहार) सीट के विधायक मनोज कुमार पाण्डेय शामिल हैं, जबकि अन्य चार के लिए कहा कि इन लोगों का व्यवहार अच्छा है, इन लोगों की अनुग्रह अवधि शेष है।

तीनों विधायकों को पार्टी से निष्काषित करने की घोषणा सोमवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की। साथ ही आरोप लगाया कि इन विधायकों को उनकी सांप्रदायिक विभाजनकारी, नकारात्मकता और पीडीए विरोधी विचारधारा का समर्थन करने के कारण निष्कासित किया गया है। लिखा कि इन लोगों को हृदय परिवर्तन के लिए दी गई 'अनुग्रह-अवधि' की समय-सीमा अब पूरी हुई। शेष विधायकों की समय-सीमा अच्छे व्यवहार के कारण शेष है। भविष्य में भी 'जन-विरोधी' लोगों के लिए पार्टी में कोई स्थान नहीं होगा।

निष्कासित विधायकों में ऊंचाहार सीट के विधायक मनोज पाण्डेय ने दावा किया कि मैं भाजपा के साथ हूं, गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ले ली थी तो सपा से निष्कासन का क्या औचित्य? वहीं गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह का कहना है कि राम, राष्ट्र और सनातन मेरे लिए पहले हैं, पार्टी बाद में।

## भारी बारिश के कारण वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन हो गया जिसके कारण बैटरी कार सेवा को स्थगित करना पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कोई हताहत नहीं हुआ है। तीर्थयात्रा अब पुराने मार्ग से संचालित की जा रही है और बिना किसी व्यवधान के जारी है। अधिकारियों ने बताया कि हिमकोटी मार्ग पर 'सत्या व्यू प्वाइंट' के पास जिस समय भूस्खलन हुआ तब वहां श्रद्धालुओं की आवाजाही नहीं थी।

# वाराणसी पहुंचे शाह, मध्य क्षेत्रीय परिषद की लेंगे बैठक

- बैठक में योगी समेत चार राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल
- मैदागिन स्थित बाबा काल भैरव के मंदिर में की पूजा-अर्चना

वाराणसी (उप्र), एजेंसी



वाराणसी के काल भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार शाम दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। यहां लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। शाह वाराणसी में अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।

अमित शाह हवाई अड्डे से सीधे सड़क मार्ग से मैदागिन स्थित बाबा काल भैरव के मंदिर पहुंचे और उन्होंने बाबा काल भैरव की पूजा-अर्चना की। अमित शाह के साथ योगी भी मौजूद थे। बाबतपुर से लेकर काल भैरव मंदिर तक 11 स्थानों पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और आम जनता ने ढोल, शंख, डमरू और पुष्प वर्षा के साथ अमित शाह का स्वागत किया। वाराणसी के मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने बताया कि योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार बैठक की सभी तैयारियां की जा रही हैं।

मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक 24 जून को पूर्वाह्न करीब 11 बजे से दो बजे तक ताज होटल में प्रस्तावित है। अधिकारियों ने बताया कि मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक काशी में पहली बार हो रही है। इस बैठक में चारों राज्यों के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव समेत कई विशिष्टजन तथा नीति आयोग के साथ अंतरराज्यीय परिषद के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।

## तकनीकी खामी के चलते एयर इंडिया की दुबई फ्लाइट रद्द

जयपुर/जम्मू, एजेंसी

एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई जाने वाली उड़ान सोमवार को रद्द कर दी गई। एक अधिकारी ने बताया कि पायलट ने जयपुर हवाई अड्डे से उड़ान भरने से पहले विमान में कुछ तकनीकी गड़बड़ी पाई। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि 189 सीट वाले बोइंग 737 मैक्स विमान को सुबह 6:35 बजे यहां से रवाना होना था, वह रनवे पर पहुंचा लेकिन इस दौरान पायलट ने कुछ तकनीकी गड़बड़ी देखी जिसके बाद उड़ान रद्द कर दी गई।

### उड़ान से पहले रोकी इंडिगो की फ्लाइट

**इंदौर।** इंडिगो एयरलाइंस की इंदौर-भुवनेश्वर उड़ान सोमवार को तकनीकी खराबी के चलते अपने तय वक्त के मुकाबले करीब एक घंटे की देरी से गंतव्य के लिए रवाना हो सकी जिसमें 140 यात्री सवार थे। देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे के निदेशक विपिनकांत सेठ ने बताया कि इंडिगो की उड़ान संख्या 6E 6332 में तकनीकी खराबी का अहसास पायलट को तब हुआ, जब यह विमान उड़ान भरने के लिए रन-वे की ओर जा रहा था।

**प्रकृति के रंग** ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षियों की मार्च-अप्रैल से शुरू होती है आमद, अब जाने की तैयारी में जुटी कुछ प्रजातियां

# रंग-बिरंगे समर विजिटर्स से गुलजार हुआ पीलीभीत टाइगर रिजर्व

सुनील यादव, पीलीभीत










### ये हैं समर विजिटर्स पक्षियों की प्रजातियां

- वाटर काक
- इंडियन कुक्कू
- चेस्टनट कैप्ड बी ईटर
- जेकोबिन कुक्कू
- ब्लू टेल्ड बी ईटर
- गोल्डन ओरियोल

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व और उसके आसपास का क्षेत्र इन दिनों रंग-बिरंगे समर विजिटर्स (गर्मियों के आगंतुक) से गुलजार है। समर विजिटर्स के रूप में पहुंचे इन प्रवासी मेहमान परिंदों को यहां की आबोहवा इस कदर भा रही है कि साल दर साल इनकी संख्या में इजाफा देखा जा रहा है।

जानकारों के मुताबिक पीलीभीत में सौ के आसपास मेहमान परिंदों की प्रजातियां प्रवास को आने लगी हैं। अब जब गर्मी का मौसम जाने को है और मानसून की आमद हो रही है तो यहां प्रवास कर रहे दूर-दराज से आए कुछ परिंदों ने वतन वापसी की तैयारी भी शुरू कर दी है। वहीं शेष सभी प्रवासी परिंदे अक्टूबर तक वतन वापसी करेंगे।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी विशिष्ट जैव विविधता के लिए विदेशी धरती पर भी मशहूर हो चुका है। इस टाइगर रिजर्व में बहुत से ऐसे दुर्लभ वन्यजीव भी हैं, जो शेड्यूल वन की श्रेणी में आते हैं। वहीं पिछले कुछ साल से पीलीभीत टाइगर रिजर्व की आबोहवा मेहमान परिंदों को भी आकर्षित करने लगी है। टाइगर रिजर्व के आंकड़ों के मुताबिक, यहां पक्षियों की 300 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। पक्षियों के इस अद्भुत संसार में अब दूर-दराज के देशों समेत देश के अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में मेहमान परिंदे भी दस्तक देने लगे हैं। प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों में अब इजाफा भी देखा जा रहा है।



ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षी अफ्रीका समेत देश के हिमालय समेत विभिन्न राज्यों से यहां प्रवास को आते हैं। इसमें लोकल माइग्रेटरी पक्षियों की संख्या अधिक होती है। जून के अंत में इनमें से कुछ प्रवासी पक्षी वापसी की तैयारी शुरू कर देते हैं। - **मोहम्मद अख्तर मियां**, अध्यक्ष, टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी

### प्रवासी पक्षियों की साल में दो बार होती है आमद

प्रवासी पक्षियों पर लंबे समय से स्टडी करने वाली संस्था टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के मुताबिक, पीलीभीत टाइगर रिजर्व समेत आसपास के क्षेत्र में सात समंदर पार समेत देश के विभिन्न राज्यों से 100 के अधिक पक्षियों की प्रजातियां प्रवास के लिए आती हैं। ये पक्षी साल भर में दो बार अपनी आमद दर्ज कराते हैं, मानसून से पहले और मानसून के बाद। मानसून के बाद आने वाले प्रवासी नवंबर में आना शुरू कर देते हैं। तकरीबन चार माह के प्रवास के बाद यह फरवरी के अंतिम दिनों में वतन वापसी शुरू कर देते हैं। इन शरदकालीन प्रवासी पक्षियों की वतन वापसी के बीच ही मानसून से पहले आने वाले ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षियों की आमद शुरू होती है।

# मेडिकल कालेज की बिजली हुई गुल, प्रशासन पर संकट

## मरीजों के लिए कालेज प्रशासन को चलवाना पड़ रहा जनरेटर

संवाददाता तिर्वा,कन्नौज



मेडिकल कालेज प्रशासनिक भवन अमृत विचार

- लोड अधिक होने कारण प्रशासनिक भवन की बंद की जाती आपूर्ति
- जनरेटर एक घंटे खर्च करता है पचास लीटर डीजल, इससे अनावश्यक खर्चा आता है

**अमृत विचार।** मेडिकल कालेज को 24 घंटे निर्वाध तौर पर बिजली देने के निर्देश के बाद भी आपूर्ति बंद हो गई जिससे संकट खड़ा हो गया। यह स्थिति आए दिन की है जिससे कालेज प्रशासन के सामने संकट उत्पन्न हो जाता है। भर्ती मरीजों के लिए एक घंटे जनरेटर चलाने में 50 लीटर डीजल खर्च होता है। सबसे खास बात तो यह है कि ओपीडी के समय आपूर्ति बाधित होती है। लोड अधिक होने कारण प्रशासनिक भवन में अंधेरा छाया रहा।

राजकीय मेडिकल कालेज में बिजली आपूर्ति के लिए निजी विद्युत उपकेंद्र का निर्माण कराया गया है। इस का मकसद है कालेज को 24 घंटे बिजली मिले। सोमवार की सुबह उपकेंद्र में तकनीकी खराबी के चलते मेडिकल कालेज की बिजली गुल हो गई। बिजली जाते ही मेडिकल कालेज के अस्पताल परिसर में मरीजों को बिजली की समस्या का सामना करना पड़ गया। मरीजों की बिजली समस्या से परेशान न होना पडे इसके लिए कालेज प्रशासन ने जनरेटर से बिजली उपलब्ध कराई। सीएमएस डाक्टर दिलीप सिंह ने बताया कि कालेज में बिजली 24 घंटे रहने के लिए निजी उपकेंद्र का निर्माण परिसर में ही किया गया है। इस के बाद भी आपूर्ति बाधित होती रहती है। सोमवार की सुबह उपकेंद्र में फाल्ट आने कारण आपूर्ति ठप्प हो गई। ओपीडी के समय तक आपूर्ति नही हो सकी। अस्पताल में मरीजों को समस्याओं का सामना न करना पडे इसके लिए जनरेटर चलवाया गया। बिजली जाने पर जनरेटर को चलाया जाता है। इस में डीजल की खपत अधिक होती है। अस्पताल में लगा जनरेटर एक घंटे में करीब पचास लीटर डीजल खर्च करता है। उन्होंने बताया कि ओपीडी में लोड अधिक होने कारण प्रशासनिक समेत शैक्षिणक भवन की आपूर्ति भी बंद करनी पड़ती है।

# पिकअप की टक्कर से महिला की मौत मचा कोहराम

**तिर्वा, कन्नौज।** सड़क पार करते समय अनियंत्रित पिकअप की टक्कर से महिला की मौत हो गई। पिकअप सडक किनारे पलट गई। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच पिकअप को कब्जे में ले लिया। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

थाना इंदरगढ़ के अगौस गांव निवासी अपर्णा देवी (54) पत्नी गंगासागर सोमवार की दोपहर सड़क के किनारे रखी दुकान से सामान खरीदने के लिए निकली थी। जैसे ही वह सड़क पार कर रही थी उसी दौरान इंदरगढ़ की तरफ से तेज रफ्तार आ रही पिकअप चालक ने महिला के जोरदार टक्कर मार दी। महिला के टक्कर लगते ही पिकअप सड़क किनारे पलट गई। हादसा होते ही चालक मौके से लोगों को चकमा देकर फरार हो गया। हादसे की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस घायल को मेडिकल कालेज ले आई। जहां इलाज के दौरान डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष पारूल चौधरी ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# अंत्योदय कार्ड धारक को गंदगी युक्त मिला राशन

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज


गंदा राशन दिखाता कार्ड धारक।

- कार्ड धारक का राशन दिखाते वीडियो फोटो सोशल मीडिया पर वायरल

**अमृत विचार।** अंत्योदय राशन कार्ड धारक को कोटेदार पहले तो दो किलो कम राशन देता है उस में गंदगी अधिक रहती है। गंदा राशन दिखाते उपभोक्ता का वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वह राशन दुकानदार की करतूत बता रहा है।

तिर्वा ब्लाक क्षेत्र के उमर्दा कस्बा निवासी देवकीनंदन पुत्र इतवारी लाल के पास गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाला अंत्योदय राशन कार्ड है जिस पर प्रतिमाह वह राशन लेकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। सोमवार को वह अपनी सरकारी राशन दुकान पर राशन लेने गया। जहां भीड अधिक होने से उसे काफी देर बाद राशन मिला। राशन में गंदगी को देखकर उसने जब कोटेदार से गंदा राशन देने की बात कही तो कोटेदार ने राशन इसी तरह का मिलने की बात कही। राशन लेकर जब कार्ड धारक एक दुकान पर पहुंचा और राशन दुकान से मिले राशन की तौल कराई तो 25 किलो की जगह 23 किलो निकला। राशन गंदा होने के साथ ही तौल में दो किलो कम दिया गया। इससे आक्रोशित राशन कार्ड धारक का गंदा राशन में मिला गेहूं दिखाते हुए किसी ने वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर आम लोगों को कोटेदार की करतूत से अवगत कराया। तिर्वा तहसील के पूर्ति निरीक्षक अंकित अग्रवाल ने बताया कि इस मामले में कोई शिकायत नहीं आई है। शिकायत मिलने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि हो सकता है कि किसी बोरी में गंदा निकल आया हो। इसे कोटेदार ने वितरण कर दिया होगा। शिकायत पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### बीबी हलीमा की जमीन की जांच पूरी, कार्रवाई की तैयारी

**छिबरामऊ।** चर्चित प्रकरण बीबी हलीमा की जमीन की जांच पूरी हो चुकी है। मोहल्ला बजरिया में करीब 50 मकान उस जमीन पर बन चुके हैं। प्रशासन ने अब कार्रवाई को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि साल 1948 में पाकिस्तान गई बीबी हलीमा की जमीन छिबरामऊ देहात समेत तहसील क्षेत्र के कई गांव व नगर पंचायतों में होने का दावा किया गया था। राजस्व अभिलेखों में छिबरामऊ देहात स्थिति उनकी कुछ जमीन मोहल्ला बिरतिया में पाई गई है। फर्रुखाबाद रोड स्थित खाली पड़ी जमीन को पहले ही प्रदेश सरकार में निहित कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया जा चुका है। मोहल्ला बिरतिया स्थित जमीन पर करीब 50 से अधिक मकान बने हुए हैं। इन सभी की जांच पूरी हो चुकी है। क्षेत्रीय लेखपाल प्रशांत त्रिपाठी को रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट मिलते ही आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी। बता दें कि मोहल्ला बिरतिया निवासी बीबी हलीमा परिवार के साथ पाकिस्तान चली गई थी। उनकी दीपकपुर मोहम्मदाबाद, बहवलपुर, छिबरामऊ देहात, दीपकपुर मोहम्मदाबाद समेत नगर पंचायत समधन व तालग्राम में जमीन होने का दावा किया गया था। जांच में छिबरामऊ देहात व दीपकपुर मोहम्मदाबाद की जमीन को प्रदेश सरकार में दर्ज कराई जा चुकी हैं।

### निर्माणाधीन फ्लोर मिल से चोरी में नाबालिग समेत 3 गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** हाल ही में निर्माणाधीन फ्लोर मिल से हुई चोरी के मामले में पुलिस ने नाबालिग समेत तीन को गिरफ्तार कर माल बरामद किया है। दो चोर पुलिस को चकमा देकर भाग निकले। बता दें कि ग्राम अदमापुर निवासी शिवनाथ सिंह नेशनल हाइवे पर ग्राम लडैता में दूध डेयरी कंपनी के पास फ्लोर मिल का निर्माण करा रहे हैं। उनके पुत्र गौरव कुमार ने बताया कि 17 जून की रात चोरों ने 4 विद्युत मोटर, 800 मीटर केबिल व तार, लगभग 50 किग्रा बेस्ट, एक ग्राइंडर तथा फ्लोर मिल का अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया था। फिर 19 जून की रात घुसे चोरों ने दूसरी बार चोरी का प्रयास किया और बोरी में भरकर लोहे के बोल्ट आदि सामान ले जा रहे थे। चौकीदार के जाग जाने पर चोर सीढ़ी समेत बोरी छोड़कर भाग गए थे। कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि चोरी के मामले में देववरमपुर स्थित विद्यालय के पास से वतन उर्फ अंश, शिवम व एक नाबालिग को चोरी के माल समेत गिरफ्तार किया गया, जबकि विक्रम, शंकर उर्फ सोन चिरैया व अतुल पुलिस को चकमा देकर मौके से भाग निकले। पकड़े गए तीनों आरोपियों को जेल भेजा गया है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं।

### दिल्ली से रोडवेज से आ रहे युवक को जहर खुरानों ने लूटा

**तिर्वा, कन्नौज।** दिल्ली से रोडवेज बस में बैठकर आ रहे युवक को जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों ने जहरीला पदार्थ खिलाकर नकदी व सामान लूट लिया। बस के परिचालक ने उसे बेहोशी की हालत में रास्ते में उतार दिया। इससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। मैनपुरी जनपद के औछा थाना क्षेत्र के गांव निवासी शिंटू कुमार (24) पुत्र जगदीश प्रसाद दिल्ली से रोडवेज बस पर बैठ कर अपने घर आ रहा था। रविवार की देर शाम वह दिल्ली से मैनपुरी होते हुए तिर्वा आने वाली बस में बैठ गया। रास्ते में उसे जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों ने जहरीला पदार्थ खिला दिया। इससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद गिरोह के सदस्यों ने उस के पास मौजूद नकदी व सामान लूट लिया। तिर्वा पहुंचने पर परिचालक ने जब उसे बेहोशी की हालत में देखा तो उसे कस्बे के इंदरगढ़ तिराहा पर उतार कर चला गया। काफी देर तक जब वह पडा रहा तो वहां से गुजर रहे एक राहगीर ने उसे रिक्शा के जरिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। उपचार के बाद उसे होश में आने के बाद उसने बताया कि वह दिल्ली रहकर काम करता है। वह रविवार की रात अपने घर आने के लिए बस पर बैठा हुआ था। रास्ते में किसी ने कुछ जहरीला पदार्थ खिलाकर उसे अचेत कर लूट लिया।

### मिस्त्रियों से दबंगों ने की मारपीट

**कायमगंज (फर्रुखाबाद)।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में शटरिंग का काम करने वाले दो भाइयों को दबंगो ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कंपिल थाना क्षेत्र के गांव बहलोलपुर निवासी अतुल व आदित्य को पुलिस घायल अवस्था मे मेडिकल जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर आयी जहां इलाज के दौरान अतुल ने बताया कि वह और उसका भाई आदित्य शटरिंग का काम करते हैं। सोमवार को वह कायमगंज नगर से सटे गांव घसिया चिलौली अपना उधारी का रुपया और शटरिंग का सामान लेने गए थे। जब उन्होंने अपना शटरिंग का सामान और रुपये मांगे तो दबंगों ने देने से मना कर दिया और गालियां देने लगे जिसका विरोध करने पर दोनों को मारपीट कर गंभीर घायल कर दिया दिया।

### सड़क हादसों में 7 घायल, एक की हालत गंभीर

**कायमगंज (फर्रुखाबाद)।** कायमगंज क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में सात लोग गंभीर रूप घायल हो गए। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव जिंजपुरा निवासी आशुतोष (19) कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव पुरौरी निवासी मनीषा (45) पत्नी अशोक क्षेत्र के गांव पथरामई निवासी अभिषेक (40) कंम्पिल नगर के मोहल्ला चौधरियांन निवासी अंजुम (40) पत्नी हनीफ व फरा (25) पत्नी जाकिर कंपिल थाना क्षेत्र के गांव पुरौरी निवासी भावना (25) पत्नी अनुरुद्ध कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव खजुरिया निवासी नजीरुद्दीन (42) सभी गंभीर घायल हो गए। आसपास के लोगों व एम्बुलेंस की सहायता से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया।

# फैक्ट्री का दरवाजा तोड़ नकदी, नमकीन चोरी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज


नमकीन की गोदाम में चोरी के बाद छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

- सुवह होने पर फैक्ट्री मालिक को हुई जानकारी

**अमृत विचार।** नमकीन फैक्ट्री का पिछला दरवाजा तोड कर चोर नकदी व हजारों रुपये की नमकीन वगुटखा चोरी कर ले गये। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के आदिल हसन की बोर्डिंग मैदान के सामने सिद्दीकी मार्केट में नमकीन की फैक्ट्री है। रविवार की रात वह फैक्ट्री को बंद कर ताला लगा कर घर चले गये। रात को किसी समय अज्ञात चोर फैक्ट्री पर पहुंचे और पिछला दरवाजा तोड़ कर फैक्ट्री के अंदर प्रवेश कर गये। इसके बाद चोरों ने फैक्ट्री में रखे 5200 रुपये के सिक्के, 13000 रुपये नकद, नमकीन ले गये। सुवह होने पर 10 बजे के करीव जब वह फैक्ट्री में पहुंचा तो देखा कि फैक्ट्री में नकब लगाने के अलावा चोरों ने पिछला दरवाजा तोड दिया। इससे पहले भी चोर 15 जून को फैक्ट्री की खिड़की तोड कर 21 बोरी नमकीन, 2300 रुपये के सिक्के चोरी कर चुके हैं। मामले की जानकारी चौकी पुलिस को दी गई थी इस के बाद भी चोरों को नहीं पकडा जा सका। इससे चोर आये दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

# बाढ़ से निपटने के इंतजाम परखने के लिए अफसर पहुंचे मेहंदीघाट

कार्यालय संवाददाता कन्नौज


मेहंदी घाट पर मॉक ड्रिल को लेकर व्यवस्थाएं परखतीं एसडीएम सदर नवनीता राय, नायब तहसीलदार भारत मौर्य व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भविष्य में बाढ़ के हालात बनने पर उससे निपटने को लेकर प्रशासन की तरफ से तैयारी तेज हो गई है। इस क्रम में 26 जून को होने वाले पूर्वाभ्यास को लेकर एसडीएम सदर नवनीता राय के नेतृत्व में तहसील की टीम ने मेहंदीघाट पहुंचकर व्यवस्थाएं को जायजा लिया।

एसडीएम सदर ने बताया कि राहत आयुक्त कार्यालय लखनऊ तथा जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में 26 जून 2025 को मेहंदी घाट स्थित बाढ़ राहत चौकी पर बाढ़ से निपटने की तैयारी के संबंध में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल में पुलिस विभाग, पीएसी, राजस्व विभाग, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, चिकित्सा विभाग, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा, पशु चिकित्सा विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, होमगार्ड विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, सूचना विभाग, विद्युत विभाग,,स्वत रोजगार विभाग, परिवहन विभाग, पंचायती राज विभाग, जिला पंचायत तथा नगर विकास प्राधिकरण , युवा कल्याण विभाग, सिंचाई विभाग जल निगम तथा उद्योग विभाग साझेदारी करेंगे। इसी के दृष्टिगत सोमवार को तहसील सदर कन्नौज से राजस्व टीम द्वारा तैयारी की रूपरेखा बनाई गई तथा व्यवस्था का जायजा लिया गया। अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर तहसीलदार अभिनव वर्मा, नायब तहसीलदार भारत मौर्य, आपदा प्रबंधन विभाग से जयलक्ष्मी आदि जिम्मेदार मौजूद रहे।

# तीन लोगों ने गटका कीटनाशक पदार्थ हालत गंभीर

**कायमगंज (फर्रुखाबाद)।** तीन लोगों ने कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे तीनों की हालत गंभीर हो गई। कायमगंज नगर के मोहल्ला नोनियमगंज निवासी रामजी कौशल (32) कोतवाली क्षेत्र के गांव पचरौली महादेवपुर निवासी रवी (23) कायमगंज नगर के रेलवे रोड निवासी ओमपाल सिंह की 19 वर्षीय पुत्री दीपिका ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया।

जब उल्टियां होने पर तबीयत बिगड़ने लगी तभी परिजनों को जानकारी हुई। इसके बाद आनन-फानन में तीनों के परिजन गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर आए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए तीनों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## काली नदी पर सियासत


**कन्नौज।** यह दृश्य सोमवार को महादेवी घाट का है। यही वो स्थान है जहां काली नदी व गंगा का संगम होता है। मिट्टी के तट पर ही दोनों नदियां यहां मिल रहीं हैं। पहले काली है तो दूसरी ओर गंगा नदी है। इन दिनों राजनीतिक गलियारों में काली नदी पर सियासत तेज है।

# किसानों को दी जरूरी जानकारी

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज



किसानों को जानकारी देते डॉ. अमर सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** खरीफ में धनिया की फसल में आने वाली जड़ सड़न की समस्या व भूमि एवं बीज शोधन के विषय में उद्यान वैज्ञानिक के द्वारा किसानों को जागरूक किया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह ने ग्राम सियरमऊ में धनिया उत्पादन तकनीक विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण में किसानों को बताया कि धनिया में बैड तकनीक का प्रयोग करने से धनिया की सड़न की समस्या को कम करके उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए किसान खेत की तैयारी के समय के समय 75 सेमी चौड़ी बेड एवं 30 सेमी चौड़ी नाली के हिसाब से खेत को तैयार करें। धनिया की हरी पत्ती हेतु बैड पर 25 से 30 किग्रा की दर से बीज की बुवाई करने की सलाह दी। बैड पर बुवाई तकनीक से प्रति हे. 40 से 45 कुं. उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। केन्द्र के मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने जल शक्ति अभियान व मौसम परिवर्तन, वर्षा की संभावना तकनीक की जानकारी किसानों को दी।

### किशोर की मौत से परिजनों में मची चीख पुकार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम मीरपुर निवासी धर्मेन्द्र (17) पुत्र राजेश कुमार बीते दो दिनों से बीमार चल रहा था। सोमवार की सुबह पेट में तेज दर्द होने पर परिजन उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां से जिला अस्पताल ले जाते समय एंबुलेंस में उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई।

**बेदखली सूचना**

सूचित हो मेरा छोटा पुत्र बृजेश उर्फ नीरज पुत्रवधू प्रीती व प्रपौत्र शिवा मेरी सभी संपत्ति मेरे जीते जी हड़पने के लिए हमारे साथ आए दिन सार्वजनिक रूप से बेइज्जत व मारपीट करते हैं और जान से मारने की धमकी देकर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। इन कृत्यों से तंग आकर हम अपने बेटे, बहू व प्रपौत्र को अपनी समस्त चल-अचल चल संपत्ति से बेदखल करती हूं। उक्त द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा वह तीनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। **सत्यवती चौरसिया पत्नी स्व0 सूबेदार चौरसिया निवासी- मोहल्ला चौहट्टा, थाना - कन्नौज, जनपद-कन्नौज**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरे पुत्र राकेश साहू व उसकी पुत्रियाँ सविता साहू, पायल साहू व एक पुत्र आदित्य साहू का व्यवहार मेरे प्रति बहुत ही खराब हो गया है, ये लोग हर तरह से मुझे प्रताड़ित व अपमानित करते हैं जिससे मुझे मानसिक पीड़ा होती है अतः मैं अपने पुत्र राकेश साहू व पौत्रियो व पौत्र से सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ, अपने कृत्यों व लेनदेन के लिये वे लोग स्वंय जिम्मेदार होगें। **जगदेव प्रसाद पुत्र श्री धनीराम निवासी- 555क/495 सर्वागीण विकास इन्टर कालेज के पास, कनौसी, मानक नगर, लखनऊ,**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **दिनेश कुमार पुत्र नत्थू निवासी ............मो0 बखरिया टोला नगर पंचायत बेलहरा थाना मो0 पुर खाला तहसील पतेहपुर जिला- बाराबंकी** । मैने अपने पुत्र शुभम के क्रिया कलापों से परेशान होकर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उससे अब मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहा है । अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित करना है कि मेरा एमए प्रथम वर्ष (एमएलके पीजी कालेज बलरामपुर) वर्ष 2021, अनुक्रमांक 21801430110010 का अंकपत्र कहीं गुम हो गया है। **मुस्कान श्रीवास्तव पुत्री भूपेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मुहल्ला पूरबटोला, तहसील व जनपद बलरामपुर**

**सूचना**

सूचना मैने अपना नाम SALMAN KHAN से बदलकर MOHD SALMAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। FATHER NAME-MOHAMMAD YAQOOB ADD-147/13 GOIN TOLA AMINABAD DIST-LUCKNOW -226018 (U.P)

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **कन्धई सुत्त स्व0 दुखी, निवासी- ग्राम व पो0-पतीपुर थाना शिवगढ़ तहसील लम्भुआ जिला सुलतानपुर** , मेरे बेटे व बहू का चाल-चलन ठीक नहीं है उक्त दोनों पति-पत्नी मेरी सेवा सुश्रुवा दवा इलाज नहीं कराते है इसलिए मैने अपने बेटे देवी लाल सुत व बहू शोभावती पत्नी देवीलाल पुत्री सरजू प्रसाद निवासी उपरोक्त को अपने पूरे होशो हवास में अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं तथा इनके द्वारा भविष्य में किए गये किसी भी कुकृत्य या असामाजिक कार्य से मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा ।

**सख्ती** डीएम ने एडीओ पंचायत से आज तक मांगी सामुदायिक शौचालय की जांच रिपोर्ट, जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में बैठक की

# एप्रोच मार्ग की गुणवत्ता खराब, सचिव पर होगी कड़ी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सहभागिता योजना के तहत जो गोवंश दिए गए हैं और जिनकी 2 से 4 माह में मृत्यु हो गई है, उसके कारण तलाश कर जांच की जाए। एडीओ पंचायत सौरिख बीलमपुर सौरिख में सामुदायिक शौचालय की जांच कर 24 जून तक रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। सहरोई सौरिख में विद्यालय के लिए एप्रोच मार्ग बनाने में गुणवत्ता खराब मिलने पर ग्राम पंचायत अधिकारी पर कार्रवाई की जाए। यह निर्देश डीएम ने बैठक में दिए।

सोमवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, गो-आश्रय स्थल, जीरो पावर्टी अभियान, सांसद एवं विधायक निधि को लेकर बैठक की। डीएम ने सीवीओ डॉ. अनिल कुमार को निर्देश दिए कि सभी गो-आश्रय स्थलों में पौधरोपण के लिए गड्ढे 5 दिनों में खोद लिए जाएं। ट्री-गार्ड या बाड़बंदी की व्यवस्था भी की जाए। कहा कि जो भी पौधे लगाए जाएं, वह तैयार हों, गिनती गिनाने के लिए पौधे न लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाए। आश्रय स्थलों पर बीमार गोवंश के लिए अलग से कक्ष बनाया जाए। बीमार या घायल गोवंश की समय से इलाज होना चाहिए। डीएम ने स्पष्ट किया कि खेल मैदान, मनरेगा पार्क, विलेज हॉट हो, या फिर हर्बल गार्डन आदि का कार्य निर्धारित टाइम लाइन के तहत पूरा हो जाए। पौराणिक स्थल या मंदिर हैं वहां आने-जाने का रास्ता, चबूतरे की मरम्मत, झाड़ियों की साफ-सफाई, पौधरोपण आदि कार्य समय से करा लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जीरो पावर्टी अभियान के तहत आवास योजना में 6144 पात्र लाभार्थियों के पात्रता सूची में नाम हैं, उन्हें समय से आवास की स्वीकृति एवं किस्तों का भुगतान किया जाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, खाद्य सुरक्षा योजना योजनाओं का लाभ पात्रों को समय से देने के निर्देश दिए।

### जलालाबाद, उमर्दा के काम पर नाराजगी

फैमिली आईडी में ब्लॉक जलालाबाद के 34 एवं उमर्दा के 40 आवेदन लंबित पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। डीएम ने जून अंत तक कार्य 55 प्रतिशत से अधिक पूरा करने को कहा। उन्होंने सांसद एवं विधायक निधि के कार्यों की समीक्षा कर वित्तीय वर्ष 2024-25 के कामों को 15 अगस्त तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में सीवीओ डॉ. स्वदेश गुप्ता, डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी, उपायुक्त मनरेगा दिनेश यादव, बीएसए संदीप कुमार, डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश व एपीओ धनंजय शुक्ल रहे।

## आज का मौसम

मंगलवार को बादल छाए रहने के साथ ही गरज चमक संग बारिश होने की संभावना है।

33.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 17 | सूर्यास्त 07 : 08

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## एक नजर

### छिबरामऊ में मां-बेटी करंट लगने से झुलसीं

**छिबरामऊ, कन्नौज।** घर की छत पर बंधे लोहे के तार पर सूख रहे कपड़े उतार रही किशोरी को करंट लग गया। इससे वह तार में चिपक गई। बचाने पहुंची उसकी मां भी करंट की चपेट में आकर अचेत होकर गिर पड़ी। परिजनों ने मां बेटी को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। कसावा चौकी क्षेत्र के ग्राम नगला तारपार निवासी 17 वर्षीय पायल पुत्री सुधीर कुमार सोमवार को अपने घर की छत पर बंधे लोहे के तार पर सूखने के लिए पड़े कपड़े उतार रही थी। तभी किसी प्रकार वह करंट लगने से झुलस गई। घटना देख पुत्री को बचाने आईं उसकी 45 वर्षीय मां साधना भी करंट की चपेट में आकर अचेत होकर छत पर गिर पड़ी। गिरने की आवाज सुनकर ऊपर पहुंचे परिजनों ने दोनों को उपचार के लिए एम्बुलेंस से सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उनका प्राथमिक उपचार चल रहा है।

### अलग-अलग स्थानों पर मारपीट में तीन घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थान पर पारिवारिक विवाद को लेकर लाठी डंडे चले। इसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम नदसिया निवासी रेखा देवी पत्नी देवेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि 23 जून की शाम उसके देवर और देवरानी ने पारिवारिक विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। वही मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आए उसके ससुर सुदामा प्रसाद को भी मारपीट कर घायल कर दिया। क्षेत्र के ग्राम जसौरा निवासी रामेंद्र पुत्र राजा राम ने बताया है कि गांव के ही एक युवक ने 04 जून 2025 की दोपहर गांव के एक बाग में उसकी नातिन मंजू के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक घायल, हालत गंभीर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दो बाइकों की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। इसमें एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल युवक के भाई ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम धीरपुर निवासी नागेंद्र पुत्र छोटेलाल ने पुलिस को बताया है कि 03 जून 2025 की शाम 04 बजे उसका भाई संदीप कुमार बाइक पर सवार होकर सद्दूपुर से घर वापस आ रहा था। तभी नौरंगपुर चौराहे के समीप सामने से तेजी एवं लापरवाही से चली आ रही बाइक के अज्ञात चालक ने उसके भाई की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सौरिख के सुल्तानपुर गांव में प्रेमिका को गोली मार आत्महत्या का मामला, पुलिस कर रही जांच

# कमरे के बाहर सोते रहे माता पिता, भनक तक नहीं लगी

**संवाददाता सौरिख, कन्नौज**

**अमृत विचार।** सौरिख के सुल्तानपुर गांव में हुई सनसनीखेज वारदात को लेकर कुछ सवाल भी खडे हो गए हैं। खास बात यह है जिस कमरे में दीप्ती व उसकी बहन सो रही थीं उसके बाहर ही माता पिता भी सोए थे। ऐसे में बेटी पर गोली चली लेकिन उन्हें इसकी भनक तक नहीं लगी, यह बात संदेह पैदा कर रही है।

सोमवार सुबह क्षेत्र में हड़कंप मच गया जब दीप्ती का रक्तरंजित शव उसके कमरे में मिला और उसके प्रेमी का तालाब के पास। इसके बाद जिसने सुना वह ही मौके पर पहुंच गया। इधर पुलिस बल के साथ लोगों की भी भारी भीड़ जमा हो गई। हर ओर इसी घटना को लेकर चर्चा हो रही थी। बताया गया कि दीप्ती के कमरे के पास ही माता पिता भी सोए थे। रात में किसी समय युवक घर में घुसा और दीप्ती के माथे पर गोली मारकर फरार हो गया लेकिन उन्हें पता भी नहीं चला। यह कैसे हो सकता है कि गोली की


प्रेमिका के घर में मुस्तैद पुलिस — अमृत विचार

- पास सोई युवती की बहन के कपड़ों पर खून के निशान नहीं
- पुलिस बल के साथ लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई

आवाज नहीं सुन सके। इसके बाद युवक ने बंदूक से ही अपनी कनपटी पर गोली कैसे मार ली यह भी पुलिस के लिए जांच का विषय है। खास बात यह भी है कि पास सो रही बहन के कपड़ों पर खून का कोई निशान नहीं मिला जबकि गोली लगने से दिमाग से निकला खून व मांस के टुकड़े पीछे की दीवार तक पहुंचे थे। पुलिस इन बिंदुओं पर भी जांच कर रही है।

यहां बता दें कि दीप्ती बीएससी फाइनल की छात्रा थी। परिवार में छोटी बहन दीपांशु और एक भाई अभिषेक है, जबकि देवांशू उर्फ अन्नू दो भाई और दो बहन है। दीप्ती के पिता अशोक बिजली विभाग में लाइनमैन के पद पर तालग्राम में तैनात हैं। घटना से उनके परिवार में कोहराम मच गया।


इस तालाब के निकट मिला प्रेमी का शव — अमृत विचार

### प्रेमिका की शादी तय होने से भड़क गया देवांशु

**सौरिख।** प्रेम प्रसंग की जानकारी होते ही परिजनों ने दीप्ती की शादी तय कर दी थी। इसकी जानकारी प्रेमी को जब हुई तो वह बुरी तरह से भड़क गया। उसने पहले तो मंगेतर को धमकियां देना शुरू किया तथा लड़की के भाई को भी जान से मारने की धमकी दी। इससे परेशान परिवार ने कुछ क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ दोनों परिवार को बुलाकर एक पंचायत रखी जिसमें प्रेमी को दबाव में लेते हुए हिदायत दी कि आज के बाद लड़की से नहीं मिलोगे ना ही किसी को धमकी दोगे। पंचायत में उसने लड़की से सभी संबंध तोड़ने की बात कही थी। इसके बाद उसने घटना को अंजाम दे दिया।


घटना में प्रयोग की गई लाइसेंसी बंदूक।

### फॉरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वाड ने एकत्र किए नमूने

**सौरिख।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पहुंची फोरेंसिक टीम एवं डॉग स्कॉट ने घटना से संबंधित नमूने एकत्र किए। इसमें बंदूक से फिंगरप्रिंट मकान पर दरवाजा से फिंगरप्रिंट तथा दोनों शवो को बारीकी से निरीक्षण किया तथा बरामद कारतूस के खोखे से भी फिंगरप्रिंट लिए गए।

# 450 स्कूलों को समायोजित कराने की हो रही तैयारी

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज**

**अमृत विचार।** जिले में 1459 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इसमें करीब 450 विद्यालयों को समायोजित करने की तैयारी चल रही है। इनमें कम छात्र संख्या बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि जो विद्यालय बचेंगे या पेयर हो जाएंगे उनमें सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी।

बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि जनपद के कई प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालय ऐसे हैं जहां छात्र संख्या काफी कम है। दूसरी ओर ऐसे स्कूलों में शिक्षकों की संख्या भी अधिक है। इन विद्यालयों के बच्चों को निकट के दूसरे स्कूल में पढ़ाया जाएगा। स्टॉफ बढ़ जाएगा। साथ ही शासन की ओर से अन्य जरूरत वाली सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की जाएगी। बीएसए कार्यालय में ऐसे स्कूलों की सूची बन रही है जिनको समायोजित किया जा सकता है। दूसरी ओर कई शिक्षक संगठन व प्रदेश के विपक्षी दल परिषदीय स्कूलों को समायोजित करने का विरोध कर रहे हैं।

**तिर्वा, छिबरामऊ में भी बनेंगे मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय :** जिले की तीनों तहसीलों में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय बनेंगे। बीएसए ने बताया कि शहर के निकट गदनपुर बड्डू में प्रस्ताव पास हो चुका है। करीब 10 एकड़ जमीन में विद्यालय का निर्माण कार्य कराया जाएगा। पहले मैदान को समतल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तिर्वा व छिबरामऊ तहसील क्षेत्र में भी जगह चिह्नित की जा रही है। इसमें ठठिया व सराय प्रयाग स्थान शामिल हैं। आने वाले समय में ब्लॉक व न्याय पंचायत स्तर पर भी ऐसे विद्यालय खोले जाएंगे।



- बेसिक शिक्षा कार्यालय में बन रही है सूची, छात्र संख्या से हुए चिह्नित
- बीएसए बोले, प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी

# विधानसभा चुनाव के पहले से डटे दो एसडीएम का तबादला

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज**

- तिर्वा तहसील में तैनात हैं दोनों ही पीसीएस अधिकारी
- अशोक कुमार का आजमगढ़ तो उमाकांत तिवारी का बस्ती तबादला

**अमृत विचार।** जिले में वर्ष 2022 के विधानसभा क्षेत्र के चुनाव से पहले के डटे दो एसडीएम का गैरजनपद तबादला हो गया है। उनके स्थान पर दो पीसीएस अधिकारियों को यहां भेजा गया है। कहा जा रहा है कि जल्द ही नए अधिकारी कार्यभार ग्रहण करेंगे।

रविवार की देर रात पीसीएस अफसरों के तबादले की सूची जारी हुई। इसमें तिर्वा तहसील में तैनात एसडीएम अशोक कुमार का स्थानांतरण आजमगढ़ के लिए हो गया। इसी तरह तिर्वा न्यायिक एसडीएम उमाकांत तिवारी का तबादला बस्ती किया गया है। दोनों ही अधिकारी पिछले विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन से पहले जनपद में आ गए थे।

एसडीएम अशोक कुमार छिबरामऊ में भी तैनात रहे चुके हैं। लंबे समय से वह तिर्वा में डटे हैं। इसी तरह उमाकांत तिवारी जिले की तीनों तहसीलों में प्रशासनिक व न्यायिक कमान संभाल चुके हैं। सोमवार को उन्हें कार्यमुक्त भी कर दिया गया। दूसरी ओर जौनपुर में तैनात राजेश कुमार और बदायूं के विजय कुमार मिश्र को कन्नौज जिले में तैनाती दी गई है। बताया गया है कि नए अधिकारियों के आने के बाद तहसीलों में फेरबदल व तैनाती दी जाएगी। हालांकि विशेष सचिव अन्नपूर्णा गर्ग ने जो आदेश जारी किए हैं उसमें कहा है कि प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा किए बगैर तत्काल नवीन तैनाती वाले जिले में कार्यभार ग्रहण करना सुनिश्चित करें। स्थानांतरित अधिकारी को कोई छुट्टी नहीं दी जाएगी व तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाए।

# मक्के के खेत में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**कार्यालय संवाददाता कन्नौज**

**अमृत विचार।** आसकरनपुर्वा गांव के निकट मक्का के खेत में ग्रामीण का शव पेड़ से लटका मिला। परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। एक दिन पहले गांव के ही कुछ लोगों से कहासुनी हुई थी। मामले की शिकायत पर डायल 112 युवक की तलाश में आई थी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव आसकरनपुर्वा निवासी अबकल कश्यप (42) पुत्र लल्लू कश्यप का शव गांव के निकट एक मक्का के खेत में खडे जंगली नीम के पेड़ पर शर्ट के फंदे से लटका मिला। वह रविवार की शाम से गायब था। परिजन उसे खोज रहे थे पर पता नहीं चला। सुबह होने


घटना स्थल पर लगी लोगों की भीड व मौजूद पुलिस — अमृत विचार

पर एक शिकायत पर डायल 112 पुलिस खोजने आई थी। सोमवार को 11 बजे के निकट जब कुछ लोग खेत पर गये तो उसका शव मक्का के खेत में खड़े नीम के पेड़ से लटका मिला।जानकारी होते ही परिजनों व गांव के लोगों की मौके पर ही भीड लग गई। सूचना पर कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथमौके पर पहुंचे और छानबीन की। परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का

- परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, आसकरनपुरवा में घटना

आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मामले में मृतक की पत्नी ने गांव के ही कुछ लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। इस में उक्त लोगों पर धमकी देने का आरोप लगाया था। जब कि उक्त लोगों ने पुलिस को खुद तहरीर दी थी। इस तहरीर पर पुलिस दो दिन से युवक की तलाश कर रही थी। आशंका है पुलिस के खौफ के चलते तो अबकल ने आत्महत्या तो नहीं कर ली है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले में हर पहलू पर जांच की जा रही है। जो भी जांच में निकल कर आयेगा उसी के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

# माध्यमिक स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियां बेहतर होंगी

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज**

**अमृत विचार।** माध्यमिक स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियां बेहतर बनाई जाएंगी। विद्यालयों में पहुंचने पर विद्यार्थियों का पहला उद्देश्य अच्छी शिक्षा होती है, वह पूरा की जाएगी। यह बात नए प्रभारी डीआईओएस पप्पू सरोज ने कही है।

उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से जिलेभर के सभी माध्यमिक स्कूलों में कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। उससे पहले विद्यालयों में घास हटा दी जाए और बेहतर ढंग से साफ-सफाई करा दी जाए। बारिश में कीड़े-मकौड़े अधिक होते हैं और सर्पदंश की घटनाएं न हों। प्रभारी डीआईओएस ने बताया कि जल्द ही लिखित में सभी विद्यालयों के लिए आदेश जारी होने वाला है। नए प्रवेश भी बढ़ाए जाएंगे। एक सवाल के जवाब में कहा कि एडेड स्कूलों के शिक्षकों के तबादले को लेकर 29 जून को सूची जारी होने


पप्पू सरोज, प्रभारी डीआईओएस।

- प्रभारी डीआईओएस ने प्रधानाचार्यों को दिए निर्देश
- खेलकूद प्रतियोगिताओं को लेकर 4 जुलाई को खेल शिक्षकों की बैठक भी बुलाई

वाली है। उनके यहां कार्यभार संभालने के बाद 3 आवेदन पेंडिंग थे, जिनको आगे बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा खेलकूद प्रतियोगिताओं को लेकर प्रभारी डीआईओएस ने 4 जुलाई को 4:30 बजे खेल शिक्षकों की कार्यालय में बैठक भी बुलाई है।

# गैंगस्टर में नवाब, नीलू कोर्ट में पेश

**कार्यालय संवाददाता कन्नौज**

**अमृत विचार।** किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी नवाब सिंह यादव व गैंगस्टर के मामले में भाई नीलू यादव को पुलिस ने सोमनवार को गैंगस्टर कोर्टमें पेश किया। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोनों बाइयो को पेशकिया गया।

पॉस्को एक्ट के आरोपी सपा नेता रहे नवाब सिंह यादव और उनके भाई नीलू यादव को गैंगस्टर के मामले में पुलिस ने गैंगस्टर कोर्ट में सोमवार को पेश किया। जहां बचाव पक्ष के वकील शिव कुमार यादव ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई को गलत बताते हुए अपना पक्ष रखा। वहीं शासकीय अधिवक्ता सुधीर पांडेय ने पुलिस की ओर से साक्ष्य पेश किये। जिसके आधार पर न्यायालय में सुनवाई हुई। अभी मामले में गवाही न होने से आगे की जो तारीख लगेगी उस में गवाही होगी। गैंगस्टर मामले में नवाब सिंह यादव बांदा और नीलू यादव कौशाम्बी जेल में बन्द हैं।


गैंगस्टर कोर्ट में नवाब सिंह यादव व भाई नीलू यादव को पेश करने ले जाती पुलिस।

- पुलिस ने समर्थकों को नही फटकने दिया

इन दोनों भाइयों को इससे पहले तारीख में पुलिस कोर्ट लाई थी। जहां दोनों भाइयों की कोर्ट हवालात में मुलाकात हुई थी।

इसके बाद 23 जून को एक बार फिर दोनों भाइयों की पेशी के दौरान कन्नौज कोर्ट में मुलाकात हुई। खास बात यह रही कि इस वार पुलिस दोनों भाइयों को एक साथ कोर्ट लेकर पहुंची। कोर्ट में पेश को लेजाते समय बाहरी जनपदों के अलावा स्थानीय व जनपद के अन्य कोतवाली की पुलिस को लगाया गया था जो पूरी सुरक्षा के साथ कोर्ट के अंदर लेकर पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों को व उनके समर्थकों को उनके निकट तक फटकने नहीं दिया गया। कोर्ट में पेश करने के बाद दोमों भाइयों को संबंधित जेल के लिये रवाना कर दिया गया।

# अवैध रूप से संचालित 12 नर्सिंगहोम पर विभाग मेहरबान

**कार्यालय संवाददाता कन्नौज**

- संचालक लाइसेंस लेने को सीएमओ दफ्तर के चक्कर काट रहे
- डीएम ने इन नर्सिंगहोम को बंद कराने के दिये थे निर्देश

**अमृत विचार।** जांच में अवैध रुप से चलते मिले 12 नर्सिंगहोम के खिलाफ विभाग अभी कार्रवाई नहीं करेगा। कारण इनके संचालक लाइसेंस लेने के लिये चक्कर काटने लगे हैं। डीएम ने इन नर्सिंगहोम को बंद करने के निर्देश दिये हैं।

नर्सिंगहोम में लापरवाही से हुई कई मरीजों की मौत के बाद जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के आदेश पर गठित टीमों ने तीनों तहसील क्षेत्रों में लगातार छापेमारी कर 84 नर्सिंगहोमों का निरीक्षण किया था। इस में करीव 55 मानकविहीन मिले थे। इन को सुधारने के निर्देश दिये गये थे। जिलाधिकारी ने अवैध रुप से संचालित 12 नर्सिंगहोम पर विभाग को नजर रखने व इनको बंद कराने के निर्देश दिये थे। इसके बाद विभाग ने सख्ती बरती तो इनके संचालक सीएमओ दफ्तर के चक्कर काटने लगे। उन्होंने अपने नर्सिंगहोम को बंद नहीं किए है। इनमें मरीजों को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। विभागीय सूत्रों की माने तो सीएमओ कार्यालय से अभी इन नर्सिंगहोम को लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। जब कि वह फाइल बनवा कर रजिस्ट्रेशन कराने के लिये चक्कर काट रहे हैं। बताया जाता है कि यह नर्सिंगहोम लंबे समय से विना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे थे पर इन पर नजर किसी विभागीय अधिकारी की नहीं गई। इससे यह सभी बेखौफ होकर अपने कारोबार को अंजाम दे रहे थे। अब डीएम की नजरे टेढ़ी हुई और इन पर कार्रवाई के निर्देश हुए तो सभी लाइसेंस लेने के लिये विभाग के दफ्तर में भाग दौड़ करने लगे।

**बैठक** — जिले की प्रगति 16 फीसदी से अधिक हुई, डीपीओ ने सीडीपीओ को दिए निर्देश

# सभी लाभार्थियों की ई–केवाईसी कराने पर जोर

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज**

**अमृत विचार।** आंगनबाड़ी केंद्रों के सभी लाभार्थियों का ई-केवाईसी कराया जाएगा। इसकी प्रक्रिया भी चल रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) ने ऑनलाइन मीटिंग में निर्देश दिए हैं कि लक्ष्य को समय से पूरा किया जाए।

सोमवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने जूम बैठक में सीडीपीओ व सुपरवाइजर से कहा कि प्रतिदिन का जो लक्ष्य है उसे समय पर फीड किया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को क्षेत्र में भेजा जाए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाएं व बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत होते हैं, उन्हीं की ई-केवाईसी कराई जाएगी। बच्चों के लिए छूट होगी कि उनकी जगह पर अभिभावक का फेस यानि चेहरा पोर्टल में फीड किया जाएगा। अब तक करीब 16 फीसदी से अधिक लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर करीब एक लाख 9 हजार लाभार्थी पंजीकृत हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा है कि सभी लाभार्थी अपने-अपने आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंचकर या कार्यकत्रियों से संपर्क कर ई-केवाईसी जरूर करा लें। इसके बिना सूखा राशन मिलना संभव नहीं होगा। शासन का जोर ई-केवाईसी कराने पर है।


सीडीपीओ व सुपरवाइजर के साथ ऑनलाइन मीटिंग करते जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा। — अमृत विचार

**काम न करने वाली कार्यकत्रियां चिह्नित:** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि वह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां भी चिह्नित हो रहीं हैं जिन्होंने अब तक एक भी ई-केवाईसी नहीं की है। चार दिन पहले यह संख्या 400 के करीब थी। अब आंकड़ा 200 के आसपास आ गया है। अधिकारी ने सभी कार्यकत्रियों को ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए हैं।

# दुर्घटना में नहीं मरा शिवम, हत्या हुई

**कार्यालय संवाददाता कन्नौज**

**अमृत विचार।** शिवम की मौत के मामले में परिजन व सगे संबंधी एसपी से मिले। उन्होंने सही तरह से जांच कराने की मांग की। कहा शिवम् की दुर्घटना में मौत नहीं हुई बल्कि हत्या की गई है।

बीते सप्ताह बेहरिन गांव के निकट घायल अवस्था में पडे मिले बोर्डिंग मैदान मोहल्ला अशोक नगर निवासी शिवम सिंह के मामले में परिजन सोमवार को एसपी से मिले। उन्होंने एसपी से मामले की गंभीरता से जांच कराने की मांग की। कहा कि शिवम् की दुर्घटना नहीं बल्कि उनकी हत्या की गई है। मामले में हर पहलू पर गंभीरता से जांच कराई जाये तो मामले का खुलासा हो सकता है। शिवम् सीधा युवक था वह किसी काम से तिर्वा गया था शाम को घर वापस आते समय आईटीआईके निकट वह घायल अवस्था में पडा मिला था । उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई थी।


एसपी से मिलने जाते शिवम के परिजन व सगे संबंधी। — अमृत विचार

- परिजन व सगे संबंधी एसपी से मिले और रखी मांग

इस मौके पर एसपी विनोद कुमार व एसपी अजय कुमार से मिलने पहुंचे लोगों में तालग्राम ब्लॉक प्रमुख राजीव ठाकुर, श्यामजी मिश्रा, पंकज ठाकुर, सचिन, विशाल शुक्ला, नकुल शर्मा, शिवम् मिश्रा, शिवम् का भाई जितेंद्र चौहान, बहन रूबी ठाकुर, शिवम के पिता,छोटू तिवारी समेत कई लोग रहे।

# सहकारिता संचालन के लिए निदेशक की जारी हुई सूची

## 30 को होगा अध्यक्ष का चुनाव, सपा ने चुनाव का किया बहिष्कार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** दि फर्रुखाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक फतेहगढ़ की बैंक प्रबंधन कमेटी के संचालकों के निर्वाचन एवं नामांकन किए गए।

निर्वाचन अधिकारी रजनीकांत पांडे और सहायक निर्वाचन अधिकारी बृजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि सोमवार को सुबह 10:00 बजे से 4:30 बजे तक नामांकन प्रक्रिया हुई। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अन्य समितियां के लिए बृजेश कुमार पुत्र लाल सिंह का नामांकन हुआ। अनारक्षित पद पर कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि अमृतपुर अनारक्षित सीट के लिए भास्कर दत्त द्विवेदी ने नामांकन किया। कन्नौज आरक्षित अनुसूचित जाति के लिए अरविंद कुमार ने नामांकन किया कायमगंज अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कुलदीप गंगवार अनारक्षित सीट के लिए प्रदीप कुमार ने नामांकन किया तिर्वा महिला सीट सुधा सिंह ने और अनारक्षित सीट पर राजेश त्रिपाठी ने नामांकन किया फर्रुखाबाद अनारक्षित सीट पर दूसरी अनारक्षित सीट पर लक्ष्मी देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। लेखा कृषि बैंकिंग प्रबंधन एवं विधि विशेषज्ञ के सीट के लिए विधि के लिए रमन सिंह लेखा बैंकिंग के लिए अशोक कुमार वर्मा और अर्थशास्त्र के लिए नरेश नरेश चंद्र ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। 13 नामांकन में से 12 दाखिल हुए हैं। 25 जून को खाना पूर्ति की जाएगी, 30 जून को अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया जाएगा । समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने बताया कि वह इस चुनाव में भाग नहीं लेंगे।

### कुलदीप गंगवार हो सकते पुनः अध्यक्ष

- भाजपा वर्तमान कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष कुलदीप गंगवार को पुन: इसी पद पर काबिज करने के लिए पूरी जुगत लगा रही है जबकि कन्नौज जनपद से उपाध्यक्ष पद के लिए राजेश त्रिपाठी की प्रबल दावेदार है क्योंकि इन पदों के लिए भाजपा के अलावा किसी अन्य ने नामांकन नहीं।

# पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी का मनाया बलिदान दिवस

**फर्रुखाबाद ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनसंघ के संस्थापक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस कार्यक्रम को मसेनी रोड स्थित गेस्ट हाउस में भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा की अध्यक्षता में संगोष्ठी के रूप में मनाया गया।

मुख्य अतिथि कन्नौज के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कहा जनसंघ के प्रथम संस्थापक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत माता के सच्चे सपूत थे। आजादी के बाद देश की प्रथम सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में उन्होंने कश्मीर में परमिट व्यवस्था को लेकर आवाज बुलंद की। कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति के खिलाफ आवाज उठाते हुए कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा देकर कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए आंदोलन कर दिया। उन्होंने कहा था कि एक देश में दो विधान दो प्रधान नहीं चलेंगे। इस आंदोलन में उनकी रहस्यमय मृत्यु हो गई।

# लोकतंत्र सेनानी समिति 25 को लखनऊ में करेगी गोष्ठी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- आपातकाल का काल खंड किया जाए पाठ्यक्रम में शामिल
- लखनऊ के केडी सिंह स्टेडियम के सामने होगी गोष्ठी

**अमृत विचार।** आपातकाल लोकतंत्र सेनानी समिति के प्रदेश अध्यक्ष किशोर मिश्रा एडवोकेट ने कहा कि 25 जून को लखनऊ के केडी सिंह स्टेडियम के सामने आपातकाल के विरोध में गोष्टी कर दीप प्रज्वलित कर विरोध प्रकट किया जाएगा ।

उन्होंने प्रदेश भर के लोकतंत्र सेनानियों से अधिक से अधिक लखनऊ पहुंचने का आवाहन किया है 1 उन्होंने कहा कि 25 जून सन 1975 को अपनी सत्ता और कुर्सी बनाये रखने की नियत से तत्कालीन प्रधानमंत्री ने आपातकाल घोषित कर दिया और देश के बुद्धजीवियों तथा अपने विरोधी राजनेताओं को मीसा डी०आई०आर० के अंतर्गत कारागारों में बंद कर दिया। देश की आजादी तानाशाह ने छीन ली। लोक नायक जयप्रकाश तथा अन्य अनेकों लोकतंत्र समर्थकों को यातनायें दी गयीं। प्रजातंत्र का उपहास किया गया। जनता के मौलिक अधिकारों पर कुठाराघात कर तत्कालीन तानाशाह ने शांतिदूत आचार्य विनोवा भावे तक को अपमानित किया।

लोक शक्ति एवं तानाशाह के मध्य संघर्ष में लोकतंत्र विजयी रहा। देश में पुनः लोकतंत्र स्थापित हुआ। आपातकाल में डी०आई०आर० और मीसा के अंतर्गत तानाशाह के कारागारों में बंद रहे। उन्होंने कहा कि समस्त जनपद मुख्यालयों पर लोकतंत्र सेनानियों की स्मृति में एक विजय स्तम्भ की स्थापना की जाये तथा अलोकतांत्रिक शक्तियों के विरुद्ध संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों के नाम उस पर अंकित किये जायें।

## सार-संक्षेप



रुद्राक्ष पाठक को सम्मानित करते कलार्पण के सदस्यगण। अमृत विचार

### लोक जीवन में संगीत के महत्व पर परिचर्चा

**फर्रुखाबाद ।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था कलार्पण द्वारा विश्व संगीत एवं स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विचार एवं संगीत गोष्ठी का आयोजन किया गया । शहर के महादेव प्रसाद स्ट्रीट नटराज भवन में आयोजित विचार एवं संगीत गोष्ठी में कला साहित्य और संगीत की त्रिवेणी आचार्य ओम प्रकाश मिश्र कंचन को याद किया गया ।कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथिगण समाज सेवी संजय गर्ग, राम अवतार शर्मा इंदु, राम मोहन शुक्ल, डॉक्टर सर्वेश श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया ।कार्यक्रम में लोकजीवन में संगीत का महत्व पर परिचर्चा हुई, इसी के साथ युवा बांसुरी वादक रुद्राक्ष पाठक ने बांसुरी वादन की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया । वरिष्ठ कवि राम अवतार शर्मा इंदु ने कहा संगीत जीवन जीने की कला को सीखता है। संगीत मन को मुग्ध और आत्मा को तृप्त कर देता है। वह मानवीय विकारों को दूर करता है। संगीत जीवन में एक औषधि का काम करता है । आचार्य ओमप्रकाश मिश्र कंचन एक श्रेष्ठतम संगीतकार थे। वह सभी वाद्य यंत्रों को बजाने में निपुण थे। पंडित ललन पिया और हाजी बिलायत की खोज उन्होंने ही की थी। फर्रुखाबाद की ठुमरी और फर्रुखाबादी घराना विश्व प्रसिद्ध है । कंचन अच्छे साहित्यकार, एक चित्रकार और नाटककार थे। रुद्राक्ष पाठक ने कहा कि संगीत मात्र मनोरंजन का साधन नहीं है। यह मार्ग साधन से समाधि का है। साकार ब्रम्ह को धैर्य पूर्वक धारण करने का जिससे अंतिम स्वर नि अर्थात निराकार ब्रह्म की प्राप्ति का है । रुद्राक्ष की बांसुरी सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। युवा बांसुरी वादक रुद्राक्ष पाठक को संगीत साधना के लिए सम्मानित किया गया । अध्यक्ष डॉक्टर सर्वेश श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, संचालन गौरव पाण्डेय ने किया । संयोजक दिलीप कश्यप, राम मोहन शुक्ल ने व्यवस्था संभाली। इस मौके पर प्रियांशु पाण्डेय, विशाल श्रीवास्तव, गुड्डू अग्रवाल, अनुराग दीक्षित, नीरज शर्मा, राहुल वर्मा, मनोज कश्यप, संजीव वर्मा आदि लोग मौजूद रहे ।



उद्योग व्यापार मंडल नगर की बैठक में मौजूद युवा व्यापारीगण । अमृत विचार

### व्यापार मंडल की बैठक में उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष का ऐलान

**फर्रुखाबाद ।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर की मीटिंग नवनियुक्त नगर अध्यक्ष अंकित गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन सत्येंद्र गुप्ता उर्फ सीतू नगर महामंत्री ने किया। बैठक में व्यापारियों ने एकजुट होकर व्यापारी के साथ मजबूती से खड़े होने की बात कही, अब किसी भी व्यापारी के साथ किसी भी प्रकार का कोई उत्पीड़न होता है तो हम सभी लोग अधिकारियों का घेराव व सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया। इस मौके पर संरक्षक मंडल डॉ .अरविंद गुप्ता, नीरज मिश्रा, कन्हैया लाल गुप्ता, राजाराम जाटव, शंकर लाल गुप्ता, राकेश राठौर, गौरव गुप्ता, रमेश चंद्र गुप्ता, नरेंद्र वर्मा, राधेश्याम वर्मा, रविकांत गुप्ता फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष, अवधेश गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गौरव गुप्ता नगर उपाध्यक्ष, सलमान खान, मीडिया प्रभारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### सीएचसी में डॉक्टर आदर्श गौतम की नियुक्ति हुई

**कालपी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डॉ . आदर्श गौतम को चिकत्सक के पद पर तैनात किया गया है। इससे पहले वह राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में चिकित्सक के तौर पर कार्यरत रह चुके हैं। उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में स्वास्थ्य सेवाओं में अच्छा योगदान दिया है। अपनी सेवाओं के लिए डॉ गौतम काफी विख्यात रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डॉ डी एन शर्मा के स्थानांतरण आदेशों का अनुपालन करते हुए डॉक्टर आदर्श गौतम के द्वारा कालपी चिकित्सालय में जॉइनिंग कर ली गई है।

### बाइक में टंगा थैला फटने से 3 लाख रुपये गिरे

**कालपी।** नगर के फुल पावर चौराहे पर झोला फटने से व्यापारी के तीन लाख रुपये गिर गए। पीड़ित व्यापारी ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। शहर के मोहल्ला पाठक पुरा निवासी मनोज ईटा व्यापारी हैं। जो तीन लाख रुपये झोले में रख कर सोमवार को बुलेट से उरई से पुखरायां भट्टा व्यापारियों के यहां देने जा रहे थे। जब वह कालपी नगर के फुल पावर चौराहे के समीप भाजपा कार्यालय के सामने पहुंचा तब उसकी निगाह रुपये के झोले पर गई। झोला तो टंगा था पर उसमें रखे रुपये गायब थे। व्यापारी ने बताया कि बाइक के गरम साइलेंसर से झोले का नीचे का हिस्सा धीरे-धीरे जल गया और तभी झोले में रखे रुपये गिर गए। व्यापारी ने कोतवाली कालपी पहुंचकर तहरीर दी। जिस पर प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद अशरफ वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश सिंह पुलिस बल के साथ फुल पावर पहुंच कर पूरी सड़क में भ्रमण कर जायजा लिया। साथ में झोले से गिरे रुपयों को पुलिस खोजती रही।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**कालपी ।** सोमवार की सुबह कालपी हाईवे रोड पर तेज रफ्तार बाहन ने पीछे से मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक पर बैठे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सन्दी निवासी सद्दू पुत्र राम नारायण 45 वर्ष तथा वीरेंद्र कुशवाहा पुत्र प्रेम बाबू अपनी मोटर साइकिल से अपने गांव से कालपी जा रहे थे। सोमवार की सुबह जोल्हूपुर मोड - कालपी हाईवे रोड में ग्राम मोती नगर के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार सद्दू तथा वीरेंद्र कुशवाहा को गम्भीर चोट आई है। दोनों घायलों को इलाज के लिए उरई चिकित्सालय में पहुंचा दिया।

# पेंशन धारकों की समस्याओं का जल्द करें समाधान

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश वित्त विधेयक 2025 में किए गए पेंशन से सम्बन्धित संशोधनों के विरोध में एवं वरिष्ठ पेंशन भोगियों की समस्याओं के समाधान की मांग की है ।

संस्था के संयोजक सेवानिवृत्त सहायक कोषाधिकारी अखिलेश अग्निहोत्री ने कहा कि 25 मार्च 2025 को संसद में पारित वित्त विधेयक 2025 के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचित निधि पेंशन देयताओं पर व्यय के संदर्भ में पेंशन नियमों और सिद्धांतों की सत्यता के नाम पर किए गए संशोधन अत्यंत प्रक्रियावादी एवं संविधान विरोधी प्रतीत होते हैं।उन्होंने कहा कि इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य पेंशनभोगियों को सेवानिवृत्ति के आधार पर विभिन्न वर्गों में विभाजित करना और उन्हें भविष्य के संभावित लाभों से वंचित करना है, जो कि (डी.एस.) नकारा बनाम भारत सरकार के ऐतिहासिक निर्णय का स्पष्ट उल्लंघन है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने उक्त निर्णय में कृत्रिम कट-ऑफ तिथि द्वारा पेंशनरों में भेदभाव को संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन माना है।

वित्त विधेयक 2025 से किये गये संशोधन से केन्द्र सरकार के वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप पेंशनभोगियों को मिलने वाले अधिकारों को समाप्त कर देता है और उन्हें भविष्य में किसी भी प्रकार के लाभ से वंचित कर देता है, जो अत्यंत प्रतिगामी है। वित्त मंत्री द्वारा यह कहना कि 'वर्तमान पेंशनभोगियों पर प्रभाव नहीं पड़ेगा, केवल सांत्वना मात्र प्रतीत होती है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगर मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद फतेहगढ़ अमृत महायोजना-2031 के प्रारूप में पांचालघाट-कादरीगेट मार्ग की चौड़ाई 45 मीटर से 25 मीटर कराने व खानपुर, अमेठी जदीद, चांदपुर, अमेठी कोहना व पंचाल घाट को आबादी क्षेत्र कराने के सम्बन्ध में सुशील कुमार गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों नगरिकों के साथ प्रार्थना पत्र द चुके हैं ।

उन्होंने कहा कि पांचालघाट कादरीगेट मार्ग फर्रुखाबाद पर पड़ने वाले गांवों के निवासी हैं। कई दिनों से शासन द्वारा प्रस्तावित अमृत महायोजना-2031 को जल्द ही लागू कर दिया जायेगा जिसमे पांचालघाट-कादरीगेट मार्ग को 45 मीटर चौडा प्रस्तावित किया गया है जबकि यह मार्ग पांचालघाट वाया कादरीगेट-लालगेट होते हुए रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद पीडब्लूडी रिकॉर्ड में दर्ज है और जिसका मानक अलग-अलग 25 मीटर व 45 मीटर रख दिया गया है जो कि नियमतः महायोजना 2031 में एक मानक होना चाहिए । फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन, फर्रुखाबाद मंडी समिति व फर्रुखाबाद रोडवेज व मुख्य शहर व्यस्त मार्गों के सभी रोड स्टेशन से कादरीगेट तक मिल जाते हैं उनको महायोजना में 25 मीटर ही रखा गया है। जबकि महायोजना 2031 में प्रस्तावित कादरीगेट पांचालघाट में प्रस्तावित 45 मीटर मार्ग पर कोई भी संपर्क मार्ग नहीं है। इस मार्ग को भी उसी मानक के अनुसार 25 मीटर ही रखा जाना चाहिए था । इस सड़क किनारे रहने वालों ने सड़क के मानक के अनुसार ही अपनी वर्षों की गाढ़ी कमाई लगाकर अपने-अपने मकान-दुकान बनाये हुए हैं । महायोजना 2031 में खानपुर, अमेठी जदीद, चांदपुर, अमेठी कोहना व पंचाल घाट जहां दोनों तरफ घनी आबादी बसी हुई है उसको भी आबादी में घोषित किया जाए। ठंडी सड़क से लालगेट एवं लालगेट से कादरीगेट होते हुए पांचालघाट तक एक ही मानक होना चाहिए । उन्होंने कहा कि कादरीगेट से फर्रुखाबाद एवं ठंडी सड़क की सड़क पर दिन भर भीड़ भाड़ रहती है और कादरीगेट से पंचालघाट तक यातायात सुचारू रूप से चलता रहता है। कभी जाम आदि की स्थिति नहीं बनती है। उन्होंने कहा कि पांचालघाट-कादरीगेट मार्ग को 45 मीटर से घटाकर कादरीगेट से लालगेट होते हुए ठंडी सड़क स्टेशन मार्ग की तरह उसी मानक के अनुसार 25 मीटर किया जाए, कहा कि पांचालघाट-कादरीगेट मार्ग को 45 मीटर से घटाकर कादरीगेट से लालगेट होते हुए ठंडी सड़क मार्ग की तरह उसी मानक के अनुसार 25 मीटर कर दिये जाने और खानपुर, अमेठी जदीद, चांदपुर, अमेठी कोहना व पंचाल घाट को आबादी क्षेत्र घोषित कराने के लिए उचित कार्यवाही करने की मांग की है ।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते नागरिक । अमृत विचार

# युवक का मिला शव हत्या की आशंका

संवाददाता उरई जालौन

**अमृत विचार।** । गोहन थाना क्षेत्र में युवक का शव संदिग्ध हालत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। खबर मिलते ही थानाध्यक्ष के साथ सीओ व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। परिजनों द्वारा उसकी हत्या की आंशका जताई जा रही।

गोहन थाना क्षेत्र के गांव सरावन सब स्टेशन बिजली पावर हाउस के पास एक युवक का गला कटा शव मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई ।

सूचना मिलते ही सीओ रामसिंह व थानाध्यक्ष सतीश कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और शव को कब्जे में लिया और शिनाख्त के लिए ग्रामीणों से जानकारी ली। मृतक की पहचान सरावन निवासी सुनील कुमार कुशवाहा के रूप में हुई। खबर मिलते ही गांव के लोगों के साथ परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि गांव के ही दो लोग घर के पास से ही शनिवार की शाम को अपने साथ ले गए थे। दोनों लोग घर लौट आए थे, लेकिन सुनील नहीं लौटा, तो दोनों लोगों से पूछा गया।

लेकिन उन्होंने गोल मोल जबाब दिया और कुछ नहीं बताया। परिजनों का आरोप है कि उसकी धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी और शव को पुलिया के पास डाल दिया गया। मृतक की मां रामदुलारी व पुत्री नीलम ने मुहोल्ला के दो लोगों पर घर के पास से ले जा कर उसकी हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल करने में लगी हुई है। जोभी दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियां तेज

**उरई ।** आगामी एक जुलाई से संचालित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 जुलाई से शुरू होने वाले दस्तक अभियान की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में एक बैठक की गई।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि दिमागी बुखार, जल एवं वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु जनसहभागिता और बहुविभागीय समन्वय बेहद जरूरी है। उन्होंने अभियान को गंभीरता से लेते हुए प्रभावी और परिणाममुखी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क क्षेत्रों में निरोधात्मक कार्रवाई की जाए, जिनमें फॉगिंग, लार्वीसाइड दवाओं का छिड़काव, जलजमाव की सफाई, और करें ताकि मच्छर जनित रोगों के प्रसार को रोका जा सके।

# भाजपा ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

संवाददाता उरई जालौन

- भाजपाइयों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि
- श्यामा प्रसाद के पदचिह्नों पर चलने का लिया संकल्प

**अमृत विचार।** शहर के जेल रोड स्थित आकांक्षा रिसोर्ट में सोमवार को डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। यहां पर बतौर मुख्य अतिथि पधारीं क्षेत्रीय महामंत्री व पार्टी कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के कारण कश्मीर भारत का अभिभाज्य अंग बना। आजादी के बाद पंडित नेहरू एवं शेख अब्दुल्ला के साथ हुए समझौते के तहत जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ था। शेष भारत के लोगों को कश्मीर जाने के लिए वहां के सरकार से विशेष अनुमति लेनी पड़ती थी। जोकि डॉ. मुखर्जी को यह मान्य नहीं था। डॉ. मुखर्जी ने एक देश दो विधान, दो निशान, दो प्रधान के खिलाफ आंदोलन चलाया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 समाप्त कर डॉ मुखर्जी के सपनों को साकार किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की। साथ ही कार्यक्रम को जिला प्रभारी अशोक जाटव ने भी संबोधित किया। इस मौके जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव, राजेश सिंह सेंगर, रामअनुग्रह राजावत, पुष्पेंद्र सिंह सेंगर आदि लोग मौजूद रहे।

# वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**रनियां ।** थाना क्षेत्र के विसायकपुर चौराहे के समीप कानपुर से अकबरपुर की ओर जा रहे युवक को पीछे से वाहन ने टक्कर मार दी। बाद में उसकी मौत हो गई।

कानपुर नगर के नवाबगंज निवासी मनीष सिंह (30) सोमवार को अपनी स्कूटी से अकबरपुर की ओर जा रहे थे। जब वह रनियां थाना क्षेत्र के विसायकपुर चौराहे के समीप पहुंचे। तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मनीष हाईवे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची रनियां थाना पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस से घायल को उपचार के लिए मेडिकल कालेज अकबरपुर भेजा। जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना देकर पंचनामा की कार्रवाई की जा रही है।

बैठक — सभी राशन कार्डों का सत्यापन कराकर अपात्रों को तत्काल सूची से बाहर किया जाए

# पात्रों को समय से करें राशन का वितरण : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जिले में राशन वितरण प्रणाली को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मातहतों को निर्देश देते हुए बैठक की। उन्होंने खाद्य एवं रसद विभाग विपणन संबंधित संचालित योजना एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से कहा कि राशन वितरण में किसी प्रकार की हीला हवाली नहीं होनी चाहिये।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी राशन कार्डों का सत्यापन कराकर अपात्रों को तत्काल सूची से बाहर किया जाए और वास्तव में ज़रूरतमंद पात्र व्यक्तियों को योजना से जोड़ा जाए। कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी खाद्यान्न योजना से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ई-केवाईसी और आधार सीडिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने और 'जीरो पॉवर्टी अभियान' के तहत चयनित लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के निर्देश भी दिए। कहा कि उचित दर दुकानों पर प्रवर्तन जांच अभियान चलाया जाए, वितरण के समय घटतौली या गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं पर कठोर कार्रवाई की जाए।

एफसीआई (भारतीय खाद्य निगम) की लापरवाही पर फटकार लगाते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि समय से खाद्यान्न की लोडिंग व उठान सुनिश्चित करें । उठान और वितरण में विलंब और शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए । सभी जाँच अधिकारी कार्ड धारकों से संवाद कर वितरण व्यवस्था के बारे में जानकारी/ फीडबैक प्राप्त कर कार्यवाही सुनिश्चित करें। सभी स्टेप पर सत्यापन कर कार्यवाही करें । विशेष वितरण के समय नामित नोडल अधिकारी अपनी उपस्थित में ही खाद्यान का वितरण सुनिश्चित करायें। मौके पर अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सूची बनाकर ब्लॉकवार प्रस्तुत की जाए । इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ला, खाद्य विपणन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।





मातहतों को दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय।

**निर्धारित ऊंचाई के निकालें ताजिये : उरई :** आगामी मोहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। इस संबंध में सोमवार को डीएम राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता व एसपी डॉ दुर्गेश कुमार की मौजूदगी मे डकोर थाने में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नई परंपरा कहीं न डाली जाए। ताजिये भी निर्धारित ऊंचाई में ही निकाले जाएं, जिससे कोई दिक्कत न हो। डीएम ने कहा कि बीते वर्षों की तरह इस वर्ष भी प्रेम और सौहार्द के साथ ताजिये निकालें।

# कालपी में अवैध बालू लदे तीन ओवरलोड ट्रकों को किया सीज

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** सोमवार को काशी खेड़ा तिराहे में संयुक्त टीम के द्वारा अवैध खनन के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना प्रपत्रों के अवैध बालू के ओवरलोड 3 ट्रकों को परिवहन करते हुए पकड़ लिया गया। बाद में कार्रवाई करते हुए उन्हें सीज कर दिया गया।

सोमवार को उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ,कालपी पुलिस, राजस्व कर्मियों की संयुक्त टीम ने कालपी के जोल्हूपुर मोड़ - कदौरा मार्ग के काशी खेड़ा तिराहे के समीप अवैध खनन के परिवहन तथा ओवरलोड के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड मौरंग लादे 3 ट्रकों को परिवहन करते हुए पकड़ लिया। संयुक्त टीम के द्वारा अवैध खनन भरे सभी 3ट्रकों को पकड़ कर सीज करने की कार्रवाई की गई। पकड़े गये सभी तीनों वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सीज कर गल्ला मंडी कालपी के परिसर में खड़ा करा दिया गया है। इससे ट्रक चालकों में हड़कंप मच गया।



चेकिंग के दौरान मौजूद एसडीएम, सीओ के साथ अन्य । अमृत विचार

# भागवताचार्य का सिर मुंडवाकर महिला के पैरों पर नाक रगड़वाई

## अपनी जाति छिपाकर भागवत कथा करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप, वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप, एसएसपी से की शिकायत

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार** । क्षेत्र गांव दांदरपुर में भागवतार्या के साथ कुछ लोगों ने अभद्रता की पराकाष्ठा कर दी। उनका सिर मुंडवाकर महिला के पैरों में नाक रगड़वाकर मारपीट कर भगा दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया। बाद में भागवताचार्य ने सपा सांसद, विधायक व अन्य नेताओं के साथ सोमवार को एसएसपी से मिलकर कार्रवाई की मांग की । एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने पांच लोगों को नामजद किया और चार को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि अमृत विचार वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

गांव में 21 जून से 27 जून तक मंदिर पर भागवत कथा का आयोजन था। भागवत में जय प्रकाश तिवारी परीक्षित हैं। भागवत के लिये अछल्दा औरैया के संत कुमार यादव को भागवताचार्य बुक किया गया था। 21 जून को कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकली। रविवार की शाम के समय गांव के लोगों ने कथावाचक पर जाति छिपाने का आरोप लगाया। इसके बाद आयोजकों ने गांव वालों के साथ मिलकर भागवताचार्य व उनके साथियों के साथ मारपीट की और उनका सिर मुंडवाया और परीक्षित महिला के पैरों में सिर रखवाया और नाक रगड़वायी। इसके बाद छोड़ दिया। इस घटना का वीडियो किसी ने वायरल कर दिया। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। सोमवार को पीड़ित भागवताचार्य को लेकर सपा सांसद जितेंद्र दोहरे, विधायक राघवेंद्र गौतम एसएसपी से मिले और कार्रवाई को कहा। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिये। पीड़ित ने पुलिस को दिये शिकायतीपत्र में आरोप लगाया कि कथा के पहले दिन शाम को आरोपियों ने यादव होने के कारण ये कृत्य किया। जबकि उन्होंने पहले ही अपना असली नाम बताया था। वहीं गांव वालों ने भागवताचार्य की तलाशी ली थी, जिसमें उनके पास से दो आधार कार्ड मिले हैं। एक में अछल्दा औरैया का पता लिखा है और नाम मुकट मणी अग्निहोत्री है जबकि दूसरे में निबाड़ी कला इटावा पता लिखा है और नाम मुकट सिंह लिखा है। उधर गांव भागवत करने के लिये नये भागवताचार्य सुखदेव मिश्रा धनुआ खेड़ा जसवंतनगर को बुलाया गया है। इस सम्बंध में एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भागवकताचार्य के केश मुंडवाकर मारपीट की गयी है। मामला दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य की तलाश जारी है।



एसएसपी को ज्ञापन देते सांसद जितेंद्र दोहरे, विधायक राघवेंद्र गौतम व अन्य।



कथा वाचक का सिर मुंडवाते लोग ।

### कथावाचक के दोषियों को मिले सजा : यादव महासभा

**इटावा ।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के अध्यक्ष डॉ. शिवराज सिंह यादव ने एसएसपी को दिए ज्ञापन में कहा है कि एक कथावाचक सन्तसिहं यादव अछल्दा औरैया का निवासी है, जो ग्राम दांदर पुर महेवा थाना बकेवर में भागवत पाठ का कार्य कर रहे थे, तभी गांव वालों को कथावाचक यादव जाति का होने को जानकारी मिलने पर उसके साथ लात घूंसों मारापीटा । इसके बाद सभी गांव वालों के सामने उसका सिर मुंडवाया गया । यादव महासभा दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग करती है । ज्ञापन देने वालों में यादव महासभा के संरक्षक रामनाथ सिंह यादव, प्रमुख महासचिव रामनरेश यादव, शिक्षक प्रकोष्ठ अध्यक्ष वृजेश यादव, योगेश यादव, जगदीश यादव समेत तमाम लोग उपस्थित रहे ।

### इन चार लोगों को किया गया गिरफ्तार

**इटावा ।** एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कथावाचक के केश काटने के मामले में आशीष तिवारी ,उत्तम अवस्थी , प्रथम दुबे व निक्की अवस्थी निवासी गांव दांदरपुर थाना बकेवर को गिरफ्तार कर लिया गया ।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखीं तमाम गतिविधियां



समर कैंप में निशाना लगाते बीएसए डॉ . राजेश कुमार । अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार** । पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल मानिकपुर मोड़, ग्वालियर बाइपास इटावा में आयोजित समर कैंप में छात्र-छात्राएं पूरे उत्साह एवं मनोयोग से भाग ले रहे हैं। इस समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों को रचनात्मक एवं शारीरिक विकास से जुड़ी गतिविधियां कराई जा रही हैं।

समर कैंप में कंप्यूटर का बेसिक नॉलेज, इंग्लिश स्पीकिंग, डांस, सिंगिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, सिलाई, कढ़ाई, क्ले मॉडलिंग, शूटिंग, ताइक्वांडो, क्रिकेट, वॉलीबॉल और बैडमिंटन जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने समर कैंप का निरीक्षण कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं अनुशासित संचालन की प्रशंसा की। समर कैंप का समापन अगले सप्ताह पुरस्कार वितरण के साथ किया जाएगा।

# डंपर के ब्रेक लगाने पर पीछे से घुसी कार, कारीगर की गई जान

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

- पत्नी और बेटी को लेने गांव जा रहा था सराफा कारीगर, चौपला गांव के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार** । फर्रुखाबाद रोड पर चौबिया के चौपला गांव के सामने रविवार रात डंपर के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रही कार उसमें घुस गई। कार चला रहे सराफा कारीगर की मौत हो गई।

मैनपुरी के थाना किशनी के समान कटरा निवासी 27 वर्षीय सत्यम वर्मा शहर के होमगंज में सराफा कारीगर का काम करता था। कुछ दिन पहले उसकी पत्नी और बच्चे गांव गए थे, जहां से उन्हें वापस लाने के लिए वह रविवार रात अपनी कार से उन्हें गांव जाने के लिए निकला था, रात करीब साढ़े 11 बजे फर्रुखाबाद रोड पर चौपला के सामने आगे चल रहे डंपर के ब्रेक लगाने से कार पीछे से डंपर में घुस गई। हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के साथ सत्यम वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे थाना प्रभारी नितिन मलिक ने पुलिस कर्मियों की मदद से कार की सीट में फंसे उसके शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। पास में मिले पहचान पत्र आदि से घर वालों को सूचना दी गई। मृतक के बड़े भाई शिवम और छोटे सुंदरम ने बताया कि सत्यम की तीन साल की बेटी कुक्कू है। थाना प्रभारी विपिन मलिक ने बताया कि डंपर और उसके ड्राइवर को पकड़ लिया गया है, तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# डॉ. मुखर्जी ने किया था धारा 370 का विरोध

कार्यालय संवाददाता इटावा

- भाजपा ने बलिदान दिवस पर आयोजित की गोष्ठी, डॉ. मुखर्जी के पदचिह्नों पर चलने को कहा
- डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का किया वर्णन

**अमृत विचार** । भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में भाजपा ने संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि एमएलसी अविनाश सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने संविधान में चोरी छिपे धारा 370 को जोड़ने का कुत्सित कार्य किया था तो उसका विरोध डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया था। उन्होंने उस समय नारा दिया कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे।

उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ डॉ. मुखर्जी ने देश में आंदोलन चलाया। 1953 में आज ही के दिन उनका बलिदान देश की एकता का आधार बना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मदद से मुखर्जी जी ने सन 1951 में भारतीय जनता पार्टी के पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ की स्थापना की। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक मनाती है। इस दिन भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद करता है । नेहरू के साथ होने के बाद भी नेहरू-लियाकत समझौते का विरोध किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार करते हुए 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाया। संचालन पूर्व जिला मंत्री बासु चौधरी ने किया।

पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, डॉ रमाकांत शर्मा, अजय धाकरे, कार्यक्रम संयोजक देवप्रताप भदौरिया, जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे, शिवकिशोर धनगर, जितेन्द्र गौड़, ममता कुशवाहा, अंशुल दुवे, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सौरभ दीक्षित, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, अवधेश चतुर्वेदी, प्रमिला पालीवाल, मंडल अध्यक्ष अनुग्रह मौजूद रहे।



संगोष्ठी में बोलते एमएलसी अविनाश सिंह चौहान व मंच पर बैठे अन्य नेता।

## सार-संक्षेप



सूचना पर मौके पर मौजूद पुलिस व अन्य लोग अमृत विचार

### नाबालिग की शादी रुकवाई, सखी वन स्टॉप सेंटर भेजा गया

**जसवन्तनगर ।** नाबालिग की शादी होने की सूचना मिलने पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के निरीक्षक अल्मा अहिरवार और बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता, ने उपनिरीक्षक महेश कुमार व बाल संरक्षण समिति सदस्य प्रेम कुमार शाक्य ने मौके पर जाकर होने वाली शादी रुकवाई । किशोरी के किसी रिश्तेदार की डीएम से शिकायत की थी । बालिका को सखी वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया है । जहां से उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाएगा । डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला के पास पहुंचे एक शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि एक नाबालिग की शादी 40 वर्षीय युवक से कराई जा रही है, जोकि कानूनी उल्लंघन है तथा बालिका के भविष्य के लिए भी खतरा है । सिसहाट निवासी 40 वर्षीय युवक से 4 जुलाई को यह शादी होनी तय थी । डीएम के निर्देश पर शादी के लगभग डेढ़ सप्ताह पूर्व ही टीम मौके पर पहुंची । उन्होंने किशोरी के शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच की तो वह नाबालिग पाई गई । दस्तावेजों के आधार पर बालिका की उम्र 15 वर्ष 6 माह के करीब थी । बालिका को रेस्क्यू कर थाने लाया गया । प्राथमिक औपचारिकताएं पूर्ण कर बालिका को सखी वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया है । जहां से उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाएगा । इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन केस वर्कर मोहित मिश्रा, कांस्टेबल अवनीश कुमार, रुद्र प्रताप, मोहन, तरुण कुमार और महिला आरक्षी अनीता राजपूत सहयोगी रहे ।

### सिलेंडर के लीक होने झुलसा युवक

**इटावा ।** भरथना कस्बा के मोहल्ला आजाद रोड निवासी एक युवक चाय बनाते समय सिलेंडर के लीक होने से झुलस कर घायल हो गया । उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है । उक्त मोहल्ला निवासी अनुज भदौरिया पुत्र विनोद अपने लिए गैस पर चाय बना रहा था तभी अचानक गैस लीक होने से आग लग गई उसे बुझाने के प्रयास मे वह झुलस कर घायल हो गया । बाद में लोगों के आ जाने पर लोगों ने आग पर काबू पाया । उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

### युवती ने ब्लेड से गला काटा, भर्ती

**इटावा ।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छिपैटी की रहने वाली एक युवती ने किसी बात से नाराज होकर ब्लेड से अपने गले को काट लिया । बाद में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है । उक्त मोहल्ला निवासी राजेश कुमार की 22 वर्षीय पुत्री अपने घर से निकली थी । सेंटमैरी स्कूल के पास उसने किसी बात से नाराज होकर अपने गले को ब्लेड से काट लिया । बाद में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है । युवती ने बताया कि उसने अपने प्रेमी के व्यवहार से क्षुब्ध होकर अपने गले को काटा है । उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई ।

### सांप के डसने से युवक की गई जान

**इटावा ।** थाना भरेह क्षेत्र के अंतर्गत बरसात के मौसम के चलते कृष्ण कुमार 35 वर्ष पुत्र परसुराम निवासी नीला डाढा भरेह को जहरीले सांप ने डस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई । घटना की सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया । घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया ।

### किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

**इटावा ।** बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव दतावली में किसी बात से नाराज होकर एक किशोर ने अपने घर पर फंदा बनाकर फांसी लगा ली । जानकारी होने पर परिजनों ने उसे फंदे से उतारा और जिला अस्पताल लाए । जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । उक्त गांव निवासी श्री बाबू के 15 वर्षीय पुत्र शिवा ने किसी बात से नाराज होकर अपने घर के कमरे में जाकर फांसी लगा ली । जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो परिजनों ने उसे फंदे से उतारा और उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए, जहां डाक्टरों ने चेकअप करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया । बाद में परिजन शव को अपने साथ ले गए ।

# नाराज पेंशन भोगियों ने दिया ज्ञापन

**इटावा।** पेंशनर्स सेवा संस्थान इटावा के जिलाध्यक्ष कौशल चन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि वित्त विधेयक 2025 में पेंशन से जुड़े प्रतिगामी संशोधनों को समाप्त किया जाये। कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की भाँति ही पेंशनरों को महंगाई राहत के नियमित रूप से भुगतान के आदेश एक साथ किये जाएं।कोरोना काल में बंद की गई रेलवे छूट की सुविधाएं वरिष्ठ नागरिकों को तत्काल बहाल की जाएं, राशिकरण की बहाली अवधि 15 वर्ष के स्थान पर 11 वर्ष की जाये तथा पेंशनरों को 65 वर्ष, 70 वर्ष एवं 75 वर्ष की आयु पर क्रमिक रूप से पेंशन वृद्धि का लाभ दिए जाने की मांगें प्रमुख हैं। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स में महेश चन्द्र तिवारी, टी. एन. अग्निहोत्री, हरिशचन्द्र सक्सेना, जगदीश चन्द्र यादव, नरेन्द्र सिंह गौर, सचेत कुमार, डॉ आदेश कुमार दुबे, संगीता यादव, चन्द्रभान मिश्रा, प्रमोद सिंह, विद्यासागर, रामेश्वर यादव, सर्वेश कुमार चौधरी, अनिल कुमार यादव, देशराज वर्मा एवं पीयूष वर्मा, हर विलास, नूर मुहम्मद, अमर सिंह आदि प्रमुख है।

# काम करते समय करंट लगने से मजदूर की मौत

कार्यालय संवाददाता इटावा

- अन्य दो जगहों पर दो लोग करंट की चपेट में आकर झुलस गये

**अमृत विचार।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव चंदर पुरा में मजदूरी करने के लिए गया एक युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह छत से नीचे गिरकर बेहोश हो गया। लोग उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल लाये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा दो अलग अलग स्थानों पर करंट लगने से दो लोग घायल हो गए दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सिविल लाइन क्षेत्र के गांव चंदर पुरा निवासी राजेश कुमार 35 वर्ष पुत्र मेवा लाल अपने गांव में ही मजदूरी करने के लिए गया था। जब वह काम कर रहा था तभी वह छत से होकर गुजरी हाईटेंशन की लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह छत से नीचे जा गिर गया और बेहोश हो गया। उसके साथ काम कर रहे लोगों में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलने पर उसके परिजन भी मौके पर आ गए और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

दूसरी घटना इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत मानिक पुर मोड़ के पास हुई, जहां काम करते समय हाई टेशन लाइन की चपेट में आने से सुनीत कुशवाह पुत्र राम स्वरूप निवासी अगैनत मेहगांव जिला भिंड धायल हो गया। वहीं तीसरी घटना बकेवर थाना क्षेत्र के गांव सुनवर्षा में हुई जहां आम तोड़ने गई एक महिला करंट की चपेट में आ गई। सुषमा देवी पत्नी अमित कुमार आम तोड़ने गई थीं पेड़ से होकर हाईटेंशन लाइन गुजरी है। बारिश के कारण पेड़ में करंट आ रहा था तभी वह चपेट में आकर घायल हो गईं। उसे भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# स्कूल के ताले तोड़ कर सामान चोरी

**इकदिल ।** थाना क्षेत्र के गांव बरैला स्थित प्राथमिक स्कूल के ताले तोड़कर चोर उसमें रखा सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह उस समय हुई जब स्कूल के टीचर स्कूल पहुंचे तो ताले टूटे देख दंग रह गए। अंदर जाकर देखा तो सामान भी गायब था।

घटना की तहरीर थाने में दी गई है। क्षेत्र के गांव बरैला स्थित प्राथमिक स्कूल में रविवार की रात को चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने ताले तोड़कर कमरों में रखी अलमारी के लॉक तोड़कर उसमें रखा सामान चोरी कर लिया। इसके अलावा चोर मिड डे मील का सामान भी चुरा ले गए। घटना की जानकारी उस समय हुई जब अध्यापक स्कूल पहुंचे । इंचार्ज प्रधानाध्यापक सुषमा देवी ने बताया कि चोर स्कूल से मिड डे मील के सामान के अलावा खेलकूद का सामान तीन ब्लूटूथ स्पीकर बर्तन के अलावा पंखा व अन्य सामान चुरा ले गए। घटना की तहरीर दे दी गई है। पुलिस छानबीन कर रही है।

# स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध, सौंपा ज्ञापन



अधीक्षण अभयंता बिजली को ज्ञापन सौंपते चौगुर्जी के निवासी । अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार** । शहर में उपभोक्ताओं के आवासों पर बिजली विभाग की ओर से स्मार्ट मीटर लगाए जाने से उपभोक्ता काफी नाराज है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता से मिलकर अपनी नाराजगी जताई । साथ ही यह भी कहा कि गैर जरूरी होने पर स्मार्ट मीटर न लगाएं जाए ।

इस संबंध में चौगुर्जी वार्ड की सभासद पूनम पांडे की अगुवाई में एक सैकड़ा से अधिक लोगों ने अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार से मुलाकात की और उन्हें अपनी समस्याएं बताई तथा ज्ञापन सौंपा। इन लोगों ने कहा कि मीटर जबरन लगाए जा रहे है । आशुतोष दीक्षित ने कहा कि कैलिब्रेशन जरूर कराया जाए क्योंकि ऐसी शिकायत मिली है कि स्मार्ट मीटर ज्यादा तेज गति से भागते हैं । अधीक्षण अभियंता से मिलने वालों में विजय श्रीवास्तव, कमलेश पांडेय तथा बड़ी संख्या में मोहल्ले के लोग शामिल रहे। इसके साथ ही व्यापार मंडल के लोगों ने भी स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध किया।

**कार्यक्रम** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इटावा नगर ने सामाजिक समरसता के लिए कराया वन विहार

# स्वयंसेवकों ने खेलकूद व कविताओं का लिया आनंद

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इटावा नगर द्वारा सामाजिक समरसता बढ़ाने के लिए शहर के चार भागों में वन विहार का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित हुए स्वयंसेवकों ने खेलकूद, प्रश्नोत्तरी, अंताक्षरी, गीत, कविताएं और देशभक्ति बढ़ाने वाली ज्ञानवर्धक बौद्धिक गतिविधियों के माध्यम से परस्पर मेल मिलाप और सामाजिक समरसता की भावना को विस्तार देने का प्रयास किया।

मानिकपुर मोड़ के पास स्थित विवेकानंद छात्रावास में आयोजित हुए वन विहार कार्यक्रम में बौद्धिक उद्बोधन देते हुए संघ के सह प्रांत कार्यवाह प्रो. प्रदीप भदौरिया ने कहा कि भारत को परम वैभवशाली राष्ट्र बनाना संघ का मुख्य ध्येय रहा है, इसलिए संघ का कार्य वास्तव में ईश्वरीय कार्य है जिससे जुड़ने वाले स्वयंसेवक इसके स्थापना काल से ही त्यागमयी निस्वार्थ संस्कृति के रास्ते पर चलते हुए राष्ट्र का काम करते आ रहे हैं। इसीलिए संघ बिना किसी पर आश्रित हुए लगातार शानदार विस्तार के साथ अपने सौ वर्ष पूरे करने जा रहा है। इसका श्रेय संघ की शाखाओं को जाता है। वन विहार जैसे कार्यक्रमों से सह भोज के साथ परस्पर मेल मिलाप और समरसता का वातावरण बनता है, इसलिए ऐसे आयोजनों को उत्साह के साथ किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रदीप चौधरी ने की। संचालन नगर कार्यवाह सर्वजीत भदौरिया ने किया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर रामचंद्र वर्मा ने देशभक्ति से जुड़े गीत एवं कवि शिव गोपाल अवस्थी ने राम पर कविताएं सुनाईं। नन्हीं बालिका शिविक्षा वाजपेई ने वेदों से जुड़ीं स्तुतियां सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन को सफल बनाने वाले प्रमुख स्वयं सेवकों में सुनील,सुरेन्द्र दीक्षित , अजय दीक्षित , दीपेश , अजय, कुलदीप तिवारी, अनमोल, अपूर्व, आशीष, अवनीश, राहुल, रोनी, ऋषभ, यशराज, शेखर का सराहनीय योगदान रहा। नगर कार्यवाह सर्वजीत सिंह ने सहयोग के लिए सभी का आभार जताया।



ध्वज प्रणाम करते स्वंयसेवक । अमृत विचार

# लोहे की रॉड से मार पीट कर युवक को किया लहूलुहान

**हमीरपुर ।** थाना क्षेत्र के ग्राम इसुली में रविवार को दुकान में सामान लेने गए। युवक को तीन युवकों ने लोहे की रॉड से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

इसुली गांव निवासी चेतराम उर्फ मुन्ना खंगार ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह बीते 22 जून को गांव के चौकीदार इंद्रपाल की दुकान पर सामान लेने गया था। तभी गांव निवासी आलोक वर्मा, अवनीश वर्मा आए और गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर रामदास वर्मा ने ललकारा तभी दोनों ने लोहे की राड से हमला करके लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने तीनों खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज करके पीड़ित का डॉक्टरी परीक्षण कराया है।

# कुलदीप अवस्थी संस्कार भारती के इटावा इकाई के अध्यक्ष बने

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार** । कला और साहित्य के क्षेत्र में कार्यरत संस्था संस्कार भारती इकाई इटावा की साधारण सभा की बैठक का सिंचाई विभाग के अतिथि गृह में दीप प्रज्ज्वलन एवं मां भारती और नटराज भगवान के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया ।

बैठक में कानपुर -बुन्देलखण्ड प्रांत के महामंत्री सुरेन्द्र पांडेय का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ उन्होंने संस्कार भारती की जयपुर में हुई अखिल भारतीय बैठक से प्राप्त दिशा-निर्देशों पर चर्चा करते हुए संगठनात्मक और कार्यात्मक परिवर्तनों, संगठन की रीति नीति,नागरिक कर्त्तव्यों , सांस्कृतिक गतिविधियों एवं भविष्य की कार्ययोजना पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नवीन कार्य रचना के अनुसार सभी5 विधाओ के विभिन्न आयामों पर बताया कि केंद्र द्वारा चौसठ कलाओं को पांच विभागों में समाहित किया गया हैं जिसमे दृश्य कला, मंचीय कला , साहित्य कला , लोक कला ,धरोहर कला प्रमुख हैं।

प्रान्तीय कोषाध्यक्ष ने सदस्यता शुल्क, संगठन के आय व्यय के विषय मे बताते हुए कहा कि संस्कार भारती संगठन में कलाकारों को जोड़ने तथा पुरानी लुप्त होती कला को संरक्षित करने का कार्य त्वरित गति से करेगा। प्रान्तीय मंत्री आदेश अवस्थी ने कहा कहा कि आने वालो दिनों में संस्कार भारती, कला और कलाकारों के उन्नयन विकास के लिए संयुक्त रूप से कार्य करेगी । इटावा इकाई की कार्यकारी अध्यक्ष नमिता तिवारी जी ने इकाई को प्रान्तीय निर्देशों के अनुसार भंग कर अगले दो वर्षों हेतु नवीन कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया के लिए अनुरोध किया। जिस पर प्रान्तीय कोषाध्यक्ष समरेन्द्र शुक्ला ने इकाई गठन किया,जिसमें कुलदीप अवस्थी को अध्यक्ष , डॉ कैलाश चंद्र यादव और डॉ ज्योति भदौरिया को उपाध्यक्ष , कुलदीप कुमार मिश्रा को सचिव , सौरभ सक्सेना को सह सचिव , इन्द्र नारायण पांडेय को कोषाध्यक्ष, गोपाल तिवारी को सह कोषाध्यक्ष तथा संयोजकों में नमिता तिवारी को मंचीय कला ,डॉ करुणा बंसल को लोक कला, डॉ शैलेन्द्र कुमार शर्मा को धरोहर कला ,डॉ महेश चंद्र तिवारी को साहित्य कला एवं श्री वीरेन्द्र जैन को दृश्य कला एवं सुवेश तिवारी को सह संयोजक नामित किया गया ।

# अन्ना गोवंशों को संरक्षित कर रोजाना रिपोर्ट दें

## जिलाधिकारी ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में जूम मीटिंग के माध्यम से योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया कि 25 जून तक डिफॉल्ट होने वाले संदर्भों का आज ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने विभाग से संबंधित मामलों का स्वयं संज्ञान लेकर यह सुनिश्चित करें कि संतुष्ट पूर्ण निस्तारण किस कारण से नहीं हो रहा है। इसकी भली-भांति समीक्षा करते हुए लंबित मामलों का संतुष्टिपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएं, जिससे जनपद की गिरती रैंकिंग में सुधार हो।



बैठक में निर्देश देते डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि बार-बार आगाह किए जाने के उपरांत भी संदर्भों के निस्तारण की गुणवत्ता में सुधार नहीं आता है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने गोआश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों को हरा चारा उपलब्ध कराए जाने हेतु उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने तहसील में स्थित चारागाह की भूमि का चिन्हांकन कर चारा

- चारागाह की भूमि चिह्नित कर हरा चारा तैयार कराएं

बुबाई की कार्रवाई सुनिश्चित करें और गोआश्रय स्थलों का कलस्टर बनाते हुए हरा चारा तैयार होने पर आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकासखंड स्तर पर आयोजित होने वाले ऋण वितरण बैंक शिविरों में पहुंचकर महिला समूह के ऋण प्राप्त आवेदन पत्रों (सीसीएल) का निस्तारण कराते हुए आज से शिविरों में संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई कराते हुए ऋण वितरण/ संबंधित के खातों में प्रेषित कराना सुनिश्चित करें। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि विशेष स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव सहित संबंधित के साथ बैठक कर योजनाबनाकर बृहद सफाई अभियान चलाकर सफाई का कार्य कराएं, जिससे वर्षा ऋतु में जलभराव ,गंदगी आदि के कारण होने वाली बीमारियों से आमजन को बचाया जा सके। उन्होंने प्रभारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अन्ना गोवंशों को अभियान चलाकर संरक्षित कराएं, कार्रवाई से प्रतिदिन अवगत करायें। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत को निर्देश दिए कि सड़कों पर अन्ना घूम रहे गोवंशों को संरक्षित किए जाने के लिए अभियान में शिथिलता न बरती जाए।

# पंचायत उत्सव भवन के लिए स्थान का चयन करें

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में डीएम ने शासन द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के क्रम में जनपद में विधान सभावार नवनिर्मित होने वाले पंचायत उत्सव भवन के निर्माण हेतु कार्य योजनावार समीक्षा की। इसके लिए बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि वह पंचायत उत्सव भवन के निर्माण हेतु तहसीलवार स्थान चयन के लिए जिला समिति गठित कर स्थलीय निरीक्षण व अधिकाधिक उपयोगिता को दृष्टिगत रखते हुए एक सप्ताह में निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराएं जिससे सूचना का प्रेषण शासन को प्रेषित किया जा सके।

जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने जिला पंचायत अधिकारी को निर्देशित किया कि अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता विद्युत तथा सहायक अभियंता जिला पंचायत एवं संबंधित तहसील के राजस्व संबंधी नायब तहसीलदार के साथ भ्रमण कर स्थान चिन्हांकन का कार्य करते हुए एक सप्ताह में आख्या उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि स्थान चिन्हांकन में यह सुनिश्चित करें कि आवागमन के रास्ते, स्थल की उपयोगिता तथा विद्युत आदि की आपूर्ति के लिए कोई भी समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि कार्य को समयबद्धता से किया जाए जिससे अग्रिम कार्रवाई शीघ्र पूर्ण की जा सके और भवन निर्माण की कार्रवाई हो सके। उन्होंने विधानसभा बिधूना में स्थान हेतु दिए गए प्राप्त प्रस्ताव में ग्राम पंचायत बांधमऊ, ग्राम पंचायत शाहबाजपुर, विधानसभा औरैया हेतु ग्राम पंचायत पड़रिया के राजस्व ग्राम गढ़ा मानिकचंद तथा तहसील अजीतमल के ग्राम पंचायत हैदरपुर के राजस्व ग्राम सुर्जनपुर में निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराये साथ ही उन्होंने विधानसभा दिबियापुर हेतु बनने वाले पंचायत उत्सव भवन हेतु स्थान चिह्नित कर आख्या दें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) नीरज प्रसाद, अधिशासी अभियंता अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

# मछलियों की चोरी से परेशान मछली पालक, दी तहरीर

**फफूंद, औरैया।** कस्बा निवासी मछली पालक नजदीकी गांव के मछली चोरों से परेशान हैं। आये दिन मछली चोरी से हजारों रुपये का नुकसान हो रहा है। किसान ने मछली चोरी में नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

फफूंद कस्बे के मोहल्ला मेवातियान निवासी सलीम अहमद खां किसान हैं। वह अपने खेतों के नजदीक एक तालाब में मछली पालन करते हैं। सोमवार शाम पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव फक्कड़पुर निवासी गिरजाशंकर, सुशील उर्फ बंटी, बड़ेलाल, धर्मेंद्र, रामानंद और खुर्रा मौका पाते ही आये दिन तालाब में जाल डालकर मछलियों की चोरी कर लेते हैं। जिसका पता चलने पर जब उन्होंने उनके घर शिकायत की तो घरों की महिलाएं अभद्रता और गाली गलौज करने लगीं। रविवार की दोपहर खाना खाने के लिए वह तालाब से घर चले आए तभी उक्त लोगों ने जाल डालकर हजारों रुपये की मछलियां चोरी कर ली। आए दिन की चोरी से उसे भारी नुकसान हो रहा है। प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच चल रही है आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# 9 दिनों में 40 से ज्यादा मोरों की चली गई जान

संवाददाता, कंचौसी (औरैया)

- कंचौसी में 3 और मोरों की हुई मौत, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**अमृत विचार।** गांव में विगत 9 दिनों से बीमार व मृत मोरों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। 40 से ज्यादा मोरों की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि डॉक्टर को बीमारी के बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है और न अभी तक कोई सैंपल बाहर भेजे गए है। जिससे बीमारी के अनुसार उनका इलाज हो।

सोमवार को कंचौसी गांव में फिर 10 मोरे घायल हो गईं, जिनमें से 3 ने तुरंत दम तोड़ दिया। जिसके बाद बजरंग दल के जिला बलोपासना प्रमुख सत्यम गुप्ता की सूचना पर बीमार मोरों का इलाज करने के लिए डॉ. दिनेश, नीरज, सर्वेश सहित पशुपालन विभाग की टीम कंचौसी गांव में पहुंची और मोरों का इलाज किया।

लेकिन उन डॉक्टरों को भी कुछ समझ नहीं आ रहा है। प्राथमिक इलाज करने में ही सक्षम है जिससे मोरों को बचाना संभव नहीं हो पा रहा है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि वन विभाग के अधिकारी और चिकित्सा अधिकारियों ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। बीमारी का पता



लगाने के लिए कोई भी सैंपल बाहर नहीं भेजे गए है। बिना बीमारी का पता लगाए प्रशासन यही रवैया अपनाए रहा तो गांव में एक भी मोर जीवित नहीं बचेगी।

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने बताया कि वो कल ककोर मुख्यालय में जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपेगे और उनसे ठोस कदम उठाए जाने की मांग करेंगे। इस दौरान प्रखंड संयोजक जयंत गुप्ता, सत्यम गुप्ता, सनी गुप्ता, वैभव, उत्तम, शरद त्रिवेदी, कुणाल, गोकुल, अक्षत, कन्हैया, आयुष, आदित्य आदि बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सिंचाई विभाग के एक्सईएन का हुआ तबादला, दी गई विदाई

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता के अन्य जनपद में ट्रांसफर हो जाने के बाद कार्यालय में एक समारोह कर अधिकारियों कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर लोगों ने उनके कार्यकाल में हुये कार्यों के बारे में चर्चा की।


अधिशासी अभियंता को विदाई देते कर्मचारी। अमृत विचार

सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता प्रदीप सिंह पटेल का गैर जनपद तबादला होने के बाद सोमवार को कार्यालय परिसर में एक सम्मान समारोह आयोजित कर अधिकारियों कर्मचारियों ने उनको विदाई दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाकाल में आना जाना लगा रहता है। लेकिन, कर्मचारियों के साथ रहकर एक परिवार जैसा महसूस होता है लेकिन परिवार से बिछड़ने का दुख भी होता लेकिन पद पर रहकर लोगों के साथ सेवा भाव रहना चाहिये। इस मौके पर नवागन्तुक अधिशासी अभियंता संजय कुमार, सहायक अभियंता देवेन्द्र प्रताप सिंह, सुभाष चन्द्र शर्मा, जूनियर इंजीनियर योगेश कुमार कटियार, धीरेन्द्र कुमार, हरिश्चन्द्र, विनय कुमार, केपी सिंह, दिनेश चन्द्र, सर्वेश कुमार यादव, राम चंद्र, राहुल प्रताप सिंह, सुभाष चन्द्र आदि मौजूद रहे।

# धान खरीद का भुगतान नहीं करने वाला आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**04** साल से फरार आरोपी को पुलिस ने याकूबपुर से पकड़ा

**अमृत विचार।** पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में चार साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सियासत सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह, हरियाणा के फतेहाबाद जिले के रतिया का रहने वाला है।

मामला 29 दिसंबर 2021 का है, जब याकूबपुर निवासी विपुल कुमार ने थाना बेला में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, सियासत सिंह और उसके दो साथियों ने जय हनुमान ट्रेडर्स याकूबपुर के किसानों से धान खरीदा, लेकिन भुगतान नहीं किया। इस मामले में धारा 420, 406, 504 और 506 के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की, लेकिन वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ। बिधूना के अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) ने 2022 से लगातार गिरफ्तारी वारंट जारी किए। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर कोर्ट ने एनबीडब्ल्यू, उद्घोषणा और कुर्की वारंट भी जारी किए। पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक औरैया के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु और थानाध्यक्ष के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी को थाना बेला क्षेत्र के कस्बा याकूबपुर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# वैश्य समाज ने बरेली घटना की निंदा की

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** भारतीय वैश्य एकता परिषद की बैठक परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष आनन्द नाथ गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को श्रीगोपाल वाटिका आश्रम में संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से जनपद-बरेली के नवाबगंज क्षेत्र में वैश्य समाज के राजीव गुप्ता पर अपराधी किस्म के दिनेश व सूरज गंगवार ने अपने साथियों के साथ मिलकर बेल्ट आदि से प्रहार करते हुए जानलेवा हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया, जिससे संपूर्ण वैश्य व व्यापारी समाज में रोष है।

परिषद के जिलाध्यक्ष विपिन पोरवाल (बंटू) ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के राज में समाज में दहशत फैलाकर अपराध करने वाले लोगों पर लगाम लगाई जा रही है। परिषद के प्रदेश प्रभारी समाजसेवी


बैठक करते वैश्य समाज के लोग। अमृत विचार

अभिषेक गुप्ता ने कहा कि बरेली के राजीव गुप्ता के सम्मान में वैश्य समाज मैदान में आ गया है, वैश्य समाज के लोगों का उत्पीड़न किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष आनन्दनाथ गुप्ता ने बरेली एसपी से घटना की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। बैठक में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के जिलाध्यक्ष विपिन पोरवाल बंटू, नगर अध्यक्ष कुलदीप पोरवाल (झामा), समाजसेवी संगठन एक विचित्र पर सेवा समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू), भारतीय जनता पार्टी के नगर मंत्री कपिल गुप्ता, गंगा समग्र के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता एडवोकेट, भाजपा नेता विकास पोरवाल आदि मौजूद रहे।



समर कैंप के दौरान मौजूद बच्चे। अमृत विचार

# समर कैंप के समापन में छात्रों ने दिखाया हुनर

संवाददाता, दिबियापुर, औरैया

**अमृत विचार।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। इस दौरान बच्चों ने सीखी गई प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समापन कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य राजेश कुमार गुप्ता, समर कैंप संयोजक तेज सिंह गौतम एवं राजीव चतुर्वेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि कौशल विकास से ही छात्रों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने बताया कि समर कैंप के दौरान छात्र-छात्राओं को सिलाई, कढ़ाई, मेंहदी, नृत्य, इंग्लिश स्पोकेन और आत्मरक्षा हेतु जूडो कराटे आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

# अवैध फेंसिंग कट से दुर्घटना का खतरा

**कंचौसी, औरैया।** रेलवे सुरक्षाबल फफूंद के तमाम प्रयासों के बावजूद कंचौसी रेलवे स्टेशन पर डीएफसी साइड फुट ओवर ब्रिज के नीचे अवैध फेंसिंग कट से निकलने कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहां से दैनिक यात्री और कस्बावासी निकल रहे हैं।

समय-समय पर फफूंद रेलवे सुरक्षा बल कंचौसी रेलवे स्टेशन पर अवैध रूप से खुली फेंसिंग और ट्रैक पार करने से रोकने के लिए यात्रियों को सचेत कर रही हैं। बीते दिनों फफूंद सुरक्षा बल ने स्टेशन के आसपास खड़े वाहन को हटवाया और दैनिक यात्रियों को फुट ओवर ब्रिज से आने जाने को कहा। डीएफसी साइड पर फेंसिंग के कट से जल्दबाजी में यात्री और कस्बावासी आए दिन रेलवे ट्रेक से निकलते है। जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता हैं।

# खुमानपुर में हुआ रामलीला का मंचन

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** गांव खुमानपुर में रामलीला के दिन रविवार की रात में धनुष भंग लीला का मंचन कलाकारों ने किया। परशुराम-लक्ष्मण संवाद को सुनने के लिए पूरी रात भीड़ जमी रही। जब परशुराम को भगवान राम के अवतार के बारे में ज्ञान हुआ तो उन्होंने अपने संदेह को दूर करने के लिए धनुष उन्हें दिया। पुत्री सीता के विवाह के लिए राजा जनक ने सीता स्वयंवर का आयोजन किया।

उपस्थित राजा जब धनुष को उठाना तो दूर हिला तक नहीं सके तो परेशान होकर राजा जनक विलाप करने लगे उन्होंने कहा कि उन्हें आज पता चला कि पृथ्वी वीरों से खाली हो चुकी है। जनक का विलाप सुन दर्शक भाव विभोर हो गए। जनक की बातें सुन लक्ष्मण क्रोधित हो उठे तब भगवान राम ने इशारे से


परशुराम-लक्ष्मण संवाद करते कलाकार। अमृत विचार

- परशुराम-लक्ष्मण संवाद सुनने के लिए सुबह तक बैठे रहे दर्शक

उन्हें रोका और विश्वामित्र से आज्ञा लेकर धनुष का भंजन किया। धनुष टूटते ही सीता ने भगवान राम के लगे में जयमाला डाल दी। धनुष टूटने की आवाज सुनते ही परशुराम स्वयंवर में आ गए और धनुष तोड़ने वाले का नाम पूछने लगे, इस पर वहां सन्नाटा छा गया। वहीं परशुराम और लक्ष्मण के बीच जमकर शब्दों के बाण चले। परशुराम लक्ष्मण संवाद का लुत्फ उठाने के लिए पूरी रात भीड़ जमी रही।

## सार-संक्षेप

### बलिदान दिवस पर किया पौधरोपण

**बिधूना, औरैया।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सोमवार को नगर वाटिका रठगांव में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत बिधूना के अध्यक्ष आदर्श कुमार मिश्रा द्वारा पीपल के पौधे का रोपण किया गया। उन्होंने बताया कि पीपल का पौधा ऑक्सीजन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इस अवसर पर क्षेत्रीय वनअधिकारी अंगद सिंह चंदेल, डिप्टीरेंजर सोपत सिंह, संदीप कुमार, वनरक्षक सतीश श्रीवास्तव, कुबेर यादव, सत्यम, पूनम, गोपाल तिवारी सहित अन्य नगर वाटिका रठगांव के कर्मचारी मौजूद रहे।


पौधरोपण करते नगर पंचायत अध्यक्ष आर्दश कुमार मिश्रा।

### सावरकर विद्यार्थी शाखा ने की बैठक

**फफूंद, औरैया।** नगर फफूंद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की सावरकर विद्यार्थी शाखा की एक महत्वपूर्ण बैठक दयालक्ष्मी शिशु मंदिर में संपन्न हुई। इस बैठक में शाखा के स्वयंसेवकों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं और आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत योजना तैयार की गई। बैठक में मुख्य रूप से शाखा पालक रुद्र, शाखा कार्यवाह अंश, उत्सुक, अनिकेत, रितिक, पीयूष, बेटू, अध्यांश, अनंत, राम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने संगठनात्मक मजबूती और आगामी गतिविधियों पर गहन चर्चा की। यह बैठक शाखा के कार्यों को और गति देने तथा युवाओं के बीच राष्ट्रीयता की भावना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**किया जागरूक** | ग्राम खानजहांपुर चिरकुआ में विधिक शिविर, महिला कानूनों की दी जानकारी

# बच्चों को शिक्षित और संस्कारित बनाएं

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज मयंक चौहान एवं प्राधिकरण के सचिव महेश कुमार के निर्देशन में सोमवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम खांनजहांपुर चिरकुआ में गागिन देवी मंदिर पर आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर लगा। शिविर में उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं लिंग समानता, नशे से हानियां व बचाव, टीवी, मोबाइल के दुष्प्रभाव, थर्ड जेंडर के अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर तस्करी एवं वाणिज्यिक यौन शोषण के शिकार योजना


महिला कानून के बारे में जागरूक करते पीएलवी। अमृत विचार

2015 के बारे में जागरूक करने के साथ एससी-एसटी एक्ट के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर मच्छरों से बचाव के बारे में बताया गया कि घरों के आसपास पानी जमा न होने दें, साफ सफाई रखें और नालियों में दवाइयों, मिट्टी के तेल आदि का छिड़काव करें। इस मौके पर आपस के मामलों को आपस में मिल-बैठकर निपटाने को कहा गया। वरिष्ठ पीएलवी एवं ग्रुप लीडर राघवेन्द्र प्रताप सिंह गौर उर्फ राघव ने लोगों के कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा अब न्याय आपके द्वार पहुंच रहा है। उन्होंने बेटा बेटियों में किसी भी प्रकार का फर्क न किये जाने के साथ बच्चों को शिक्षित और संस्कारित बनाने को कहा। योगेश चंद्र स्वामी वरिष्ठ पीएलवी, वेद प्रकाश राजपूत वरिष्ठ पीएलवी ने कानून के विभिन्न प्रावधानों के साथ महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर राम अवतार तिवारी, राजीव कुमार राठौर, सुरेश पाल पीटीआई, शिव नारायण, दिलीप, राजेश शर्मा, पप्पू शर्मा, मीनाक्षी सेंगर, नीतू भदौरिया, पल्लवी भदौरिया, नदनी, राजू सक्सेना आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# ओलंपिक-डे पर खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**अजीतमल, औरैया।** कस्बा जनता इंटर कालेज में जिला ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में ओलम्पिक डे का आयोजन हुआ।

चेयरमैन टेक्निकल कमेटी जिला ओलंपिक संघ औरैया व व्यायाम शिक्षक होशियार सिंह व जिला महासचिव मनीष मिश्रा ने ओलम्पिक आंदोलन के इतिहास, मूल्यों व महत्व पर प्रतिभागियों को जागरूक किया गया। ओलम्पिक पदक विजेता अभिनव विन्द्रा, नीरज चोपड़ा, मनु भाकर, पी.बी सिंधु एवं मैरी कॉम के जीवन परिचय से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। खेल, पेंटिंग व क्विज प्रतियोगिता हुई। 40 प्रतिभावान खिलाड़ियों को ट्रैक सूट एवं किट प्रदान करके सम्मानित किया गया।

# बाजार के दिन देर से खुली क्रॉसिंग लगा लंबा जाम, राहगीर परेशान

संवाददाता,अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** कस्बे में सोमवार को साप्ताहिक बाजार के दिन रेलवे क्रॉसिंग 13-बी समय से न खुलने के कारण भारी जाम लग गया। सुबह के समय जब बाजार में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी, तभी क्रॉसिंग पर काफी देर तक फाटक बंद रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इससे वाहन चालकों के साथ में पैदल यात्रियों को भी असुविधा हुई।

जाम की वजह से न केवल आमजन बल्कि एंबुलेंस और जरूरी सामान लेकर जा रहे वाहन भी फंसे रहे। गर्मी और उमस भरे मौसम में लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने रेलवे कर्मियों की लापरवाही पर नाराजगी जताई और मांग की कि बाजार के दिन क्रॉसिंग को समय से खोला जाए या फिर वैकल्पिक व्यवस्था की जाए ताकि जाम की स्थिति से राहत मिल सके। फाटक पर जाम लगने से व्यापारी वर्ग को परेशानी का सामना करना पड़ता है कस्वे में लगने वाले जाम से व्यापार भी चौपट हो रहा है।


रेलवे क्रासिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

## एक नजर

### रिटायर्ड राज्य कर्मियों ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय वित्त विधेयक में पेंशनरों के प्रति किये गये प्रतिकूल प्रावधानों के विरोध में अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया और जिलाधिकारियों के जरिये प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक एनपी त्रिपाठी, सह संयोजक क्षमा नाथ दुबे व सह-संयोजक (प्रचार) ओंकारनाथ तिवारी ने बताया कि ज्ञापन के जरिये रिटायर्ड कर्मियों ने अपना सख्त विरोध जताया।

### योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाएं: आनंदीबेन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का कार्य करें। राज्यपाल ने सोमवार को ग्रेटर नोएडा स्थित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर राज्यपाल ने गौतमबुद्धनगर पुलिस की कार्यप्रणाली में निर्धारित 15 श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 17 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों से शिक्षा, नवाचार और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सजग भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, बल्कि समग्र विकास और संवेदनशील नागरिक निर्माण होना चाहिए।

### बिजली अभियंताओं के स्थानांतरण पर उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा निगमों में भारी पैमाने पर बिजली अभियंताओं के स्थानांतरण पर सवाल उठाए हैं। प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग की है। समिति ने कहा कि गर्मी के मौसम में लड़खड़ाई बिजली आपूर्ति के दौरान तबादले अव्यवहारिक हैं। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर स्थानांतरण आदेश जारी कर पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने बिजली व्यवस्था को पटरी से उतारने का कार्य किया है। सभी स्थानांतरण आदेश तत्काल निरस्त करने की मांग की।

# आमजन की समस्याओं पर हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं : योगी

## मुख्यमंत्री ने लखनऊ में सरकारी आवास पर जनता दर्शन में सुनी लोगों की फरियाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर ''जनता दर्शन'' किया। इस दौरान प्रदेश भर से आए करीब 65 लोगों की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर नागरिक की सेवा, सुरक्षा और सम्मान सरकार की पहली प्राथमिकता है। अधिकारियों को कहा कि, हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनता दर्शन में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, शिक्षा, आवास, आंगनबाड़ी, कब्जा आदि से जुड़े मामले आए। प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। योगी ने ''जनता दर्शन'' में आए बच्चों को दुलारा और पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। चॉकलेट, बिस्कुट और टॉफी देकर आशीर्वाद दिया।



छोटी बच्ची की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### स्कूल जाना चाहती हूं, आप मेरा एडमिशन करा दीजिए

''जनता दर्शन'' में मुरादाबाद से पिता के साथ आई नन्ही बालिका वाची के पास जब मुख्यमंत्री पहुंचे तो उसे देख सबसे पहले हालचाल पूछा, फिर उसका भी प्रार्थना पत्र लिया और पढ़ा। योगी ने वाची से पूछा कि तू स्कूल नहीं जाना चाहती है। इस पर बच्ची बोली-नहीं, मैं स्कूल जाना चाहती हूं। मैं यह कह रही थी कि आप स्कूल में मेरा एडमिशन करा दो। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए निर्देश दिए कि इस बच्ची का एडमिशन हर हाल में कराओ। वाची ने मीडिया को बताया कि मैं योगी जी से मिलकर आई। मैंने उनसे कहा कि मेरा स्कूल में एडमिशन करवा दें। जिस पर उन्होंने कहा कि मैं करवा दूंगा। योगी जी ने मुझे बिस्कुट और चॉकलेट भी दिए।

## भदोही को दी विकास की सौगात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीतामढ़ी के पास डेंगुरपुर में गंगा नदी पर ब्रिज को दी मंजूरी
- गोपीगंज-मीरजापुर के बीच रेलवे लाइन पर आरओबी स्वीकृत

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को भदोही में जनप्रतिनिधियों के साथ जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों की मांग पर विकास को लेकर कई सौगात दीं। उन्होंने सीतामढ़ी के पास डेंगुरपुर में गंगा नदी पर ब्रिज और गोपीगंज-मीरजापुर के बीच रेलवे लाइन पर आरओबी के निर्माण की मांग को तत्काल का स्वीकृति देने का एलान किया।

सीएम योगी ने कहा कि मुख्यालय पर ऑडिटोरियम पहले से स्वीकृत है, लेकिन इसे मल्टीपर्पज हॉल के रूप में प्रस्तावित किया गया है। जिला मुख्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। पंचायतीराज विभाग से आउटसोर्सेज सफाईकर्मियों का स्टेट्स मांगा गया है। मुख्यालय से जुड़ने वाले मार्गों की कनेक्टिविटी को तेज करने, अच्छा बनाने और पहले से स्वीकृत मिनी स्टेडियम को आगे बढ़ा सकें, इसके लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

योगी ने कहा कि कॉरपेट उद्योग आज से 10 वर्ष पहले बहुत खराब स्थिति में था, लेकिन पीएम मोदी की प्रेरणा से यहां के हस्तशिल्पियों को जो प्रोत्साहन दिया गया। उसका परिणाम है कि यहां के कॉरपेट उद्योग के कारण देश में एक्सपोर्ट में 60 फीसदी योगदान यूपी का है। यूपी में जो एक्सपोर्ट हो रहा है, उसमें 60 फीसदी से अधिक शेयर अकेले भदोही का है। मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया। कहा कि आने वाले समय में भदोही में पीपीपी मोड में मेडिकल कॉलेज स्थापित होगा।

## मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत माता के महान सपूत भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 23 जून 1953 को अखंड भारत के लिए अपना बलिदान दिया। वह महान शिक्षाविद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और एक भारत श्रेष्ठ भारत के स्वप्न दृष्टा थे। उन्होंने स्वतंत्र भारत में कैबिनेट मंत्री के रूप में देश को अपने विजनरी नेतृत्व से लाभान्वित करके देश की औद्योगिक नीति को तय करने में बड़ी भूमिका निभाई थी। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सिविल अस्पताल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में कही। योगी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने पंडित नेहरू के नेतृत्व की सरकार द्वारा राष्ट्रीय एकता और अखंडता के साथ किए जा रहे खिलवाड़ को देखते हुए इस्तीफा दे दिया था और भारतीय जन संघ के पहले अध्यक्ष के रूप में उन्होंने देश में एक नई राजनीतिक शुरुआत को आगे बढ़ाया।

# तीन चरणों में लागू होगी जीसीएम प्रणाली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नगर विकास विभाग की पहल, तीन स्तर पर होगी समीक्षा

**अमृत विचार:** प्रदेश में तीन चरणों में जीसीएम प्रणाली लागू होगी। शहरों को 'ग्रीन रैंकिंग' मिलेगी। नगर विकास विभाग की हरित पहल के तहत जीसीएम प्रणाली के लिए तीन स्तरीय समीक्षा होगी।

शासन के अधिकारियों के अनुसार नगर विकास विभाग ने शहरी हरित नीति के तहत एक महत्वाकांक्षी पहल शुरू की है। इसके अंतर्गत प्रदेश के शहरों में ग्रीन कवर की निगरानी के लिए ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग (जीसीएम) प्रणाली विकसित की जाएगी। नगर विकास विभाग जीसीएम प्रणाली के तहत प्रदेश के शहरों के ग्रीन कवर और पर्यावरण संरक्षण के लिए किये गये कार्यों के आधार पर तीन स्तरीय समीक्षा करेगा। ये प्रक्रिया पूरे प्रदेश में तीन चरणों में पूरी होगी। वर्ष 2025 से शुरू होकर 2030 तक पूरे प्रदेश में यह प्रणाली लागू की जाएगी।

जीसीएम प्रणाली के तहत प्रदेश के शहरों के ग्रीन कवर की तीन स्तरों निकाय स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर समीक्षा की जाएगी। निकाय स्तर पर नगर आयुक्त या जिला अधिकारी जिला पर्यावरण समिति का गठन कर हरित कार्यों की त्रैमासिक और वार्षिक रिपोर्ट स्टेट पोर्टल पर अपलोड करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि राज्य स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत राज्य स्तरीय तकनीकी समिति और एक समर्पित निगरानी टीम समीक्षा का कार्य करेगी। तीसरे स्तर पर राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थान थर्ड पार्टी निरीक्षण के माध्यम से शहरों के कार्यों का सत्यापन किया जाएगा। यह निगरानी भू-संदर्भित उपकरणों, मोबाइल एप्लिकेशन, उपग्रहीय आंकड़ों और वनस्पति सूचकांक के उपयोग से होगी।

### सरकारी अस्पतालों में स्टाफ नर्स होंगी नर्सिंग अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ नर्स को अब नर्सिंग अधिकारी एवं नर्सिंग सिस्टर, नर्सिंग वार्ड मास्टर को सीनियर नर्सिंग अधिकारी के नाम से संबोधित किया जाएगा। यह नाम परिवर्तन केंद्र सरकार की समरूपता के परिप्रेक्ष्य में किया गया है। उप मुख्यमंत्री बताया कि राजकीय नर्सेज संघ द्वारा इस संबंध में पूर्व में ज्ञापन दिया गया था, जिस पर निर्णय लिया गया है।

### श्रम विभाग ने निवेश मित्र पोर्टल पर निपटाई 99 फीसदी शिकायतें

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार निवेशकों और उद्यमियों को अनुकूल वातावरण देने के साथ ही उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रही है। श्रम विभाग ने 'निवेश मित्र पोर्टल' पर दर्ज 99 फीसदी शिकायतें निस्तारण की है, जबकि आईजीआरएस पर दर्ज सभी शिकायतों का निस्तारण हुआ है। 89 .60 प्रतिशत यूजर्स ने सेवाओं को संतोषजनक भी बताया है।

# बबीना विधायक और मथुरा की पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष को नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा ने दोनों के कृत्य को अनुशासनहीनता माना, 7 दिन में मांगा जवाब
- विधायक समर्थकों ने ट्रेन में की थी यात्री की पिटाई
- मधु शर्मा ने हेमा मालिनी पर की थी तल्ख टिप्पणी

**अमृत विचार:** भाजपा के झांसी के बबीना क्षेत्र से विधायक राजीव सिंह पारीछा और मथुरा की पूर्व जिलाध्यक्ष मधु शर्मा को अलग-अलग मामलों में पार्टी की ओर से अनुशासनहीनता के आरोप में नोटिस देकर 7 दिन में जवाब मांगा गया है। विधायक से झांसी से भोपाल जा रही वंदे भारत ट्रेन में एक यात्री की उनके समर्थकों द्वारा जमकर पिटाई करने के मामले में उनके कृत्य से नाराजगी जताई गई है। जबकि मधु शर्मा ने वृंदावन कॉरिडोर को लेकर सांसद हेमा मालिनी पर अपमानजनक तल्ख टिप्पणी की थी।

भाजपा के बबीना क्षेत्र से विधायक राजीव सिंह पारीछा का मामला तीन दिन पुराना है। दिल्ली से भोपाल जा रही वंदे भारत भारत एक्सप्रेस के एक्जीक्यूटिव कोच में भोपाल निवासी यात्री राज प्रकाश पर सीट को लेकर उनके समर्थकों ने हमला कर दिया था। तब विधायक अपने परिवार के साथ झांसी से सवार हुए थे। मामले में विधायक की ओर से यात्री के खिलाफ उनसे व परिवार से दुर्व्यवहार की शिकायत जीआरपी में की गई थी, जबकि लहूलुहान यात्री की पिटाई करते कई वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। इससे भाजपा की जमकर किरकिरी हुई। यात्री ने भोपाल पहुंचकर एफआईआर भी दर्ज कराई थी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के निर्देशानुसार कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए लिखा है कि विधायक के आचरण से पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जो अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। चेतावनी दी गई है कि 7 दिन में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर पार्टी की ओर से कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। दूसरा मामला मथुरा की पूर्व जिलाध्यक्ष मधु शर्मा का है। वह बांके बिहारी कॉरिडोर और न्यास के ख़िलाफ़ विरोध प्रदर्शन में 18 जून को शामिल होकर गोस्वामी समाज की महिलाओं के साथ खून से सीएम और पीएम पत्र लिखने में शामिल थीं। सांसद हेमा मालिनी पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि धिक्कार है ऐसी सांसद पर जो महिला सांसद होते हुए महिलाएं खून से पत्र लिख रहीं हैं। एक बार भी वह यहां ख़ुद नहीं आईं। उन्हें ख़ुद यहां आकर बैठना चाहिए था, समस्या का समाधान हो जाएगा। उनके बयान को गंभीरता से लेते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी है कि 7 दिन में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने की प्रोफेसर रविकांत से मुलाकात

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश अध्यक्ष ने सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यरत आंबेडकरवादी प्रोफेसर रविकांत से मुलाकात की। प्रोफेसर को प्रताड़ित किये जाने के मामले में न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने प्रोफेसर रविकांत के आवास पर मिलकर इस प्रकरण पर उनसे बातचीत की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर कानूनी लड़ाई के साथ-साथ प्रशासन का घेराव भी किया जाएगा। मालूम हो कि उन्हें प्रताड़ित करने के क्रम में तीन साल पुराने मुकदमे में अभियोग पंजीकृत करने के लिए स्वीकृत दी गई है, जबकि उन पर जो आरोप लगाए गए थे, उसे जांच कमेटी ने निराधार पाया था।

# 88 उपनिबंधकों व 114 कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण निरस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्टांप पंजीयन मंत्री ने खुद मुख्यमंत्री से की थी गड़बड़ी की शिकायत
- प्रमुख सचिव स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अमित गुप्ता ने जारी किया आदेश

**अमृत विचार:** स्टांप तथा पंजीयन विभाग में बीते दिनों हुए उपनिबंधकों तथा कनिष्ठ सहायकों के सभी स्थानांतरण निरस्त कर दिए गए हैं। इस संबंध में प्रमुख सचिव स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अमित गुप्ता ने आदेश जारी कर दिया है। ये जानकारी सोमवार को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने साझा की।

उन्होंने विभाग में 59 कार्यरत तथा 29 नव-प्रोन्नत उप-निबंधकों तथा 114 कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण में अनियमितता की शिकायत पत्र लिखकर मुख्यमंत्री से की थी।

प्रकरण का गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने सभी स्थानांतरण तत्काल स्थगित करने और मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। यहां तक कि आईजी निबंधन समीर वर्मा को पद से हटाकर शासन ने प्रतीक्षारत कर दिया है। इस पूरे मामले में स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल ने सीधा मोर्चा खोल दिया था। हाल ही में उन्होंने बताया था कि बाबू स्तर के कर्मचारियों को सब रजिस्ट्रार बनाया गया। मेरिट पर तबादला नहीं किए गए जिसमें भ्रष्टाचार की आशंका है। मंत्री ने स्पष्ट कहा था कि आयुक्त स्तर पर यह गड़बड़ की गई है, जिसकी जांच होगी।

### क्या था प्रकरण

महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा 13 जून को तीन अलग-अलग पत्रों के माध्यम से 58 उपनिबंधकों, एक अन्य उपनिबंधक तथा 29 नव-प्रोन्नत उपनिबंधकों के तबादले व तैनाती आदेश जारी किए गए थे। इसके अतिरिक्त, 14 जून को जारी एक अन्य आदेश के तहत 114 कनिष्ठ सहायक (लिपिक) का स्थानांतरण किया गया था, हालांकि, तबादलों में व्यापक अनियमितता और रिश्वत के आरोप सामने आने के बाद शासन ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है।

### कई अधिकारियों, कर्मियों की भूमिका संदिग्ध

सूत्रों की मानें तो इस पूरे घटनाक्रम में विभाग के दो अपर महानिरीक्षक (एआईजी) सहित करीब आधा दर्जन अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। मामले की उच्च स्तरीय जांच संभव है। शासन स्तर से स्पष्ट कर दिया गया है कि जब तक पूरी प्रक्रिया की जांच नहीं हो जाती, तब तक किसी भी स्थानांतरण आदेश को लागू नहीं किया जाएगा।

## धर्म दर्शन

# कृष्ण काली: समय और अनंत काल का दिव्य नृत्य

वेदान्तिक ज्ञान के रहस्यमय आवरण में, दो विरोधाभासी शक्तियां एक पारलौकिक सत्य के रूप में उभरती हैं: कृष्ण, दिव्य प्रेम के मोहक बांसुरीधारी, और काली, समय और परिवर्तन की उग्र देवी। यह गहन एकता केवल उन्हीं के लिए प्रकट होती है जो द्वैत के आवरण को भेदते हैं और सृजन और विघटन के शाश्वत नृत्य की झलक देखते हैं।



शिवानंद मिश्रा
वरिष्ठ लेखक

कृष्ण काली, देवत्व, पुरुष और प्रकृति के पुरुषत्व और स्त्रीत्व के परम संश्लेषण को उनकी सबसे उदात्त अभिव्यक्ति में दर्शाती हैं। कृष्ण शाश्वत साक्षी, अपरिवर्तनीय चेतना का प्रतीक हैं जो समय से परे रहते हैं, जबकि काली समय की गतिशील शक्ति के रूप में प्रकट होती हैं। वह शक्ति जो ब्रह्मांडीय चक्र में सृजन और विनाश दोनों करती हैं। साथ में, वे प्रकट करते हैं कि प्रेम और समय अलग-अलग शक्तियां नहीं हैं, बल्कि एक ही दिव्य वास्तविकता के जुड़वां पहलू हैं।

भगवद गीता में कृष्ण के बारे में कहा गया है कि, "मैं काल हूं, संसार का संहारक और निर्माता" (कालोऽस्मि लोकक्षयकृत प्रवृद्धो),

जो काली के व्यक्तित्व के साथ अपनी पहचान को प्रकट करता है। यह केवल दार्शनिक अमूर्तता नहीं है, बल्कि एक जीवंत सत्य है कि सर्वोच्च प्रिय और भयानक मां एक ही चेतना हैं, जो अस्तित्व की भूलभुलैया के माध्यम से आत्माओं का मार्गदर्शन करने के लिए विभिन्न रूपों में प्रकट होती हैं।



हृदय के गुप्त कक्षों में, भक्तों ने लंबे समय से यह पहचान लिया है कि कृष्ण की दिव्य लीला और काली का ब्रह्मांडीय नृत्य अविभाज्य हैं। मिट्टी के बर्तनों से मक्खन चुराने वाला गोविंदा वही शक्ति है जो अहंकार की आसक्तियों को चुरा लेती है। अपने भक्तों को अपनी बांसुरी की मधुर धुन से बुलाने वाला प्रेमी ग्वाला, विवेक की तलवार से भ्रम को काटने वाली उग्र माता के समान है।

यह दिव्य एकता रहस्यवादी के अनुभव में इस मान्यता के रूप में प्रकट होती है कि प्रेम के प्रति समर्पण और काल के अटल प्रवाह के प्रति समर्पण एक ही समर्पण हैं।

जो भक्त कृष्ण के प्रेम में खुद को खो देता है, वह पाता है कि उसे काली की परिवर्तनकारी शक्ति ने गले लगा लिया है। जो साधक काली की भयानक दया के आगे झुकता है, वह खुद को कृष्ण के शाश्वत आनंद में नाचता हुआ पाता है।


## वर्ग पहेली-11

**बाएं से दाएं**

1. पानी उलीचने या डालने के लिए एक कृषि उपकरण; हाथा।
4. 1. गली, कूचा 2. सड़कों पर वाहनों के सुचारु यातायात
5. संन्यासी या अतिथि के लिए निकाला हुआ भोजन।
8. 1. मचना या फैलना 2. उठना।
9. 1. भुरकने की क्रिया या भाव 2. कुल्हड़, कूजा 3. मिट्टी की दवात 4. मिट्टी का प्याला, कसोरा 5. चूर्ण, बुकनी।
11. 1. विलक्षण; अद्भुत 2. श्रेष्ठ 3. अजीबोगरीब।

**ऊपर से नीचे**

1. एकत्रित जनसमूह, भीड़।
2. 1. जिसके बारे में जानकारी न हो, अपरिचित 2. जिसे जानकारी न हो, अनभिज्ञ 3. निश्छल, भोला
3. कुआं बनाने या कुआं खोदने वाला आदमी।
6. 1. श्रेणी, वर्ग, दरजा 2. विभाग, खंड 3. गिरोह, समूह।
7. 1. आगे की ओर फिसलना, सरकना 2. ऊपर से नीचे की ओर फिसलते हुए आना।
10. 1. समुद्र का कोई विशेष खंड 2. ताल, झील 3. क्रिकेट खेल में बल्लेबाज़ के द्वारा एक विकेट से दूसरे विकेट तक बिना बहिर्गत हुए दौड़ लगाना।



### वर्ग पहेली -10 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 त | | 2 अ | | 3 ची | नी |
| 4 त | रं | ग | व | ती | | |
| | गी | | ले | | | 5 उ |
| 6 छु | | 7 उ | ख | म | | त |
| 8 आ | कं | प | न | | 9 द्रु | र |
| छ् | | वे | | | | वा |
| त | | 10 द | ल | म | ल | ना |

## सुडोकू -18

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 2 | | 9 | 4 | 1 | | |
| | | 3 | | 8 | | | | 5 |
| | | 9 | 6 | | 7 | | | |
| 3 | | | | 6 | | 7 | | 9 |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| 8 | | 6 | | 5 | | | | 2 |
| | | | 3 | | 8 | 5 | | |
| 5 | | | | 2 | | 4 | | |
| | | 7 | 9 | 1 | | 8 | 6 | |

### सुडोकू - 17 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 9 | 2 | 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 7 | 9 | 1 |
| 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 9 | 1 | 2 | 8 | 7 |
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 1 | 2 | 7 | 5 | 3 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी-18 .59 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 12 .54 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष:** आज शेयर मार्केट और बैंकिंग से जुड़े लोगों को उत्तम लाभ प्राप्त होगा। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। राजनीतिक संपर्कों का आप लाभ उठा पायेंगे। संतान के व्यवहार से आप अति प्रसन्न रहेंगे। लोग आपसे मार्गदर्शन की अपेक्षा रखेंगे।

**वृष:** आज आप लोगों की काफी सहायता करेंगे जिससे आपका यश बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। व्यापार में आप काफी व्यस्त रहेंगे। बुजुर्ग लोगों से आपको काफी अच्छा सहयोग मिलेगा।

**मिथुन:** आज दांपत्य जीवन में अनबन हो सकती है। घर में अचानक अतिथियों के आगमन से परेशान हो सकते हैं। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है। विरोधी आपका मजाक उड़ा सकते हैं। आज उधार देने से आपका धन फंस सकता है।

**कर्क:** आज आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशंसा हो सकती है। मन में कुछ नया और प्रयोगात्मक करने की इच्छा होगी। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। नई परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने में आसानी होगी।

**सिंह:** आज प्रतियोगी परीक्षा में शानदार परिणाम मिलेंगे। दोस्तों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग के लोगों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। कारोबार में आ रही अड़चनें पूरी तरह से दूर होंगी। घर का वातावरण अत्यंत शांत रहेगा।

**कन्या:** आज आपको कर्ज लेना पड़ सकता है। जिसके कारण थोड़ा तनाव रहेगा। अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता न करें। अति आत्मविश्वास में आकर कोई बड़ा निर्णय लेना उचित नहीं होगा। अपने मन की आवाज को सुनें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में काफी ध्यान रखना पड़ेगा।

**तुला:** आज व्यस्तता के बावजूद आपको परिवार को समय अवश्य देना चाहिए। अजनबियों पर अधिक विश्वास न करें। नौकरी में स्थान परिवर्तन का विचार बना सकते हैं। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय बहुत ही अच्छा है। आपके मान-सम्मान में कुछ कमी आ सकती है।

**वृश्चिक:** आज व्यवसाय में आपको काफी बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। यदि आपके ऊपर काम का दबाव है तो उसे दूसरों में बांट दें। आज आप काफी तनावमुक्त महसूस करेंगे। लवमेट्स के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को धोखा मिलने की संभावना है।

**धनु:** आज साझेदारी वाले कारोबार में पारदर्शिता रखें। संतान की तरक्की से आप उत्साहित रहेंगे। दिनचर्या कुछ अस्त-व्यस्त हो सकती है। अत्यधिक भावुकता और दयालु व्यवहार का लोग लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। दूसरों पर अधिक विश्वास न करें।

**मकर:** आज पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र में सुखद अनुभव प्राप्त होंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से शानदार मुलाकात होगी। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। बच्चों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। आपकी मन :स्थिति थोड़ी विचलित हो सकती है।

**कुंभ:** आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। दूसरों से अधिक अपेक्षा न करें। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। लेखन से जुड़े लोग कुछ नया प्रयास कर सकते हैं।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में मनोवाञ्छित परिणाम मिलने से उत्साहित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं। साहित्य और संगीत में आप रुचि लेंगे। लंबी यात्रा पर जाने का विचार बनायेंगे। आपकी आय में वृद्धि होगी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते ।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है, विद्या की रक्षा अभ्यास से, सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।

## संपादकीय

# अनिश्चितता के बीच

इजराइल-ईरान संघर्ष काफी बढ़ गया है। अमेरिका सीधे तौर पर युद्ध में शामिल हो गया है। रविवार को ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमलों के बाद संयुक्त सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमला पहले से संकटग्रस्त क्षेत्र को और खतरनाक मोड़ पर ले आया है। उन्होंने चेताया था कि ईरान इन हमलों का प्रतिशोध ले सकता है। सोमवार को ईरान ने सीरिया में अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर हमला किया। यानी हालत काबू से बाहर जा रहे हैं। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव बढ़ गया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव का असर विभिन्न क्षेत्रों में महसूस किया जा सकता है, जिसमें व्यापार, राजनीति, और सामाजिक-आर्थिक स्थितियां शामिल हैं। तनाव से वैश्विक व्यापार मार्ग बाधित हो सकता है। भू-राजनीतिक तनाव वैश्विक व्यापार गतिशीलता के लिए कुछ चुनौतियां पेश करते हैं। मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष का सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई से तेल आपूर्ति पर असर पड़ने की उम्मीद है, जिससे तेल की कीमतों में भारी उछाल आएगा। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का करीब 85 फीसदी हिस्सा आयात करता है।

भारत का आयात बिल तेजी से बढ़ सकता है, महंगाई बढ़ सकती है और देश की राजकोषीय स्थिति पर दबाव पड़ सकता है। हालात का असर निर्यात पर भी पड़ेगा। ढुलाई व्यवधान से निर्यातकों के समक्ष चुनौतियां बढ़ गई हैं। देश से ईरान को भेजी गई एक लाख टन बासमती चावल की खेप बंदरगाहों पर अटकी है। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ का कहना है कि निर्यात खेप में देरी और भुगतान को लेकर अनिश्चितता वित्तीय तनाव पैदा कर सकती है। साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव मुद्रास्फीति और लॉजिस्टिक्स लागत दोनों को प्रभावित कर सकता है, लेकिन भारत की विविध ऊर्जा खरीद रणनीति और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई)का सक्रिय रुख नकदी और व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में मदद करता है। राहत की बात है कि भारत का निर्यात क्षेत्र लचीला और अनुकूलनशील बना हुआ है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) का कहना है कि ईरान और इज़राइल दोनों के साथ देश का व्यापार महत्वपूर्ण होने के बावजूद, कुल निर्यात-आयात टोकरी का एक छोटा हिस्सा है। महत्वपूर्ण है कि सरकार और उद्योग जगत संयुक्त रूप से व्यापार प्रभावित न हो इसके लिए कम से कम व्यवधान सुनिश्चित करने को घटनाक्रमों की निगरानी कर रहे हैं।

# कैसे उखड़ने लगे नक्सलियों के पांव



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नक्सल प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में स्कूलों और स्वास्थ्य सेवा केंद्रों का व्यापक विस्तार किया गया। हथियार डाल चुके नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति अपनाकर माओवादियों को मुख्यधारा में फिर से शामिल होने का मार्ग प्रशस्त किया गया।

भारत में लंबे समय से नक्सलियों की हिंसा के कारण मासूम लोग अपनी जान से हाथ धोते रहे हैं। ये बीती सरकारों के लिए सिरदर्द रहे हैं। पर केन्द्र में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद इनके पैर उखड़ने लगे। वे कहते हैं कि नक्सलवाद यदि एक विचार है तो इसे बदलने के लिए काम करना चाहिए और यदि विद्रोह है तो इसे कुचलने के लिए काम करना चाहिए। 2014 में जब नरेंद्र मोदी को देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी बीजेपी ने दी तो उन्होंने अपनी दूसरी ही रैली में बस्तर में जाकर माओवादियों को ललकारते हुए कहा था- "लोकतंत्र को स्वीकार करिए। सभी समस्याओं का सबसे अच्छा समाधान यही है। बम, बंदूक और पिस्तौल खून-खराबा तो कर सकते हैं, लेकिन नया जीवन नहीं दे सकते। हमें खून नहीं, पसीना बहाना है। हमें इस धरती को हरा-भरा बनाना है, लाल नहीं।''

11 साल बाद जब गृह मंत्री अमित शाह यह घोषणा करते हैं कि 2026 तक देश से नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा । यह सही है कि पूर्वी भारत में नक्सल आंदोलन की शुरुआत मुख्य रूप से गरीबी के कारण हुईं। तब की भारत सरकार ने राज्यों के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। उन्हीं दिनों देश में जंगल माफिया, पत्थर माफिया, लकड़ी माफिया, खनिज माफिया पैदा होने लगे। धीरे-धीरे समस्या गहराई तक पहुंचने लगी। फिर यही माफिया अंतर-राज्यीय सीमाओं पर खुले आम अपनी गैरकानूनी गतिविधियों का संचालन करने लगे। खुफिया अड्डे बनाकर भारी मात्रा में असलहे जमा करने लगे और फिर सीधे सरकार को चुनौती देने लगे। हथियारों के बल पर अपने अपने क्षेत्र में साम्यवादी शासन भी चलाने लगे।

कहने की आवश्यकता नहीं कि नक्सली नेताओं ने राजनीतिक नेताओं को भी अपने दबाव में ले लिया और अपने लिए एक बौद्धिक गैंग की आड़ भी तैयार कर ली। यह बौद्धिक गैंग उनके हर खून खराबे को जमीनी संघर्ष का



स्वरूप प्रदान करने लगा, जहां हत्या और लूट मार को किसानों और गरीबों के प्रति शोषण के खिलाफ प्रतिक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया जाने लगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे कथित बुद्धिजीवियों को ही शहरी नक्सली का नाम दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने यह कहने में कोई हिचक नहीं दिखाई कि कांग्रेस इन शहरी नक्सलियों को सरंक्षण देती रही है। बीजेपी नेतृत्व ने इन शहरी नक्सलियों के खतरनाक एजेंडे का पर्दाफाश पूरी दुनिया के सामने किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा - हर कोई देख सकता है कि कांग्रेस उन लोगों के साथ कितनी निकटता से खड़ी है, जो भारत के लिए अच्छे इरादे नहीं रखते हैं।"

बीजेपी नेतृत्व ने वाम विचार धारा को ध्वस्त करने के लिए लोकतांत्रिक तरीकों का बखूबी इस्तेमाल किया। उनके गढ़ में जाकर उनकी ही विचारधारा को चुनौती दी। जनता को पूरी तरह से जागरूक करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और अंत में उन्हें जनता के जरिए ही हाशिये पर बिठा दिया। 2014 के चुनाव में जब मोदी प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बने तो उसी साल वामपंथी सांसदों की संख्या 24 से घटकर 10 हो गई और फिर 2019 के आम चुनाव में लोकसभा में वामपंथियों संख्या 4 रह गई। राष्ट्रवाद के आगे दक्षिणपंथी विचारधारा धराशायी होने लगी। सीपीआई, सीपीआई-मार्क्सवादी और सीपीआई-मार्क्सवादी-लेनिनवादी की राजनीति को देश ने एक तरह

राजनीतिक रूप से एक विजय हासिल करने के साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने वाम रक्त क्रांति को भी देश से समाप्त करने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले वामपंथ के पारंपरिक समर्थकों को उनसे अलग करने की रणनीति बनाई। खासकर ग्रामीण इलाकों में सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किए गए।

से खारिज करना शुरू कर दिया। एक समय वह भी था जब 2004 के आम चुनाव में वामपंथियों ने लोकसभा की 61 सीटें जीती थी। अब केरल के अलावा वाम मोर्चा कहीं भी खड़ा होने की स्थिति में नहीं है। बीजेपी नेतृत्व ने वाम मोर्चे के अहंकार, आत्मसंतुष्टि, भ्रष्टाचार और उनकी राजनीतिक हिंसा को मुद्दा बनाया और उन्हें राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक बना दिया।

राजनीतिक रूप से एक विजय हासिल करने के साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने वाम रक्त क्रांति को भी देश से समाप्त करने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले वामपंथ के पारंपरिक समर्थकों को उनसे अलग करने की रणनीति बनाई। खासकर ग्रामीण इलाकों में सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किए गए। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई। फिर मोदी सरकार ने माओवादी उग्रवाद से निपटने के लिए व्यापक योजना बनाई। माओवादी विद्रोह का मुकाबला करने के लिए स्थानीय लोगों को सशक्त बनाया गया। मोदी सरकार ने स्पष्ट रूप से घोषणा की कि नक्सलवाद के प्रति ज़ीरो टोलेरेन्स रखेंगे। यह प्रण किया गया कि 31 मार्च, 2026 तक वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। फिर गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सुरक्षा अभियान, विकास और पुनर्वास एक एकीकृत योजना लागू की गई। ऑपरेशन कगार चला कर सैकड़ों नक्सलियों का खात्मा किया गया और हजारों को आत्मसमर्पण के लिए तैयार किया गया। परिणाम भी सामने आया। 2014 में जहां 126 जिले नक्सलवाद से प्रभावित थे वहीं 2025 में केवल 6 सबसे अधिक प्रभावित जिले ही बच गए हैं।

नक्सल प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में स्कूलों और स्वास्थ्य सेवा केंद्रों का व्यापक विस्तार किया गया। हथियार डाल चुके नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति अपनाकर माओवादियों को मुख्यधारा में फिर से शामिल होने का मार्ग प्रशस्त किया गया। गृह मंत्री अमित शाह ने बल, सुशासन और समावेशी आउटरीच का एक त्रिस्तरीय फार्मूला अपनाकर नक्सलवाद को खत्म करने का समयबद्ध कार्यक्रम तैयार कर लिया है। जो हथियार डालने के लिए तैयार नहीं हो रहे, उन्हें खत्म करने का अभियान दिन रात चलाया जा रहा है। केवल इसी साल 200 से अधिक हथियारबंद नक्सलियों का सफाया किया जा चुका है। इसके अलावा 600 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया है। आकड़े बताते हैं कि 30 मई 2025 तक 2824 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सलवाद के खिलाफ अभियान को सबसे बड़ी सफलता तब मिली जब 14 मई, 2025 को सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन चलाया। छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित करेंगुट्टालु हिल (केजीएच) पर किए गए इस अभियान में 31 नक्सली मारे गए।

ताजा हालत ये है कि मोदी सरकार ने नक्सलियों को तबाह कर दिया है। जो आदिवासी नक्सलियों के समर्थन में होने के लिए मजबूर किए गए थे वे ही अब नक्सल के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं। आदिवासी अधिकारों के लिए काम जिस गति से हो रहा है, उससे नक्सल समस्या को एक तय समय सीमा में हल करने के प्रति विश्वास पैदा होने लगा है केवल हथियारों से समाजवाद आ सकता है, इस धारणा को बदलने में सफलता मिल रही है।

## प्रसंगवश

# वैश्विक अशांति के बीच नेपाल शांति देशों में शुमार

जब दुनिया के तमाम देशों में मार काट मची हो, ये मेरा ये तेरा को लेकर युद्ध चल रहा हो तब बुद्ध की धरती नेपाल का दुनिया के शांति देशों में सम्मान जनक स्थान पर होना निश्चित ही नेपाल के लिए गर्व की बात है। सच मायने में यह इस बात का भी सबूत है कि नेपाल बुद्ध के पंचशील सिद्धांतों का अक्षरशः पालन करने वाला देश है।

यद्यपि कि नेपाल के कुछ पड़ोसी देश उसकी शांति प्रियता का बेजा फायदा उठाने की ताकत में रहते हैं। इस नन्हें राष्ट्र पर अपना प्रभुत्व जमाने के लिए तमाम तरह के प्रलोभन भी देते रहते हैं। लेकिन नेपाल में शासक कोई भी रहा हो, किसी के अधीन होना स्वीकार नहीं किया। इस होड़ में इस नन्हें राष्ट्र को अशांत करने की कोशिशें भी हुईं लेकिन नेपाल बेदाग का बेदाग बना रहा।

बता दें कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, युद्ध और आर्थिक अस्थिरता के बीच शांति सूचकांक 2025 में पिछले वर्ष की तुलना में 0.36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्था इंस्टिट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस द्वारा जारी ग्लोबल पीस इंडेक्स 2025 में दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद का यह समय विश्व का सबसे अशांत दौर माना गया है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

रिपोर्ट में आइसलैंड को लगातार 2025 में भी सबसे शांतिपूर्ण देश घोषित किया गया है, जबकि रूस को सबसे अशांत देश का दर्जा मिला है। आइसलैंड के बाद सूची में आयरलैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रिया, स्विट्जरलैंड, सिंगापुर, पुर्तगाल, डेनमार्क, स्लोवेनिया और फिनलैंड शामिल हैं। नेपाल को 76वें स्थान पर रखा गया है, जो दक्षिण एशिया में भूटान (21वां स्थान) के बाद दूसरा सबसे शांतिपूर्ण देश है। वहीं, भारत 115 वें और चीन 98 वें स्थान पर है।

सबसे अशांत देशों की सूची में क्रमशः रूस, यूक्रेन, सूडान, कांगो, यमन, अफगानिस्तान, सीरिया, दक्षिण सूडान, इज़राइल



शांति का मतलब केवल संघर्ष से बचना नहीं, बल्कि न्याय, समानता और मानव सम्मान की रक्षा करना है। हमें शिक्षा, धार्मिक संस्थान, मीडिया और नीतियों में शांति को आधार बनाना होगा।

और माली शामिल है। यह सूचकांक देशों में कानून व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, राजनीतिक स्थिरता, हिंसक संघर्ष, सामाजिक न्याय और विदेश नीति के प्रभाव के आधार पर तैयार किया जाता है।

राष्ट्रीय मदरसा संघ नेपाल के महासचिव मौलाना मशहूद खां नेपाली सहित नेपाल के तमाम नामचीन लोगों ने इस रिपोर्ट में नेपाल की प्रगति को सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा कि नेपाल का विश्व के शांतिपूर्ण देशों की सूची में शामिल होना गर्व का विषय है, लेकिन यह केवल उपलब्धि नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। शांति का मतलब केवल संघर्ष से बचना नहीं, बल्कि न्याय, समानता और मानव सम्मान की रक्षा करना है। हमें शिक्षा, धार्मिक संस्थान, मीडिया और नीतियों में शांति को आधार बनाना होगा। किसी भी देश को शांति प्रिय बनाए रखना सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, इसके लिए "मदरसों, स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, मंदिरों, मस्जिदों सहित सभी संस्थानों को शांति का संदेशवाहक बनना चाहिए। हमें बच्चों को केवल शिक्षा नहीं, बल्कि सहिष्णुता और सम्मान भी देना होगा। नेपाल एक ऐसा देश बन रहा है जहां शांति केवल एक रैंकिंग नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय भावना है। यह सफलता दिखाती है कि आर्थिक सीमाएं या क्षेत्रफल किसी देश की महानता का निर्धारण नहीं करते, बल्कि जागरूक और न्यायप्रिय लोग करते हैं।

# प्रकाश प्रदूषणः अदृश्य संकट की उभरती हुई रोशनी

विकास की रफ्तार और रोशनी की चमक ने अंधेरे के अस्तित्व को संकट में डाल दिया है। कभी रात का अंधकारधरती के संतुलन का एक स्वाभाविक हिस्सा हुआ करता था, लेकिन अब वह बिजली की पहुंच से बची-बचाई कुछ जगहों पर ही रह गया है। पहले जहां रातें गहरी होती थीं और आसमान तारों से भरा मिलता था, अब वहां कृत्रिम रोशनी की ऐसी परत चढ़ गई है कि आसमान में स्वाभाविक रूप से तारों का दिख जाना भी एक अनूठा और विशिष्ट अनुभव लगने लगता है। यह बदलाव जितना तकनीकी लगता है, उतना ही गहराई से यह हमारे पर्यावरण और जीवन के ताने-बाने को प्रभावित कर रहा है।

प्रकाश प्रदूषण अब तक हमारी सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा नहीं बन पाया है, क्योंकि यह आंखों से दिखते हुए भी सीधे महसूस नहीं होता। लेकिन इसकी चुपचाप उपस्थिति हमारे आसपास के पेड़-पौधों, पक्षियों, कीटों और यहां तक कि हमारी अपनी नींद और जैविक घड़ी को गड़बड़ा रही है। वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि ज्यादा रोशनी से पक्षियों का प्रवास चक्र, प्रजनन और घोंसले बनाने की आदतें प्रभावित होती हैं। कुछ इलाकों में तो पेड़ों की पत्तियां समय से पहले झड़ने लगी हैं और मौसम के चक्र बिगड़ने लगे हैं। ये संकेत मामूली नहीं हैं- ये हमें बता रहे हैं कि प्रकृति की लय धीरे-धीरे असंतुलित हो रही है।

हमारे शहरों में यह रोशनी अब 'सुरक्षा' और 'सौंदर्यीकरण' के नाम पर योजनाओं का हिस्सा बन चुकी है। सड़कों, झीलों और स्मारकों को रात भर जगमग बनाए रखना अब 'विकास' की निशानी माना जाता है। लेकिन इन योजनाओं में शायद ही कभी यह



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

प्रकाश प्रदूषण कोई एक दिन में हल होने वाली समस्या नहीं है। यह कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जिसका हल सिर्फ नई तकनीक से मिल जाए।



देखा जाता है कि उनके आसपास कितनी जैव विविधता है, और उस पर इसका क्या असर पड़ेगा। अंधकार को जैसे एक रुकावट की तरह देखा जाने लगा है-जबकि वह प्रकृति के लिए उतना ही ज़रूरी है जितनी रोशनी।

कुछ देश इस खतरे को पहले ही पहचान चुके हैं। फ्रांस, जर्मनी और जापान जैसे देशों ने सार्वजनिक स्थलों पर रात्रिकालीन रोशनी के नियम तय किए हैं। कुछ जगहों पर तो तय समय के बाद दुकानें और होर्डिंग्स की लाइट बंद कर दी जाती हैं। भारत में अभी इस दिशा में कोई विशेष कानून या नीति नहीं बनी है, जबकि हमारे यहां की पारिस्थितिक विविधता कहीं अधिक संवेदनशील है। पश्चिमी घाट, हिमालय और गंगा के मैदानों में रहने वाले रात्रिचर जीवों के लिए रात का अंधेरा जीवन का आधार है। जब वहां रोशनी पहुंचती है, तो वह उनकी आदतों और व्यवहारों को बदल देती है-और धीरे-धीरे उनके अस्तित्व को भी।

हमारे पारंपरिक समाजों में रात का अंधकार केवल एक समय नहीं था-वह विश्राम, मौन और आत्मचिंतन का प्रतीक भी था। अब वह मौन खो गया है। शहरों में रात बस एक और 'काम का समय' बन चुकी है। रोशनी वहां उत्पादकता का प्रतीक है, विश्राम का नहीं। और यही वह बुनियादी सोच है, जो हमारे जैविक, मानसिक और सामाजिक संतुलन को धीरे-धीरे कमजोर कर रही है।


प्रकाश प्रदूषण कोई एक दिन में हल होने वाली समस्या नहीं है। यह कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जिसका हल सिर्फ नई तकनीक से मिल जाए। यह समझने की ज़रूरत है कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि सहयोगी होने चाहिए। रोशनी कितनी हो, कहां हो, कितनी देर तक हो- ये तय करना अब ज़रूरी हो गया है। अगर हम समय रहते नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ी शायद अंधेरे में झिलमिलाते तारों को सिर्फ किताबों या कहानियों में ही देख सकेगी।

इस संकट को स्वीकार करना पहला कदम है। जब तक हम इसे एक वास्तविक पर्यावरणीय समस्या की तरह नहीं समझेंगे, तब तक यह धीरे-धीरे हमारे जीवन की स्वाभाविकता को निगलता रहेगा। और सोचिए कि अगर एक दिन अंधकार भी कृत्रिम हो जाए-तो फिर जीवन की असल लय कहां बचेगी?

## सोशल फोरम

# जिंदगी से बड़ी है जिंदगी

हर व्यक्ति की अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग क्षमता होती है, प्रकृति प्रदत्त। सभी की क्षमता सभी क्षेत्रों में नहीं हो सकती। प्रकृति की योजना। यह योजना हमारे लिए अनुत्क्रमणीय है। इस सीमा को महसूस करना और क्षेत्र-सापेक्ष क्षमता का आकलन करना ही हमारे लिए शक्य है। यह जीवन की एक अकाट्य सीमा है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दृढ़ संकल्प से क्षेत्र विशेष में सीमा के विस्तार की संभावना रहती है। किंतु कोई भी विस्तार असीमित नहीं है। इस दृश्य और गम्य संसार में कुछ भी असीमित नहीं है। वह वस्तु या पदार्थ हो, शक्ति या ऊर्जा हो, व्यक्ति या परिघटना हो, कुछ भी असीमित नहीं।

संभवतः इसी रिक्ति को भरने के लिए परम, निःसीम, कालातीत, पूर्ण, अनादि-अनंत परम सत्ता, परम शक्ति, परम चेतना, परम सत्य, ईश्वर की अवधारणा विकसित हुई हो। लोकोत्तरवाद, स्वर्ग-नर्क, मोक्ष, रहस्यवाद, अंतिम फ़ैसला वगैरह की परिकल्पनाएं इसी रिक्ति से निकली हों। विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है। अंतिम सांस तक बनी रहनी है। आकांक्षा और क्षमता के बीच द्वंद्व में तालमेल बिठाने का प्रयास ही ज़िंदगी है। यह प्रयास अंतिम सांस तक चलना है। एक वस्तुगत भुलावे को भुलावा न मानकर लगातार उसे धक्का देने, किसी न किसी प्राप्य को लक्ष्य बनाने और निरंतर उसको प्राप्त करने की ओर आगे बढ़ने के प्रयास का नाम ही ज़िंदगी है।

ज़िंदगी का अंत कब आएगा? पता नहीं। किंतु नए-नए मंसूबे बनाना, उनके लिए नई नई योजनाएं तैयार करना, उन पर आगे बढ़ने की कोशिश करना, ज़िंदगी के अंत तक जारी रहेगा। जीने की प्यास अंत तक बनी रहेगी। अपने सामर्थ्य के घिसते, बिखरते जाने के बावजूद बनी रहेगी। ज़िंदगी की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति के लिए किए गए प्रयास की आकांक्षाएं, प्रयास के सामर्थ्य की आकांक्षाएं... अंतिम सांस तक बनी रहेंगी। ज़िंदगी बीतते जाने के साथ आकांक्षा और क्षमता के बीच छाया अनिश्चितता का कोहरा घना होता जाएगा।

-फेसबुक वॉल से

# क्या होता है लिखने या बोलने से



हफीज किदवई
लेखक

हमें दुनिया के किसी भी मसले पर अपनी पूरी समझ से एक राय देना ठीक लगता है। अपने नज़रिए को बताना सही लगता है। हम हिरोशिमा के परमाणु हमले की हर साल मज़म्मत करते हैं, क्योंकि हम नहीं चाहते दुनिया में यह कहीं दोबारा हो। जबकि हमें कभी हिरोशिमा नहीं जाना। हमारे बुज़ुर्ग रास्ता दिखा गए हैं कि कोई भी देश हो, कोई भी नस्ल हो, कोई भी रंग हो, कोई भी जाति हो, तुम यह देखो की तुम्हारे कदम से सबसे आख़री कमज़ोर व्यक्ति को क्या लाभ पहुंच सकता है, उसे लाभ पहुंचा दो।

जिन्हें लगता है कि ईरान-इज़राइल से हमें क्या वास्ता। जिनको लगता है कि दूसरों के मसलों पर बोलने की हमें क्या ज़रूरत, जिन्हें लगता है कि यार तुम्हारे लिखने, बोलने से उन पर क्या ही फ़र्क़ पड़ता है। जिन्हें लगता है कि हम क्यों इतना लिख-बोल रहे हैं, जबकि यह हमसे कोई बहुत जुड़ा हुआ मुद्दा नहीं है। उनसे हमें कुछ कहना है। जो आप सोचते हैं, हमें भी पता है। हमसे बेहतर कौन जानता है कि यहां लिखने-पढ़ने से उधर फ़र्क़ नहीं पड़ता मगर हम लिखते हैं। असल में दुनिया में कहीं भी कोई मसला गुज़रे और उसमें अगर आपको सही या ग़लत की समझ आए, तो बोलने में क्या बुराई है। ऐसे बहुत से मुद्दे हैं, जिन पर हमें नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि हमारा उनसे कोई जुड़ाव नहीं है। तो क्या बोलने के लिए किसी जुड़ाव की ज़रूरत है। हमें तो यही लगता है कि हमारे पास जो नज़रिया है, उससे टकराने वाली कोई भी बात या फिर उससे जुड़ी कोई भी बात कहीं भी हो, तो कहने में क्या ही जाता है।

हम न किसान हैं और न कभी किसानी की है, तो क्या हम इन पर न ही बोलें। हम तो औरत नहीं हैं, तो क्या जिस मुश्किल का सामना यह करती हैं, उसे न लिखे। एलजीबीटीक्यू समुदाय से जुड़े न होने पर क्या हम इनकी तक़लीफ़ पर न लिखें। हम तो हर चीज़ से पल्ला झाड़ सकते हैं यह कहकर कि इससे हमारा क्या मतलब, मगर यह तो हमसे नहीं हो सकेगा।

अफ्रीका हो, यूरोप हो, अमरीका हो, अस्ट्रेलिया हो, कोरिया हो, एशिया हो या कहीं भी हो,आपको बोलने में तक़लीफ़ क्यों होती है। सबसे आसान है कि मुंह पर चादर डालकर पड़े रहो। जब अपने पर आएगी, तब देखा जाएगा। हम तो उन घरों से आए लोग हैं, जो मोहल्ले या कॉलोनी में अगर कोई मर जाए, तो उसकी मय्यत को अपने घर की मय्यत समझ दुःखी होते है। दूर दराज़ कोई लड़की टॉप करती है, तो खुश होते हैं। सुनीता विलियम्स की सफ़लता पर मुस्कुराते हैं । कल्पना चावला की मौत पर दुःखी होते हैं।

हमें दूसरे मुल्कों की वर्तमान सत्ता तो छोड़िए, पुराने लीडर भी याद हैं। उनके कामों पर नज़र रखते हैं, तभी तो सोच पाते हैं कि हममे क्या बेहतर है या क्या कम है। दुनिया में आए हैं, तो दुनिया को समझिए, उसके लीजिये कुछ कीजिए। ग़लत का विरोध कीजिए, सही का साथ दीजिए, इसके लिए इतना सोचना विचारना क्या। हां जिनमें समझ ही नहीं है, उनसे इस बात की उम्मीद भी नहीं की जानी चाहिए।

यहां लिखने या बोलने से यह होता है कि हम भी अपनी आवाज़ उसमें शामिल कर देते हैं, जिसका रास्ता हमें सही लगता है। कुछ लोग तो ऐसे होते हैं कि उन्हें अपने सगे भाई की दिक्कत से कोई लेना देना नहीं,तो कुछ ऐसे हैं जो दिक्कत में फंसे किसी भी इंसान के लिए तड़प उठते हैं। यह तो इंसान इंसान की संवेदना का अंतर है। कोई है जो चिड़िया, जानवर बचाता है, मगर इंसान के मिटने पर खुश होता है, तो क्या किया जाए। वही कीजिए, जो आपको सही लगे, हमें यही सही लगता है ।

हमें दुनिया के किसी भी मसले पर अपनी पूरी समझ से एक राय देना ठीक लगता है। अपने नज़रिए को बताना सही लगता है। हम हिरोशिमा के परमाणु हमले की हर साल मज़म्मत करते हैं, क्योंकि हम नहीं चाहते दुनिया में यह कहीं दोबारा हो। जबकि हमें कभी हिरोशिमा नहीं जाना।

हमारे बुज़ुर्ग रास्ता दिखा गए हैं कि कोई भी देश हो, कोई भी नस्ल हो, कोई भी रंग हो, कोई भी जाति हो, तुम यह देखो की तुम्हारे कदम से सबसे आख़री कमज़ोर व्यक्ति को क्या लाभ पहुंच सकता है, उसे लाभ पहुंचा दो। ज़ालिम और मज़लूम में पहचान करो और मज़लूम के साथ खड़े हो जाओ। ज़ुल्म के दोस्त मत बनो। अब इन बेसिक समझ के लिए न कोई रॉकेट साइंस लगनी है और न ही सरहद....

तो भाई लिखने से कुछ होए या न होए, कम से कम तुम्हे यो पता चल रहा है कि किसका पक्ष क्या है, नज़रिया क्या है, सोच कैसी है। यही बहुत है। लिखने से तुम्हारी आंखों में तो कोई पर्दा नहीं रह जाएगा,समझ लो इसीलिए लिखते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# बिजली-पानी की समस्या, अधिवक्ताओं का फूटा आक्रोश

## अधिवक्ता संघ ने निस्तारण की मांग को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन देने जाते अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लगातार 27 घंटे बिजली की अघोषित कटौती से मुख्यालय में हाहाकार मचा रहा। बिजली पानी की समस्या से जूझ रहे मुख्यालय वासियों के सहयोग में अधिवक्ता संघ ने सोमवार को न्यायिक कार्य से विरत रहकर जजी से लेकर कलेक्ट्रेट तक प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है।

बता दें कि बीते शनिवार की शाम हुई हल्की बारिश के बीच विद्युत विभाग ने बिजली सप्लाई बंद कर दी थी। जिसके बाद लगातार 27 घंटे सप्लाई चालू नहीं की। इस दौरान पानी की आपूर्ति भी न मिलने से मुख्यालय के लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। हताश होकर शनिवार की रात पावर हाउस के बाहर सड़क जाम कर मुर्दाबाद के नारे लगाए। जनाक्रोश बढ़ता देख जिला प्रशासन के साथ सदर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों को समझाया। लेकिन लोगों ने किसी की न सुनते हुए जब तक बिजली नहीं तब तक जाम नहीं हटने की बात कह कर डट गए। लगभग साढ़े दस बजे के आस पास बिजली सप्लाई शुरू होने के बाद लोगों ने जाम खोल कर अपने अपने घर को चले गए। सोमवार को बिजली पानी की समस्याओं से परेशान लोगों के सहयोग में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भगवानदास दीक्षित और महामंत्री शैलेन्द्र सचान के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों से विरत रहे। अधिवक्ता जजी परिसर से प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां बिजली पानी की समस्या को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि मुख्यालय की विद्युत आपूर्ति सुमेरपुर पावर स्टेशन से होती है। सुमेरपुर पावर स्टेशन से होने के कारण अक्सर विद्युत आपूर्ति बाधित होती है। बताया कि पहले प्रत्येक ट्यूबवेल के पास जनरेटर की व्यवस्था होती थी, उसे भी बंद कर दिया गया है। बीते शनिवार की शाम छह बजे से विद्युत आपूर्ति ठप होने के बाद रविवार की देर रात बिजली सप्लाई चालू होने के बीच लोगों को उमस भरी गर्मी और पानी की समस्याओं से जूझना पड़ा है। उन्होंने नियमित विद्युत आपूर्ति के लिए पतारा स्थित पावर स्टेशन से मुख्यालय को जोड़ने, जलापूर्ति करने वाले नलकूपों में जनरेटर की पूर्व की तरह व्यवस्था को बहाल करने, ठेकेदारी व्यवस्था से हटाकर विद्युत विभाग के जिम्मेदारी में रखने की मांग की है। जिलाधिकारी ने दो दिनों में विद्युत व्यवस्था सुचारू करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान कमलेश कुमार धुरिया, अमरजीत शुक्ला, स्वदेश सचान, सागर मिश्रा सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## डीएम ने विद्युत कर्मियों को फटकारा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


पतारा पावर हाउस से आने वाली लाइन का निरीक्षण करते डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विद्युत अव्यवस्था की शिकायतें लगातार प्राप्त होने पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने सोमवार को विद्युत एक्सईएन लेखराज सिंह को तलब किया। उन्होंने बिजली सप्लाई में आ रही दिक्कतों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पतारा फीडर से मुख्यालय को जोड़ने वाली लाइन का के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित ठेकेदार और बिजली कर्मियों को फटकार लगाते हुए दो दिनों में कार्य पूर्ण कर बिजली आपूर्ति चालू करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिम्मेदारों को फटकार लगाते हुए दो दिन में व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए।

लोगों के आक्रोश को देखते हुए जिला प्रशासन भी सख्त हुआ है। बिजली की अघोषित कटौती को लेकर जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए बिजली आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक्सईएन से वार्ता कर बिजली आपूर्ति में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने पतारा स्थित पावर हाउस का निरीक्षण किया। पतारा से हमीरपुर आने वाली लाइन का कार्य देखा। संबंधित ठेकेदार व कर्मचारियों को युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए दो दिनों के अंदर लाइन को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत व्यवस्था के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की पावर हाउस में तैनाती की है। जो कि अलग अलग समय पर तीनों प्रशासनिक अधिकारी 24 घंटे वहां मौजूद रहेंगे। इसके बाद उन्होंने पेयजल समस्या को लेकर जल संस्थान पहुंच कर पानी सप्लाई को लेकर अधिशासी अभियंता से बात की। उन्होंने समस्या के दौरान तीन जनरेटर की व्यवस्था कर मुख्यालय को पानी सप्लाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कंट्रोल रूम स्थापित कर पेयजल समस्या को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी (सदर) सुक्रमा प्रसाद विश्वकर्मा, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, एसडीओ विद्युत सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। उधर अधिशासी अभियंता जल संस्थान ने बताया कि पेयजल समस्या / शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिसका दूरभाष नं0.05282.223776 है। पेयजल समस्या के लिए जल संस्थान कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

- पतारा पावर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

# विधायक निधि से सड़क निर्माण शुरू

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)


सीसी सड़क निर्माण के लिए डाली गई गिट्टी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के कंडौर गांव में आम रास्ता में जलभराव होने से गांव की ग्रामीणों को आवागमन करने में परेशानी उठानी पड़ रही थी। जिसकी खबर अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिस पर सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति ने गांव की ग्रामीणों की समस्या को संज्ञान में लेकर 350 मीटर सड़क 21 लाख की लागत से निर्माण कार्य शुरू कराया है। जिससे ग्रामीणों ने विधायक का आभार प्रकट किया है।

विकासखंड क्षेत्र के कंडौर गांव में बीते 20 जून को हुई झमाझम बारिश से रास्ते में जल भराव हो गया था। जिससे ग्रामीणों को बारिश के गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा था। जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस खबर को अमृत विचार ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने पर मामले को संज्ञान में लेकर सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति ने विधायक निधि से 21 लाख की धनराशि जारी करते हुए 350 मीटर सीसी निर्माण कार्य का कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। सोमवार से निर्माण कार्य शुरू भी हो गया। जिससे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमाशंकर सहित ग्रामीणों ने सदर विधायक का आभार प्रकट किया है।

- 21 लाख से 350 मीटर सीसी सड़क का होगा निर्माण

## फोन पर दे रहा जान से मारने की धमकी

**मौदहा (हमीरपुर)।** बाहर रहकर मजदूरी करने वाले युवक को गांव के दबंग युवक द्वारा फोन पर जान से मारने की धमकी देने की युवक ने शिकायत दर्ज कराई है।

बिवांर थानाक्षेत्र के ग्राम महेरा निवासी चंद्रपाल पुत्र मुन्नीलाल लोधी ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह गांव के युवक कपिल के साथ नागपुर में पेंटिंग का काम करता है। लेकिन गांव का शत्रुघ्न पुत्र दिविया लोधी लगातार फोन पर बेवजह गाली गलौज कर गांव आने पर काट कर नाले में फेंक देने की धमकी दे रहा है। जिससे पीड़ित और गांव में पीड़ित का परिवार भयभीत है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सोते समय जहरीले कीड़े के काटने से युवक की गई जान

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


अतीश।

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के मझगवां थानाक्षेत्र के उमन्निया गांव में रात में सोते समय जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।

मझगवां क्षेत्र के उमन्निया गांव का निवासी अतीश (19) पुत्र छत्रपाल रात में अपने घर के बरामदे में सो रहा था। तभी अचानक उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। अतीश की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे पनवाड़ी के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। लेकिन वहां पर हालत में सुधार न होते देख परिजन उसे झांसी ले गए। जहां झांसी पहुंचते ही युवक की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि अतीश मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार के भरण पोषण में सहयोग करता था। वह अपने पीछे भाई दिलीप, प्रेमचंद और आंसू सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मामले में मझगवां थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

# कूलर में उतरे करंट की चपेट में आने से युवक की थमीं सांसें

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के चरखारी रोड सिकंदरपुरा मोहल्ले में सोमवार की सुबह कूलर में आ रहे करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही परिवार में कोहराम मच गया।

कस्बे के चरखारी रोड सिकंदरपुरा इलाके के निवासी प्रमोद (41) पुत्र अंतराम की सोमवार की सुबह करीब 8:30 बजे नहाने के बाद कूलर को छू लिया, जिससे उसमें आ रहे करंट की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। जब परिजनों ने उसे जमीन पर पड़ा हुआ देखा तो उसे आनन फानन में कस्बे की सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्रमोद को मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक प्रमोद मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। जो कि अपने पीछे पत्नी रामप्यारी और मां सुमितरानी के अलावा पुत्री महक और खुशी सहित इकलौते पुत्र दीपेंद्र को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है।

# जनसंघ संस्थापक की पुण्यतिथि पर पौधरोपण किया

**कुरारा (हमीरपुर)।** जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस पर वन विभाग द्वारा जखेला गांव के मार्कण्डेय ऋषि तपोभूमि स्थान पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और उनकी याद में पौधे रोपित किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए क्षेत्रीय वनाधिकारी डीएन पांडेय ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय राजनीति के एक महान नेता और राष्ट्रवादी थे। उन्होंने भारतीय समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करने के लिए कई कार्य किए। उन्होंने जम्मू और कश्मीर में भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए अपना जीवन अर्पित किया। उनका चरित्र अत्यधिक प्रेरणादायक और समर्पित था। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने भी उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, मण्डल प्रभारी विशेष नायक, मण्डल अध्यक्ष मोहन कुशवाहा, प्रधान प्रतिनिधि अंकित सिंह, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी तौहीक खान, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे धीरेन्द्र सिंह व समस्त स्टाफ एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय वनाधिकारी ने सभी को शुद्ध वायु को पाने के लिए वृक्ष लगाने को प्रेरित किया।


पौधे रोपित करते डीएफओ व भाजपा जिलाध्यक्ष सहित अन्य। अमृत विचार

**अव्यवस्था** | सिकंदरपुरा मोहल्ले में नालों की सफाई न होने से समस्या

# हल्की बारिश में ही बाढ़ के हालात, सड़कों पर घुटनों तक पानी

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


सिकंदरपुरा मोहल्ले में सड़क पर भरे पानी से गुजरते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोमवार की दोपहर झमाझम बारिश होने से नगर पालिका के सफाई अभियान की पोल खुल कर सामने आ गई। नगर पालिका द्वारा पिछले कुछ दिनों से की जा रही नालों की सफाई बेमकसद साबित हुई। दोपहर में हुई बारिश से सिकंदरपुरा मोहल्ले में कबीर चौरा मंदिर वाली सड़क में घुटनों तक पानी भर गया। सड़क पर पानी भरने से सड़क किनारे रहने वाले आधा दर्जन से अधिक लोगों के घरों में पानी घुस गया। जिससे लोगों में खासी नाराजगी देखी गई।

गौरतलब है कि नगर पालिका द्वारा पूरे कस्बे के बने नालों की सफाई का कार्य कराया था। सफाई कार्य में लाखों रुपये खर्च किए थे। परंतु हल्की सी बारिश होते ही नालों की सफाई अभियान की पोल खुलकर सामने आ गई। सोमवार की दोपहर हुई झमाझम बारिश सिकंदरपुरा मोहल्ला स्थित कबीर चौरा मंदिर के पास बनी सड़क में घुटनों तक पानी भर गया। सड़क से सटे तालाब में पानी की निकासी न होने के कारण लोगों के घरों के अंदर पानी घुस गया। लाखन सिंह, कपिल मिश्रा, सोनू आदि ने बताया तालाब के पास साफ सफाई में नगर पालिका द्वारा खानापूरी की। इससे जलभराव हो गया। यहां तक कि नालों से निकाला गया मलवा भी नहीं उठाया गया जिससे बारिश होते ही मलवा फिर पानी में बह गया। नाली और नालों की सफाई न होने से लोगों में रोष पनप रहा है। इस संबंध में नगर पालिका की सफाई व्यवस्था देखने वाले मोहित शर्मा का कहना था कि वह देख कर जल निकासी की व्यवस्था करा रहे हैं।


ब्लॉक प्रमुख को ज्ञापन देते ग्रामीण। अमृत विचार

## मिहुना में बारिश का पानी लोगों के घरों में घुसा

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** ग्राम पंचायत मिहुना में बारिश का पानी गांव में घुस जाने से लोगों का आवागमन ठप हो गया। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत ब्लॉक प्रमुख से की है। ब्लॉक प्रमुख ने समस्या के समाधान के लिए खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया है। मिहुना गांव निवासी गुलाब यादव, महेंद्र कुमार, संगीता, संतोष कुमारी, मीरा, शैलेंद्र, पंकज, श्यामकली, प्रेमा, श्यामबाबू आदि ने ब्लॉक प्रमुख जय नारायण सिंह यादव को शिकायत सौंपी। जिसमें अवगत कराया है कि गांव के मध्य एक वर्ष पूर्व जिला पंचायत ने सीसी मार्ग का निर्माण कराया था। इस मार्ग के किनारे नाली निर्माण न होने से गांव का गंदा पानी मध्य में खाली पड़ी जगह पर एकत्र होता रहा है। बारिश होने के बाद यह पानी बस्ती में घुस गया है। जिससे लोगों का आवागमन बंद हो गया है।


आकाशीय बिजली गिरने से गिरा मकान का छज्जा।

## आकाशीय बिजली गिरने से मकान का छज्जा क्षतिग्रस्त

**पौथिया (हमीरपुर)।** रविवार की रात हुई बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से गांव में एक मकान का छज्जा गिर गया। घटना में घर के लोग बाल बाल बच गए। गांव स्थित बस्ती के अंदर रज्जू गुप्ता ने बताया कि रविवार की रात बारिश के बीच अचानक तेज तड़कन हुई और मकान के आगे का हिस्सा आकाशीय बिजली गिरने से भरभरा कर गिर गया। बताया कि इस घटना में घर के लोग सुरक्षित बच गए। बताया कि दहशत के चलते रात में नींद नहीं आई।

## सार-संक्षेप

### तीन आरोपियों को किया जिला बदर

**हमीरपुर।** जनपद को अपराध मुक्त व भयमुक्त बनाने के उद्देश्य से जनपद के आपराधिक प्रवृत्ति के 03 लोगों पर जिला मजिस्ट्रेट घनश्याम मीना ने शिकंजा कसते हुए जिला बदर किया है। जिला मजिस्ट्रेट ने उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत बीरपाल ऊर्फ वीरपाल पुत्र हरचरन राजपूत, लखन राजपूत पुत्र हरचरन व दृग सिंह उर्फ दृगपाल सिंह राजपूत पुत्र बृजपाल निवासीगण ग्राम कैंथा थाना राठ के खिलाफ जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला बदर किए गए इन लोगों को जिलाधिकारी ने 6 माह के लिए जनपद से निष्कासित किया है तथा आदेश दिए हैं कि निष्कासन की अवधि में वह जनपद की सीमा में प्रवेश न करें। जनपद से बाहर जहां वह निवास करेंगे वहां का पता जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय एवं वहां के थाने को देंगे। वहां पर किसी प्रकार शस्त्र या हथियार लेकर नहीं चलेंगे। इस आदेश का अनुपालन करने के लिए संबंधित को एक-एक लाख रुपये की दो प्रतिभूतियों एवं इतनी धनराशि का व्यक्तिगत बंधपत्र दाखिल करना होगा।

### महिला को कुल्हाड़ी मारकर किया लहूलुहान

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** बीती रात देवगांव में पानी भरने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने महिला को घर में घुसकर कुल्हाड़ी मार कर लहूलुहान कर दिया। महिला को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया। हालत नाजुक होने पर उसे कानपुर रेफर किया गया है। दबंगों ने छह माह पूर्व भी हमला बोला था। देवगांव निवासी दिलीप साहू ने बताया कि उसकी मां रामप्यारी साहू का पड़ोसी राजकुमार साहू से पुराना विवाद है। रविवार को देर रात पानी भरने को लेकर दोनों के मध्य विवाद हो गया। राजकुमार साहू ने पत्नी सुमन साहू, भाई शिव सागर साहू एवं अन्य परिजनों के साथ घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए कुल्हाड़ी मारकर मां को घायल कर दिया। साथ ही जान से मार देने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।


तहसीलदार को ज्ञापन देते संगठन के लोग। अमृत विचार

### संगम दलित अधिकार विकास मंच ने सौंपा ज्ञापन

**मौदहा (हमीरपुर)।** दलितोद्धार और भूमिहीन दलितों को रिहायशी और कृषि भूमि दिलाने के उद्देश्य से संगम दलित अधिकार विकास मंच एक पखवाड़े से पदयात्रा और गोष्ठियों का आयोजन करता चला आ रहा है। संगठन ने दलितों को जागरूक करने के साथ ही उनके आवेदन कराने और उन्हें रिहायशी जमीन दिलाने की कवायद शुरू करते हुए उपजिलाधिकारी को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा है। जिसमें तहसील के गढा, बैजेमऊ, सिसोलर, परेहटा, किसवाही, सिसोलर आदि के भूमिहीनों को खेती और जमीन दिलाने की मांग की गई है। इस दौरान संगठन के शारदा, संगीता, नीलम, गीता, देशराज वर्मा, उमाशंकर, अनिल कुमार, पंकज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


पौथिया गांव का जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र। अमृत विचार

### आंगनबाड़ी केंद्र का जर्जर भवन दे रहा हादसे को दावत

**पौथिया (हमीरपुर)।** गांव के सब्जी मंडी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह जर्जर हालत में पहुंच गया है। जिससे यहां आने वाले नौनिहालों के साथ कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। सुमेरपुर विकासखंड क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले गांव पौथिया के सब्जी मंडी में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। जो पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। भवन में बड़ी बड़ी दरारें होने के साथ बरसात के समय छत से पानी टपकता है। जिससे यहां आने वाले नौनिहालों के साथ कभी भी कोई बड़ा हादसा होने का खतरा लगातार मंडरा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री अंजू ने बताया केंद्र की छत जर्जर है। कभी भी भवन गिर सकता है। सुरक्षा की दृष्टि से बच्चों को दूसरी जगह बैठाकर शिक्षण कार्य करती है। वहीं प्रधान बंदना सचान ने बताया जर्जर केंद्र की जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह को दी जा चुकी है। लेकिन अभी तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है।


डॉ .श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाते भाजपाई। अमृत विचार

### जनसंघ के संस्थापक की मनाई पुण्यतिथि

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** जनसंघ के संस्थापक एक देश दो विधान के विरोधी, राष्ट्रीय एकता के प्रबल समर्थक डॉ .श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि सदर विधायक के आवास पर बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। जनसंघ के संस्थापक डॉ .श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि सदर विधायक के आवास पर भाजपाइयों ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया। उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सदर विधायक डॉ .मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि मुखर्जी एक देश दो विधान के मुखर विरोधी थे। उनके इसी विरोध के चलते उन्हें जेल में डाल दिया गया था। जेल में ही उन्होंने 23 जून 1953 को अंतिम सांस ली थी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, अरविंद श्रीवास्तव, मोनू गुप्ता, कमलेश प्रजापति, शैलेंद्र सिंह दीपू, पूर्व प्रधान बिहारी लाल प्रजापति आदि मौजूद रहे।


खनन निदेशक को ज्ञापन देने जाते अपनादल एस के जिलाध्यक्ष।

### अपनादल एस के जिलाध्यक्ष ने की अवैध खनन की शिकायत

**हमीरपुर।** अपनादल एस के जिलाध्यक्ष महेन्द्र कुमार राजपूत ने खनन निदेशक माला श्रीवास्तव को ज्ञापन देकर जनपद में हो रहे अवैध खनन की शिकायत की। उनके साथ समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह परिहार ने झांसी क्षेत्र से चल रही खदान को नदी पर अवैध पुल बनाकर प्रतिबंधित पोकलैंड मशीनों से खनन करने का आरोप लगा कर पत्र सौंपा। कहा कि जनपद झांसी की सीमा छोड़कर हमीरपुर की सीमा में रात दिन अवैध खनन कर करोड़ों रुपये के राजस्व को चूना लगाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष महेन्द्र राजपूत ने बताया कि सरीला तहसील के भेड़ी खण्ड संख्या 2/16 में विनोद शर्मा द्वारा अपने खण्ड के अलावा खंड 1/14 के साथ निजी भूमि एवं वन विभाग से अवैध खनन किया जाता है। आरोप लगाया कि इन सभी कार्यों में हमीरपुर के खनिज अधिकारी की भी संलिप्तता रहती है। अगर कोई टीम जांच के लिए जाती है तो उसको लोकल प्रशासन व खनिज विभाग के लोग पहले सूचना दे देते है। उन्होंने इसकी जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# पहली ही बारिश में मार्गों में भरा पानी, आवागमन बाधित

संवाददाता जैतपुर, महोबा

**अमृत विचार।** सोमवार को हुई बारिश ने ग्राम प्रधान द्वारा कराई जा रही सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। नाली निर्माण और सफाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी कीचड़ से पटी पड़ी नालियों में पानी भर जाने से सड़कें और गलियां पानी से सराबोर हो गईं। मार्गों में जगह-जगह जल भराव के चलते ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम प्रधान द्वारा न तो ठीक से तरह से नालियों का निर्माण कराया गया है और न ही सफाई व्यवस्था कराई जा रही है। महीनों से नालियों की सफाई न होने से पहली ही बारिश में जल निकासी न होने से मार्गों और सड़कों में पानी भर जाने से ग्रामीणों में खासा गुस्सा दिखाई दिया। नालियों की सफाई न होने से जल निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे ग्रामीणों के घरों में पानी घुस रहा है। ग्राम प्रधान को पूर्व में इस बावत अवगत कराया गया था, लेकिन कोई ध्यान न देने से बारिश मे कीचड़ युक्त सड़कें और गलियां लोगों के लिए मुसीबत बन गई है।



मार्ग में भरा पानी। अमृत विचार

- जल निकासी न होने से लोगों को भारी दिक्कत

### खरीफ की बुवाई की तैयारी में जुटे किसान

**कुलपहाड़, महोबा।** इस साल समय से मानसून के आने पर खरीफ की फसल की समय पर बुवाई हो सकेगी। समय से हुई अच्छी बारिश से किसान गदगद है। समय से बारिश हो जाने से इस दफा उर्द, मूंग और मूंगफली की अच्छी पैदावार होने की किसानों को उम्मीद जागी है। समय से अच्छी बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे है। पिछले तीन दिनों से रुक–रुक कर हो रही बारिश का पानी खेतों में समाता जा रहा है। जिससे किसान अब खेतों को तैयार करने की तैयारी में जुट गया है। किसानों का कहना है कि खेतों की जुताई बुवाई के हिसाब से पर्याप्त पानी हो गया है, अब किसान मौसम खुलने का इंतजार कर रहे हैं। जिससे खेतों में हल, बैल और ट्रैक्टर चलाकर खेतों को समय से तैयार कर लिया जाए। खरीफ की फसल में किसान मूंग, तिल, ज्वार और मूंगफली की बुवाई करते है। पिछले कई सालों से समय से बारिश न होने के कारण खरीफ की फसल की पैदावार कम होती थी, कभी बारिश कम होने से फसल सूख जाती थी तो कभी समय से बारिश न होने से समय से खरीफ की फसल की बुवाई नहीं हो पाती थी। इससे उत्पादन क्षमता घट जाती थी, पिछले साल समय से बारिश न होने से मूंगफली में पिछली बार किसानों को नुकसान उठाना पड़ा था। इस साल बारिश को देखते हुए किसान उर्द, मूंग और मूंगफली को बोने के लिए तैयारी कर रहे हैं। इस साल समय से बारिश होने के कारण किसान खासा गदगद है।

## सांप के डसने से सो रही महिला की मौत

**महोबा।** कोतवाली चरखारी कि गांव नौसारा में घर पर चारपाई में सोते समय एक सांप ने रात्रि 12 बजे महिला को डस लिया, उपचार के दौरान उसकी जिला अस्पताल में मौत हो गई।

नौसारा निवासी मती 70 पत्नी दुली चंद रात को चारपाई में सो रही थी। तभी घर में घुसे सांप ने उसे डस लिया। महिला की आंख खुली उसकी चीख पुकार सुनकर घर के लोग दौड़ पड़े और महिला को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी ले गये। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में महिला की उपचार के दौरान सोमवार सुबह मौत हो गई।

## सार-संक्षेप



रचना सुनाते कवि। अमृत विचार

### ये तो केवल झांकी है, दुश्मन को अभी फिल्म दिखाना ...

**महोबा।** साहित्य कला साधकों की संस्था कलार्पण जनपद इकाई महोबा के तत्वावधान में कस्बा कुलपहाड़ में रामलला मंदिर प्रांगण में स्थापना दिवस व नए पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष पं. जगप्रसाद तिवारी और मुख्य अतिथि जिला पर्यटन अधिकारी ने दी प्रज्ज्वलित कर की। कवि संतोष द्विवेदी ने जय वीणा वादिनी मां करदे कृपा सुनाई। जगप्रसाद तिवारी अपने काव्य पाठ बुन्देली भाषा की रसधार बहा दी, कहां गईं वे रीत रिवाजें, कहां गईं वे रातें सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। जिला पर्यटन अधिकारी ने कहा कि साहित्यकार समाज की दिशा और दशा तय करने का काम करते है। उन्होंने रामलला मंदिर और तालाब को ऐतिहासिक बताया। शिव नारायन खरे ने सदियों से राम अविराम तब नाम लेके रचना सुनाई। संतोष द्विवेदी बिगुल ने रचना सुनाई शादी अब बर्बादी है। जय नारायन तिवारी ने रचना सुनाई मना रहे है आज सभी दिवस स्थापना, कलार्पण अपने शिखर को चूमे मेरी यही है कामना। विष्णु कुमार गुप्ता ने पहलगाम का बदला नहीं ये तो केवल झांकी है दुश्मन को अभी फिल्म दिखाना बाकी है रचना सुनाकर दर्शकों में जोश भर दिया। इस मौके पर ब्रजेश पाठक, सुनील सक्सेना, नीतेंद्र चैबे, सहित तामम कवियों ने रचना सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन नीतेंद्र चौबे ने किया।

### रोडवेज बस में परिचालक के सोने का वीडियो वायरल

**राठ (हमीरपुर)।** रोडवेज बस में तैनात एक परिचालक का बस संचालन के दौरान दो सीटों पर सोने का वीडियो वायरल हो गया। मामले में एआरएम ने जांच की बात कही है। राठ रोडवेज से प्रतिदिन राठ से झांसी के लिए सुबह 6 बजे से लेकर रात 9.30 बजे तक एक दर्जन से अधिक बसों का संचालन होता है। झांसी से वापसी के लिए डेढ़ बजे से बसें राठ के लिए चलनी शुरू हो जाती है। सोमवार की रात करीब 2.30 बजे राठ रोजवेज की बस संख्या यूपी 78 केटी 2837 झांसी से राठ के लिए एक दर्जन से अधिक सवारियों को बैठाकर चली। बस के परिचालक सवारियों का टिकट बनाकर ड्यूटी के प्रति गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाते हुए गेट खुला छोड़ आगे की दो सीटों पर पैर फैलाकर सो गया। इस दौरान बस में मौजूद सवारियों ने जब आगे की सीट पर बैठने की बात कही तो उन्हें झल्लाते हुए पीछे बैठा दिया। आगे बैठी सवारियों ने परिचालक का सोते हुए वीडियो बना लिया। जो वायरल होकर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में रोडवेज के एआरएम संतोष कुमार का कहना है कि वीडियो उन तक पहुंच गया है। परिचालक के गैर जिम्मेदाराना रवैये की जांच करा कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम से की अस्पताल में वार्ड और बेड बढ़ाने की मांग

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे में संचालित सीएचसी में बेड क्षमता निर्धारित होने के कारण लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हालांकि इस मामले को लेकर समय–समय पर मांगे की जाती रही है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी नियमों की दुहाई देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। कस्बे के युवक ललित शर्मा ने जिलाधिकारी को दिए पत्र में बताया कि कस्बा सहित तहसील में लगभग एक सैकड़ा ग्राम पंचायतों के गांवों की संख्या और अधिक है। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमों के अनुसार 20 शैय्या बेड हैं। लेकिन जिस तरह से आबादी बढ़ रही है और स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी हो रही है। उसके अनुसार चिल्ड्रन वार्ड, बर्न वार्ड सहित अन्य वार्ड बढ़ोने की जरुरत है। क्योंकि बीस शैय्या बेड होने के चलते आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं कभी कभी तो एक एक बेड पर तीन तीन मरीजों को लेटना पड़ता है। ललित ने जिलाधिकारी से अस्पताल में अतिरिक्त वार्ड जैसे चिल्ड्रन वार्ड, बर्न वार्ड सहित अन्य वार्ड और बेड बढ़ाने की मांग की है।

### पति ने बच्चों के साथ पत्नी को घर से बाहर निकाला

**महोबा।** पनवाड़ी थाना क्षेत्र के देवगनपुरा गांव में पत्नी से नाराज पति ने बच्चों समेत पत्नी को घर से बाहर निकाला। अब पत्नी बेघर होकर बच्चों के साथ दर दर की ठोकरें खाती इधर उधर भटक रही है। पनवाड़ी पुलिस को भी शिकायती पत्र देने के बाद उसकी कोई मदद नही की। सोमवार को अब पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक की चैखट में पहुंच कर न्याय की गुहार लगाते हुए एसपी को शिकायती पत्र सौंपा। देवगनपुरा निवासी सविता ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पति धर्मेंद्र कई वर्षो से उसे और तीनों बच्चों को प्रताड़ित कर रहे हैं। उत्पीड़न सहने के बाद भी पत्नी पति धर्म निभाती चली आ रही है, लेकिन पति आज तक नही पसीजा और अब उसने बच्चों समेत पत्नी को घर से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। पीड़िता ने एसपी को बताया कि पति ने अब उसका खाना. पीना बंद कर दिया था। उसके बाद भी वह थोड़ा बहुत रूखा सूखा खाकर गुजर बसर कर रही थी। घरेलू सामान और अनाज पर भी उसका अधिकार खत्म कर दिया था। उसके बाद भी वह घर के एक कोने में बच्चों के सहारे पड़ी रहती थी। अब पति ने पत्नी को बाहर करके सारे रिश्ते नाते तोड़ दिए है और मारपीट कर घर से बाहर भगा दिया। बेटी प्राची 13 गंभीर रूप से बीमार है। पति उसका कोई इलाज नही करा रहा है।



एसपी को शिकायती पत्र देने जाती पीड़ित महिला।

### एक दिवसीय रोजगार मेला 26 को

**हमीरपुर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि निदेशालय प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार कार्यालय द्वारा 26 जून गुरुवार को प्रातः 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुमेरपुर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जॉब फेयर में कई प्रतिष्ठित कंपनियों / नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना rojgaarsangam.up.gov.in ऑनलाइन आवेदन करते हुये अपने समस्त शैक्षिक मूल प्रमाण पत्रों व फोटो सहित उक्त तिथि व समय पर मेले में प्रतिभाग करते हुए इस अवसर का लाभ उठा सकते है। किसी कारणवश ऑनलाइन न कर पाने की स्थिति में आप सीधे भी प्रतिभाग कर सकते है।

## एक नजर

### ससुर के खिलाफ तहरीर दी

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि नहाते समय ससुर दरवाजे में लात मार कर खोल देता है। विरोध करने पर अभद्रता कर मारपीट करने के लिए आमादा हो जाता है और घर से बाहर निकाल देने की धमकी देता है। ससुर की इन हरकतों से आहत होकर महिला ने उसके खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। एसआई रवीन्द्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

### ई-रिक्शा पलटने से दो महिलाएं घायल

**कुरारा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के जखेला गांव निवासी रश्मि (35) पत्नी रिंकू व उमा (38) पत्नी अजय ई–रिक्शा में कस्बे से गांव वापस जा रही थी। तभी रास्ते में ई–रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे दोनों महिलाएं घायल हो गईं। जानकारी मिलने पर परिजन दोनों को लेकर कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया। जहां उमा की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# पेंशन नियमों में संशोधन के विरोध में प्रदर्शन

## कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रभारी डीएम को सौंपा ज्ञापन, वित्त विधेयक-2025 में किए गए संशोधनों को वापस लेने की मांग

कार्यालय संवाददाता, महोबा


**अमृत विचार।** पेंशन नियमों में किए गए संशोधनों के विरोध में सोमवार को सैकड़ों पेंशनरों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर विरोध जताया। इस दौरान पेंशनरों में आक्रोष दिखा। ठीक तरह से चल फिर न पाने वाले बुजुर्ग पेंशनर भी कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रभारी जिलाधिकारी राम प्रकाश को सौंपा। प्रभारी डीएम ने ज्ञापन लेने के बाद प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजे जाने का आश्वासन दिया।

ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर वरिष्ठ नागरिक पेंशन सेवा संस्थान महोबा के बैनर तले पेंशनरों ने जिला कोषागार परिसर से जुलूस निकाला। जुलूस दौरान पेंशनर सिर पर सफेद गांधी टोपी लगाए हुए चल रहे थे। जुलूस दौरान पेंशनरों ने पेंशनर एकता जिंदाबाद, पेंशनरों के साथ भेदभाव नहीं चलेगा, भारी संख्या में जुलूस में शामिल हुए पेंशनर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां पर प्रदर्शन करने के बाद अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार द्वारा वित्त विधेयक 2025 में किए गए संशोधनों को वापस लेने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि नए नियम उनके हितों के विरुद्ध हैं। इससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जुलूस के बाद प्रभारी जिलाधिकारी राम प्रकाश को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। संस्थान के महामंत्री बीके तिवारी ने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उनके साथ जनपद अध्यक्ष सुनील शर्मा और मंडलीय अध्यक्ष ओपी सिंह भी मौजूद थे।

तिवारी ने कहा कि सरकार को सबका साथ, सबका विकास, के साथ पेंशनभोगियों के अधिकारों का भी संरक्षण करना चाहिए। प्रभारी जिलाधिकारी ने प्रदर्शनकारियों को मांगों के समाधान का आश्वासन दिया। प्रदर्शन पूर्णतः शांतिपूर्ण ढंग से किया गया।



जुलूस निकालते पेंशनर, प्रभारी डीएम को ज्ञापन देते संस्थान अध्यक्ष और मंत्री। अमृत विचार

# हाईवे, प्रमुख मार्गों पर लगवाए गए स्पीड लिमिट के बोर्ड

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के उद्देश्य से पुलिस ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिले के प्रमुख मार्गों एवं हाईवे पर स्पीड लिमिट संकेतक साइनबोर्ड लगाए। पुलिस द्वारा वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा के अंदर वाहन चलाने और यातायात नियमों की जानकारी देते हुए नियमों का पालन करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने तथा यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने के निर्देश दिए। जिसके तहत प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह के आदेश पर यातायात पुलिस टीम द्वारा जिले के प्रमुख मार्गों एवं राजमार्गों पर दुर्घटना बाहुल्य स्थलों का चिन्हीकरण कर स्पीड लिमिट संकेतक साइन बोर्ड लगाए जा रहे हैं। प्रभारी यातायात ने बताया कि पुलिस लाइन मोड़ के समीप सागर हाईवे, ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के पास हमीरपुर चुंगी, रामनगर तिराहा, कलेक्ट्रेट गेट के समीप व पसवारा मोड़ सहित अन्य स्थानों पर स्पीड लिमिट संकेतक बोर्ड लगाए जा चुके हैं, इसके अतिरिक्त अन्य चिन्हित स्थलों पर भी शीघ्र ही साइनेज लगाए जाएंगे।

इस मौके पर यातायात पुलिस टीम द्वारा वाहन चालकों को कम गति में वाहन चलाने, दो पहिया वाहनों पर हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट के उपयोग एवं अन्य नियमों के पालन के लिए निरंतर जागरूक किया गया साथ ही यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्रवाई भी की जा रही है। जिला पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें।




स्पीड लिमिट बोर्ड लगवाते टीआई। अमृत विचार

- वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए किया प्रेरित

## दो युवकों ने खाया जहरीला पदार्थ

**महोबा।** जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने दोनों युवकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने उनका उपचार शुरू कर दिया है। छोटी सी बात पर जहर खाने के बाद अस्पताल में बेसुध पड़े बच्चों को देख माता-पिता के आंखें भर आईं।

थाना श्रीनगर के ग्राम बिलखी निवासी दिनेश कुशवाहा 22 पुत्र राजा राम से परिवार के लोगों ने खर्च के लिए दिए गए पैसों का हिसाब पूछने से युवक नाराज हो गया और उसने जहर खा लिया। थोड़ी देर बाद उसकी हालत बिगड़ने पर उसने जहर खाने की बात बताई, इससे परिवार के लोगों के होश उड़ गए और आनन फानन में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वहीं कुलपहाड़ के मुढारी निवासी कमलापत 22 पुत्र लाल दिवान ने मां से नाराज होकर जहर खा लिया। परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई तो बेटे को नाजुक हालत में आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए । जहां पर उसे भर्ती कराया गया खबर लिखे जाने तक उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी।



महिला रिक्रूट आरक्षी प्रशिक्षण का निरीक्षण करते एएसपी। अमृत विचार

# रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण का एएसपी ने लिया जायजा

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती के अंतर्गत रिक्रूट आरक्षियों को पुलिस लाइन में दी जा रही प्रशिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को उनके कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त रिक्रूट आरक्षी निर्धारित समय पर पूर्ण अनुशासन एवं निर्धारित ड्रेस में प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि प्रशिक्षण व्यवस्था पूर्णतः सुरक्षित, व्यवस्थित एवं प्रभावी हो। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिससे प्रशिक्षण में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो एवं रिक्रूट आरक्षी आत्मविश्वास के साथ अपने प्रशिक्षण को पूर्ण करें। इस मौके पर अन्य संबंधित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

गोष्ठी — डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुन्यतिथि पर भाजपाइयों ने किया याद

# डॉ. मुखर्जी का लगाया पौधा आज वट वृक्ष बन गया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुन्यतिथि पर सोमवार को शहर के सिटी प्लाजा में भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में भाजपाइयों ने स्व. मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला रहे जबकि गोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने की।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने कांग्रेस सरकार और तत्कालीन नेतृत्व विशेषकर जवाहरलाल नेहरू की कई नीतियों पर असहमति जताने के बाद भी गांधीजी के आह्वान पर स्वतंत्र भारत की पहली सरकार में हिस्सा लिया। कहा कि डॉ. मुखर्जी द्वारा लगाया गया पौधा आज एक वट वृक्ष बन गया है। भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और एक देश एक विधान एक संविधान एक ध्वज इसका सपना डॉक्टर साहब ने देखा जिसे प्रधानमंत्री मोदी पूरा कर रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है इसकी पूरे देश में अलख जगाने का काम डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने प्राण त्याग कर किया।

संगोष्ठी में भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने कहा कि डॉ. साहब की पुन्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में इसलिए मनाते है कि उनकी मृत्यु स्वाभाविक नहीं थी बल्कि एक साजिश के तहत की गई थी और वह उस समय राष्ट्र के प्रमुख नेता थे। हमीरपुर कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भाजपा इसलिए बनाई ताकि देश को सुरक्षित रखने के लिए राष्ट्रभक्ति पैदा करने वाली पार्टी बन पाए। निवर्तमान जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, जिला संयोजक रविंद्र, महेंद्र, कमलेश सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन योगेश मिश्रा ने किया।




गोष्ठी में बोलते मुख्य अतिथि। अमृत विचार



कार्यक्रम में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

# भगवान को श्रद्धा और भक्ति से याद करें वह जरूर पुकार सुनेंगे

संवाददाता जैतपुर (महोबा)

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड की वीरभूमि इन दिनों अध्यात्म और भक्ति की गहराइयों में डूबी हुई है। महाराज छत्रसाल की तपोभूमि जैतपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह की कथा ने का वर्णन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कथा सुनने के लिए प्रांगण में पहुंचे।

गल्ला मंडी प्रांगण में जैसे ही संकट मोचन सरकार के पीठाधीश्वर सोनू महाराज ने रुक्मणी विवाह और रासलीला की दिव्य कथा का वर्णन आरंभ किया, पूरा वातावरण जय श्रीकृष्ण, राधे-राधे और हरि बोल के जयकारों से गूंज उठा। कथा के दौरान जब कथा वाचक ने संगीत के साथ गीतों की प्रस्तुति दी श्रद्धालु थिरक उठे। कथा वाचक ने कहा कि भगवान को सच्ची श्रद्धा से याद किया जाए तो वह तुरंत पुकार सुनते हैं। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में सीता दीपक साहू, अखिलेश द्विवेदी, उत्तम यादव, राकेश राठौर, मुकेश अग्रवाल, नीलू गुप्ता, मोहित रावत और बृजेंद्र गुप्ता ने विशेष भूमिका निभाई। और संगीत के माध्यम से अपना सहयोग दे रहे रामकुमार द्विवेदी, रविन्द्र कुशवाहा, अज्जू, वीरेंद्र, रामसिंह, मूरत सिंह परिहार ने सुंदर संगीत से सभी का मन मोह लिया।



कथा श्रवण करते भक्त। अमृत विचार

# महिला पुल की अप्रोच रोड को लेकर हो रही हीलाहवाली

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** सालों के इंतजार के बाद जब किसी तरह से मऊ महिला पुल बन कर तैयार हुआ तो अब अधूरा पड़ा अप्रोच रोड विभाग की किरकिरी करा रहा है। कौशांबी को जोड़ने वाले इस पुल से प्रतिदिन हजारों की तादाद में लोग निकलते हैं तो वहीं रोज सैकड़ों गाड़ियों का आवागमन होता है। उधर, जैसे ही इस संबंध में अफसरों से जानकारी ली गई, खबर छपी भी नहीं थी कि सड़क पर गिट्टी डाल दी गई।

भारी वाहनों के चलते नगर पंचायत मऊ के यमुना रोड पर कई बार वाहनों के धंसने के मामले सामने आते रहते हैं, जिससे न सिर्फ लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है बल्कि स्थानीय लोगों को भी काफी मुसीबतें झेलनी पड़ती हैं। अब बारिश के चलते तो पूरी सड़क नाले का रूप ले चुकी है। स्थानीय लोग बताते हैं कि दिन भर आवागमन के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी यज्ञ दत्त मिश्रा, डॉ. मेराज अहमद, अंकित त्यौंथा, समीर शुक्ला, राजा त्यौंथा आदि बताते हैं कि आयेदिन गड्ढों में वाहनों के धंसने से लोग चुटहिल होते हैं। विभाग जल्द से जल्द अप्रोच रोड का काम शुरू कराए। इस संबंध में जब पीडब्लूडी एक्सईएन अखिलेश कुमार को फोन लगाया गया तो, जैसा अक्सर होता है, उनका मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा था।

● निर्माण कार्य में देरी की जानकारी लेते ही डाल दी गिट्टी


अप्रोच रोड ठीक न होने से अक्सर गिरते हैं वाहन।


जानकारी लेते ही डाली गई गिट्टी। अमृत विचार

### आधी अधूरी डाली गिट्टी, वह भी बह गई

यमुना रोड की सड़क के संबंध में 'अमृत विचार' कई बार समाचार प्रकाशित कर चुका है। इसका संज्ञान लेकर विभाग ने बीते कुछ दिन पहले मऊ महिला पुल से यमुना रोड के बाबू लाल चौराहे तक गिट्टी डलवाई थी लेकिन बारिश में वह भी बह गई। सड़क में कीचड़ इस कदर फैला है कि पैदल चलना किसी जंग लड़ने के काबिल है।

### हो चुका है सड़क का टेंडर

जानकारी के मुताबिक मऊ महिला पुल के अप्रोच रोड की लागत लगभग आठ करोड़ के आसपास है। विभाग सड़क पर काम शुरू कराने की तारीख पर तारीख तो जरूर बता देता है लेकिन मौके पर कोई काम शुरू नहीं होता। सड़क की चौड़ाई सात मीटर है। यमुना रोड को शिवपुर और पंचायत भवन से ब्लॉक मार्केट होते हुए दोनों तरफ से राष्ट्रीय राजमार्ग में जोड़ा जाना है।

### एक माह की देरी से जैसे तैसे शुरू हुआ काम

सहायक अभियंता नीरज सक्सेना ने कहा सड़क का ठेका पूर्व ब्लॉक प्रमुख जय प्रकाश पांडेय को मिला है। सड़क की चौड़ाई सात मीटर तो लंबाई 2.105 मीटर है। छह करोड़ 45 लाख लागत की इस सड़क का काम पांच मई 2025 से शुरू होना था लेकिन देरी के चलते अब जाकर इसका काम शुरू हुआ। यमुना रोड की इस सड़क में 535 मीटर सीसी रोड बाकी डामर रोड का निर्माण होगा।

### आंदोलन को बाध्य होंगे : अभिनव



मऊ क्षेत्र के युवा नेता अभिनव द्विवेदी ने कहा है कि नगर पंचायत मऊ के यमुना रोड पर पैदल चलना दूभर हो चुका है। यदि यमुना रोड के गड्ढों को भरकर तत्काल सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ तो मऊ के युवा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### विभाग और ठेकेदार दोनों लापरवाह : विकास



विकास द्विवेदी ने पीडब्ल्यूडी और उसके ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया। विकास कहते हैं कि जिस तरह से विभाग तारीख पर तारीख दे रहा है उससे अब लोगों के सब्र का बांध टूट रहा है। अगर निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू नहीं हुआ तो अब चुप नहीं बैठेंगे।

### कदम रखना दूभर हो गया : हर्षित



मऊ के युवा हर्षित त्रिपाठी कहते हैं कि यमुना रोड पर लोगों का कदम तक रखना दूभर हो गया है। आये दिन हादसे हो रहे हैं लेकिन अभी तक जिम्मेदारों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी की घोर लापरवाही का नतीजा है। जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग पीडब्ल्यूडी और ठेकेदारों की लापरवाही का संज्ञान लें और कार्रवाई करें।

### पानी भरने से होते हैं हादसे : विपुल



युवा उद्यमी विपुल पांडेय ने यमुना रोड की दुर्दशा पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि रोड पर एक कदम भी चलना मुश्किल है। बरसात में गड्ढों पर पानी भर जाने के चलते रोज हादसे होते हैं। सड़क का अब तक न बनाया जाना घोर लापरवाही को दर्शाता है। लगता है कि जिम्मेदार किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं।

### टूटी पीडब्ल्यूडी की कुंभकर्णी निद्रा !

वहीं जब इस संबंध में सड़क निर्माण का कार्य देख रहे सहायक अभियंता नीरज सक्सेना से सड़क की दुर्दशा के संबंध में बात की गई तो इसके बाद ही यहां काम शुरू हो गया। 'अमृत विचार' पर इस संबंध में खबरें छाप चुका है।


सिलेंडर फटने से सामान को पहुंचा नुकसान। अमृत विचार

# सिलेंडर फटने से मचा हड़कंप, हुआ नुकसान

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र में मप्र अंतर्गत गांव के एक घर में रविवार रात एक गैस सिलेंडर फटने से हड़कंप मच गया। हालांकि ब्लास्ट वाली जगह पर किसी के न होने से जनहानि नहीं हुई। हालांकि घर में रखे सामान को नुकसान पहुंचा है।

घटना रविवार देर रात करीब साढ़े 11 बजे की है। ग्राम पंचायत पालदेव के पौसलाहा गांव में गैबी प्रसाद पटेल के घर में यह हादसा हुआ। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। अचानक जोर की आवाज के साथ सिलेंडर फटा तो लोग हड़बड़ाकर जागे और भागकर किचेन में पहुंचे। वहां का सारा सामान बिखरा हुआ था। धमाके की वजह से किचन से सटे कमरे की खिड़की, दरवाजे, पंखा, बिजली बोर्ड और अलमारी को भी नुकसान पहुंचा। हालांकि आग नहीं लगी। गैबी प्रसाद ने बताया कि रात नौ बजे परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए थे। ब्लास्ट के बाद आग नहीं लगी और किसी की जान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। सोमवार सुबह घटना की जानकारी चित्रकूट थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। उधर, शुक्रवार की रात मऊ थाना क्षेत्र की गढ़वा ग्राम पंचायत अंतर्गत प्रसिद्ध धार्मिक स्थल परानू बाबा मंदिर के पास भी हालनुमा गोदाम में एक के बाद एक कई सिलेंडरों में विस्फोट हो गया।

# लालापुर के विकास का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजें : डीएम

## जिलाधिकारी ने पर्यटन अधिकारी को दिए दिशा- निर्देश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट


बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सोमवार को महर्षि वाल्मीकि आश्रम लालापुर में पर्यटन विकास के संबंध में बैठक कर तैयारियों की जानकारी ली। डीएम ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाए।

उन्होंने निर्देश दिये कि परिक्रमा पथ, पुलिस चौकी, हेलीपैड, अस्पताल, महर्षि वाल्मीकि जी की चोटी पर अवस्थित मंदिर के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से बैरीकेडिंग, जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पेयजल की व्यवस्था, हाई मास्क, तमसा नदी में घाट का निर्माण आदि जो भी पर्यटन विकास कार्य कराए जाने हैं उनका प्रस्ताव तैयार कराकर शासन को भेजा जाए। जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि रोपवे निर्माण के लिए एनओसी की कार्रवाई तत्काल कराई जाए। उप जिलाधिकारी मानिकपुर को निर्देश दिए कि हेलीपैड निर्माण एवं अस्पताल सहित अन्य जो पर्यटन विकास कराए जाने हैं, के लिए सरकारी जमीन का चिह्नांकन किया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, अपर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अखिलेश कुमार आदि अधिकारी एवं वाल्मीकि आश्रम के महंत भरत दास मौजूद रहे।

### जुलाई में आ सकते हैं मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का तीर्थक्षेत्र से काफी जुड़ाव रहा है। अपने दो बार के कार्यकाल में वह लगभग आठ बार यहां आ चुके हैं। अपुष्ट जानकारी के मुताबिक, सीएम अगले माह चित्रकूट आ सकते हैं। हालांकि प्रशासन स्तर पर कोई अधिकारी इस संबंध में कुछ बताने को तैयार नहीं पर सुगबुगाहट जोरों पर है।


पीस कमेटी की बैठक में मौजूद एसडीएम सौरभ यादव और सीओ यामीन अहमद।

# अराजकतत्वों पर रखी जाएगी पैनी नजर

संवाददाता,मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** मोहर्रम के मद्देनजर सोमवार को थाना मऊ में पीस कमेटी की बैठक हुई। एसडीएम सौरभ यादव और सीओ यामीन अहमद ने कमेटी के सदस्यों, ताजियादारों एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक में सभी से त्योहार को सकुशल संपंन कराने के लिए सहयोग की आकांक्षा की।

सीओ ने कहा कि अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। माहौल या किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ताजियादारों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की नई परंपरा को इजाजत नहीं दी जाएगी। चिह्नित स्थानों एवं मार्ग से ही ताजियादार ताजिया निकालें। एसडीएम ने भी लोगों से अनुरोध किया कि किसी भी अफवाह पर न ध्यान दें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें। इस दौरान मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह, अंजनी कुमार सिंह, बीएन सिंह रहे।

## सार-संक्षेप

### हज के लिए पासपोर्ट बनवाने की दी सलाह

**चित्रकूट।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महेंद्र नाथ प्रताप ने बताया कि हज-2026 के इच्छुक आवेदकों के लिए निर्देश व समय सीमा निर्धारित की गई है। बताया कि इसकी अधिकारिक घोषणा जुलाई में संभावित है। पासपोर्ट की वैधता 31 दिसंबर 2026 तक होनी आवश्यक है। जिनके पास इस तिथि तक का पासपोर्ट नहीं है, वे नया पासपोर्ट बनवा लें।

### तीर्थक्षेत्र में झोलाछापों का बोलबाला

**सीतापुर (चित्रकूट)।** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की अनदेखी से तीर्थक्षेत्र में झोलाछापों की बन आई है। लोगों ने नाम छिपाते हुए बताया कि खोही में कई झोलाछाप बेखौफ होकर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से इनके हौसले बुलंद हैं। विगत दिनों अभियान चलाकर झोलाछापों के क्लीनिक और अवैध रूप से चलाई जा रही पैथोलाजी संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी, जिसके बाद इनमें दहशत थी। पर ढीलेढाले रवैये से एक बार फिर ये सक्रिय हैं। लोगों ने प्रशासन और विभाग से इस ओर ध्यान देने की अपील की है। लोगों का कहना है प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान दिया जाये ताकि लोगों की जान व स्वाथ्थ्य से खिलवाड़ न हो सके।

### 26 जून को लगेगा रक्तदान शिविर

**राजापुर (चित्रकूट)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 26 जून को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में सोमवार को बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला संयोजक शिवपूजन गुप्ता, नगर अध्यक्ष अनिल गुप्ता, समाज सेवी सुभाष अग्रवाल आदि अपने सुझाव दिए। शिविर के आयोजक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. दिनेश सिंह ने बताया कि रक्तदान एक सुरक्षित प्रक्रिया है इससे कोई दिक्कत या परेशानी नहीं होती। इस मौके पर डा. अनिल सिंह, डा. जितेंद्र सिंह, डा. वरुणा सिंह, डा. आशीष, डा. पीएस सिंह, रामप्रकाश शुक्ला, कुशलानंद शुक्ला, जीतेंद्र द्विवेदी, भानु प्रताप, विमल, राममिलन आदि मौजूद रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**राजापुर (चित्रकूट)।** एसआई रविंद्र कटियार ने नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में एक ग्रामीण ने आरोपी सोनू पुत्र अभयराज पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार को सोनू को पुलिस ने पकड़ लिया। पीड़िता के बयान और मेडिकल परीक्षण के आधार पर रिपोर्ट में पॉक्सो एक्ट व अन्य धाराओं की बढ़ोतरी की गई। पुलिस टीम में आरक्षी शाकिर अली शामिल रहे।

### कांग्रेसियों ने लगाई स्कूल बचाओ चौपाल

**चित्रकूट।** सरकारी स्कूल बचाओ चौपाल के तहत कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन राजनारायण यादव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पहाड़ी ब्लाक के शंकरगंज में गोष्ठी आयोजित की। यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार के इस निर्णय के लोग खिलाफ हैं। सरकार उन स्कूलों को बंद या विलय कर गरीबों, दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का काम कर रही है। कांग्रेस इस निर्णय के खिलाफ मुहिम चलाकर विरोध कर रही है और सरकार को इस निर्णय को वापस लेने के लिए बाध्य करेगी। चौपालों के साथ ही पदयात्राएं भी की जाएंगी। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला चेयरमैन अरुण गुप्ता ने कहा कि यह सरकार न बेटी बचा पा रही है और न ही बेटी पढ़ा पा रही है। महासचिव रावेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार दलित और पिछड़ों की विरोधी है। चौपाल में छोटेलाल, अशोक सिंह, शिव प्रकाश सिंह, रवि यादव, रमेश कुमार, राकेश पांडेय, अनिल प्रजापति, राजकरन नामदेव, दादू सोनकर आदि मौजूद रहे।

### महिमा विद्यार्थी को कर्वी ब्लाक का अतिरिक्त प्रभार

**चित्रकूट।** रामनगर की खंड विकास अधिकारी महिमा विद्यार्थी को कर्वी ब्लाक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने बताया कि रामनगर ब्लाक में बीडीओ रहे वसीम निजामी खां की कुछ दिन बाद सेवानिवृत्ति है। ऐसे में उनको विकास भवन से संबद्ध किया गया है। फिलहाल महिमा विद्यार्थी को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। जैसे ही कोई नए बीडीओ की तैनाती होगी, यहां नियुक्त कर दिया जाएगा।

# जिला जेल में गायत्री महायज्ञ की हुई शुरुआत

संवाददाता,चित्रकूट

● इस अवसर पर गायत्री परिवार के लोग रहे मौजूद

**अमृत विचार।** जिला कारागार में सोमवार को 51कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई और दीपयज्ञ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेंद्र प्रसाद भारती ने दीप प्रज्ज्वलन से किया।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार ने जो सकारात्मक विचार देने की शुरुआत की है, वह सम्मान के योग्य है। जेल अधीक्षक शशांक पांडेय ने कहा कि गायत्री परिवार के संस्थापक पं श्रीराम शर्मा आचार्य ने पिछड़ों, वंचितों के कल्याण के लिए विश्व गायत्री परिवार बनाया। गायत्री शक्तिपीठ चित्रकूट के संचालक डॉ. रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि गायत्री परिवार समाज की चेतना हैं। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज प्रतिनिधि रघुनाथ हजारी ने बंदियों को प्रेरणा दी कि वे आज से जीवन बदलने की शुरुआत गायत्री मंत्र की दीक्षा के साथ करें।

इस मौके पर प्रेमलाल कुशवाहा, सुनीता श्रीवास्तव, निर्मला पांडेय, रामनारायण, अनुराग मौर्य, राजकुमार ओझा, सविता तिवारी, रेखा गुप्ता, राजेश शुक्ला आदि गायत्री परिवार के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जोखिम से भरा है बरगढ़-रीवां मार्ग

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** बरगढ़ मोड से मप्र के रीवा जाने वाला मार्ग जोखिम से भरा है। ग्रामीण बताते हैं कि बरसात में यह दिक्कत और बढ़ जाती है। अगर लोग दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। रोड के किनारे पानी से भरे गड्ढे दर्शाते हैं कि आवागमन कितना दूभर है। इस संबंध में विभाग के अधिशासी अभियंता से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

कोलमजरा के प्रधान शोभनाथ प्रजापति ने बताया कि यह विकट समस्या बारिश के मौसम में लगातार बनी रहती है। बड़ी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। बरगढ़ निवासी समाजसेवी राधेश्याम पांडेय ने बताया कि अगर किसी को गंभीर बीमारी हो और इधर से गुजरना हो तो रास्ते में ही दम तोड़ दे।

# काम में लापरवाही बरतने पर तीन निलंबित

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

● तीनों सफाईकर्मी अपनी ड्यूटी में करते हैं लापरवाही

**अमृत विचार।** जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह ने तीन सफाईकर्मियों को निलंबित कर दिया है। इन पर कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरतने का आरोप है।

डीपीआरओ ने बताया कि मानिकपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत रुख्मा खुर्द के सफाईकर्मी कुलदीप, पहाड़ी ब्लाक के गांव ओरा के सफाईकर्मी देवनाथ और कर्वी ब्लाक की ग्राम पंचायत खुटहा के सफाईकर्मी जितेंद्र कुमार को कार्यक्षेत्र से लगातार बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए जाने, पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही और उदासीनता बरतने के आरोप में निलंबित किया गया है। बताया कि इन सफाईकर्मियों से नोटिस के माध्यम से स्पष्टीकरण मांगा गया पर इन्होंने नहीं दिया। सिंह ने बताया कि जुलाई से संचारी रोग दस्तक अभियान चलाया जाना है। ऐसे में गांवों में सफाई की अत्यंत आवश्यकता है। आगाह किया कि ग्रामीण क्षेत्र में तैनात सफाईकर्मी अपने काम को पूरी ईमानदारी से करें अन्यथा सचिव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत व उच्चाधिकारियों से क्षेत्र का निरीक्षण कराया जाएगा और लापरवाही पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# सीएचसी के क्लर्क पर लगाए गंभीर आरोप

**चित्रकूट।** सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकार संजय सिंह राणा ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एक क्लर्क पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। संजय का आरोप है कि इस क्लर्क ने मानिकपुर सीएचसी की जमीन पर कब्जा कर अपना मकान बना लिया है। इसके अलावा शिव मंदिर की जमीन पर भी कब्जा किया है। आरोप लगाया कि इस क्लर्क ने सपा सरकार के दौरान अपने पद और दबंगई के दम पर यह काम किया। इसके अलावा इसने कई चल अचल संपत्तियां अर्जित कर ली हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर में अटैचमेंट के बाद भी यह मानिकपुर में डटा रहता है।

मनाई पुण्यतिथि — पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि देकर उनके पदचिह्नों पर चलने का लिया संकल्प

# सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक थे श्यामा प्रसाद : सिंह

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

● डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर डाला प्रकाश

● मुख्य अतिथि के रूप में जितेंद्र सिंह सेंगर रहे मौजूद



गोष्ठी में विचार रखते विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर जिला पंचायत सभागार में भाजपाइयों ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि वह सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थे।

उन्होंने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म छह जुलाई 1901 को कलकत्ता के एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। वह 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। पिता आशुतोष मुखर्जी और पुत्र दोनों एक ही विश्वविद्यालय में कुलपति रहे। हम सभी कार्यकर्ताओं को उनके बलिदान को याद करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का प्रयास करना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने वैचारिक मतभेद के कारण नेहरू कैबिनेट से इस्तीफा दे दे दिया था। ऐसे महापुरुष के त्याग तप के कारण ही भाजपा आज इस ऊंचाई तक पहुंच पाई है। पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद रमेश चंद्र द्विवेदी आदि ने भी अपने विचार रखे। संचालन जिला उपाध्यक्ष विपुल प्रताप सिंह ने किया।

पुण्यतिथि कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, चंद्रप्रकाश खरे, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, जिला महामंत्री आलोक पांडेय, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### ददरी माफी में किया गया पौधरोपण

**चित्रकूट।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व प्रत्युष कुमार कटियार की अगुवाई में मारकुंडी द्वितीय रेंज के ग्राम पंचायत ददरी माफी क्षेत्र के भेंडा (डौकी पहाड़िया) में पौधरोपण किया गया।इसके पूर्व डा. मुखर्जी के व्यक्तित्व कृतित्व पर चर्चा कर उनको याद किया गया। इस मौके पर अतुल पटेल, प्रिया द्विवेदी, मनोज द्विवेद्वी, शिवभवन पटेल, दयादास महंत, हनुमान प्रसाद मंहत, ऊषा देवी, व छात्र-छात्राओं ने पौधे रोपे। दिलीप कुमार तिवारी, नदीम, गोपाल कृष्ण गुप्ता, रामनरेश आदि अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीण आदि मौजूद रहे।

# अन्ना मवेशियों से तीर्थयात्री परेशान

संवाददाता,सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र में अन्ना मवेशियों की चहलकदमी से तीर्थयात्री परेशान हैं। गांवों में गौशालाएं बनी होने के बाद भी इनका सड़कों पर विचरण लोगों की समझ से परे हैं। आरोप लगते रहते हैं कि कागजों में गौशालाएं चल रही हैं, सड़कों पर गोवंश फिर रहे हैं और भूसा चारे के नाम पर आवंटित राशि डकारी जा रही है।

लोगों ने मांग की हर गांव मजरों में गौशाला संचालन की पारदर्शिता से जांच होनी चाहिए, जिससे कम से कम सच तो बाहर आ सके। अन्ना मवेशियों की वजह से श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अभी कुछ दिन पहले ग्वालियर से आए श्रद्धालु को सांड़ ने चोटहिल कर दिया था।


तीर्थक्षेत्र में ऐसे विचरण करते हैं अन्ना मवेशी। अमृत विचार

### आषाढ़ी अमावस्या के मद्देनजर किया गया रूट डायवर्जन

**चित्रकूट।** पुलिस विभाग ने आषाढ़ माह के अमावस्या मेले के मद्देनजर रूट डायवर्जन किया गया है। शहर क्षेत्र में 24 जून से 25 जून की रात 12 बजे तक भारी एवं मध्यम मालवाहनों का प्रवेश एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यातायात पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, लोढ़वारा मोड़, राजापुर मार्ग पर प्रातः साढ़े पांच बजे से साढ़े नौ बजे और रेलवे क्रॉसिंग के पूर्व प्रयागराज रोड पर, खोह (पुलिस लाइन तिराहा) मानिकपुर रोड पर प्रातः साढ़े पांच बजे से 10 बजे तक, शेषनपुरवा मोड़ सोनेपुर, सतना रोड पर साढ़े दस बजे तक, बेड़ी पुलिया (मत्यगजेंद्रनाथ धर्मकांटा) बांदा रोड पर 11 बजे तक आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

# पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सहमा बाजार

## आईटी, प्रौद्योगिकी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स में 511 तो निफ्टी में 140 अंक की गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**

ईरान के तीन प्रमुख परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी बमबारी के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में खासी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 511 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 140 अंक से अधिक का नुकसान रहा।

विश्लेषकों ने कहा कि ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष में अमेरिकी दखल ने पश्चिम एशिया को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), प्रौद्योगिकी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा। बीएसई का सेंसेक्स उतार-चढ़ाव से भरे कारोबार में 511.38 अंक की गिरावट के साथ 81,896.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के



● कारोबार के दौरान सेंसेक्स में आई थी 931.41 अंक की गिरावट

दौरान सेंसेक्स एक समय 931.41 अंक यानी 1.13 प्रतिशत गिरकर 81,476.76 अंक पर आ गया था लेकिन बाद में इसने अपने कुछ नुकसान की भरपाई की। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.50 अंक गिरकर 24,971.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और मारुति में सबसे ज्यादा गिरावट रही। इसके उलट, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त में रहे।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि इजराइल-ईरान संघर्ष में अमेरिकी दस्तक ने तनाव बढ़ा दिया है, जिससे घबराए निवेशकों ने शुरुआती घंटे में जमकर बिकवाली की। अगर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो हमारा आयात बिल बढ़ेगा और स्थानीय मुद्रा में तेज गिरावट आएगी। इससे महंगाई बढ़ने का भी जोखिम होगा। हालांकि, तापसे ने कहा कि चार सत्रों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की लिवाली करने से अनिश्चितता के दौर में भारत की मजबूत बुनियाद का पता चलता है। प. एशिया में संकट गहराने के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.49 प्रतिशत बढ़कर 77.39 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों- फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर बमबारी की है। इससे होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाले कच्चे तेल कारोबार पर अनिश्चितता बनी है। हालांकि, व्यापक बाजार में तेजी का माहौल रहा।

### स्मॉलकैप और मिडकैप में रही बढ़त, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल

बीएसई का स्मॉलकैप में 0.57 और मिडकैप में 0.20 प्रतिशत की बढ़त रही। बीएसई में सूचीबद्ध 2,204 कंपनियों के शेयर गिरावट पर रहे जबकि 1,854 शेयरों में तेजी रही और 182 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, शुक्रवार को प. एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद में बाजार में तेजी आई थी, लेकिन सप्ताहांत में ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अप्रत्याशित अमेरिकी हवाई हमले ने उन उम्मीदों को तोड़ दिया। इससे कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया और घरेलू शेयर बाजार सीमित दायरे में रहा। शुरुआती झटके के बावजूद, पूंजीगत वस्तुओं और धातु शेयरों में बढ़त से बाजार ने अपने नुकसान की कुछ भरपाई की, क्योंकि तेल आपूर्ति में तत्काल किसी व्यवधान की आशंका कम रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 7,940.70 करोड़ मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी।

# डेरिवेटिव : निवेश का संतुलित दृष्टिकोण



डेरिवेटिव वित्तीय बाजार का जटिल लेकिन महत्वपूर्ण साधन है, जिसकी कीमत किसी अन्य संपत्ति जैसे शेयर, बॉण्ड, कमोडिटी, करेंसी या सूचकांक पर आधारित होती है। यह अनुबंध है, जो दो पक्षों के बीच भविष्य में किसी निश्चित तिथि पर, किसी निश्चित कीमत पर उस संपत्ति को खरीदने या बेचने के लिए किया जाता है। निवेशक डेरिवेटिव का उपयोग हेजिंग (जोखिम कम करने), सट्टा, और पोर्टफोलियो विविधता के लिए करते हैं। हालांकि इसमें अधिक लाभ की संभावना होती है, लेकिन अत्यधिक जोखिम भी है।

### क्या है डेरिवेटिव

- डेरिवेटिव वित्तीय अनुबंध है, जिसकी कीमत किसी वास्तविक संपत्ति पर आधारित होती है। उदाहरण के लिए, यदि किसी स्टॉक का डेरिवेटिव खरीदा गया है, तो उसका मूल्य उस स्टॉक की कीमत में हुए उतार-चढ़ाव पर निर्भर करेगा। यह मुख्यत: चार प्रकार के होते हैं : फॉरवर्ड, फ्यूचर्स, ऑप्शंस, स्वैप्स।

### निवेशकों को संभावित लाभ

- **जोखिम प्रबंधन :** डेरिवेटिव का उपयोग जोखिम को हेज करने में किया जा सकता है।
- कम पूंजी में उच्च लाभ : निवेशक कम पूंजी में बड़ा सौदा कर सकते हैं।
- पोर्टफोलियो विविधता : इससे विभिन्न बाजारों में निवेश करना आसान होता है।
- लिक्विडिटी : प्रमुख डेरिवेटिव्स एक्सचेंज में आसानी से खरीदे-बेचे जा सकते हैं।

### संभावित जोखिम

- **उच्च अस्थिरता :** मूल्य तेजी से ऊपर-नीचे होते हैं।
- **उत्तोलन का खतरा :** मूल्य में बदलाव हानिकारक।
- **समझ की जटिलता :** आम निवेशकों के लिए कठिन और तकनीकी होते हैं
- **क्लियरिंग रिस्क :** ओवर-द-काउंटर डेरिवेटिव्स में पक्षों के बीच भरोसे का खतरा।

### उपयोगी उपकरण

डेरिवेटिव्स पेशेवर निवेशकों और संस्थागत प्रतिभागियों के लिए उपयोगी उपकरण हैं, परंतु आम निवेशक को पूरी जानकारी और मार्गदर्शन लेना चाहिए। बिना रणनीति निवेश हानि दे सकता है।

# वहनीयता अब नारा नहीं, जरूरत है: मुर्मू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि वहनीयता (किसी वस्तु या सेवा को खरीदने या उपयोग करने की क्षमता) अब एक नारा नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। राष्ट्रीय राजधानी में 'इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' के 12वें राष्ट्रीय छात्र दीक्षांत समारोह 2025 में राष्ट्रपति ने यह बात कही।

जलवायु परिवर्तन के संकट का उल्लेख करते हुए मुर्मू ने कहा कि वहनीयता अब एक नारा नहीं रह गया है, बल्कि यह एक आवश्यकता बन गई है। उन्होंने यह भी कहा कि अब समय वह नहीं है कि कॉरपोरेट संगठन केवल लाभ कमाने के उद्देश्य से काम करें बल्कि अब उन्हें पर्यावरणीय लागतों को ध्यान में रखना होगा। मुर्मू ने कहा कि इसमें आप (लागत लेखाकार) अपने कौशल से ग्रह के भविष्य में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि लेखांकन



आईसीएमएआई के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

और जवाबदेही का संबंध गहरा है। कार्यक्रम में कॉर्पोरेट मामलों की सचिव दीप्ति गौड़ मुखर्जी ने लागत एवं प्रबंधन लेखाकारों से प्रौद्योगिकी, नवाचार और तत्परता अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश को 30000 अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सफर में लागत और प्रबंधन लेखाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# बॉण्ड के जरिए 18,000 करोड़ रुपये जुटाएगा एनटीपीसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी घरेलू बाजार में निजी आवंटन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) यानी बॉण्ड जारी कर 18,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मांगेगी। सरकारी स्वामित्व वाली एनटीपीसी ने सोमवार को पोस्टल बैलट नोटिस जारी कर इलेक्ट्रॉनिक मतदान के जरिये विशेष प्रस्ताव पर सदस्यों की मंजूरी मांगी। शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक, एनटीपीसी 18,000 करोड़ के एनसीडी यानी बॉण्ड जारी करके कोष जुटाने के लिए यह प्रस्ताव ला रही है। यह राशि विशेष प्रस्ताव पारित होने की तारीख से एक वर्ष पूरा होने तक की अवधि में घरेलू बाजार में निजी आवंटन के माध्यम से एक या अधिकतम 12 किस्तों में जुटाई जाएगी। कंपनी के निदेशक मंडल ने 21 जून को बॉण्ड के लिए शेयरधारकों की मंजूरी के संबंध में डाक मतपत्र के मसौदा नोटिस पर विचार किया और उसे मंजूरी दी।

# ईरान भेजा 1 लाख टन चावल बंदरगाहों पर अटका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इजरायल-ईरान संघर्ष से ईरान जाने वाला 1 लाख टन बासमती चावल भारतीय बंदरगाहों पर फंसा है। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी।

संघ के अध्यक्ष सतीश गोयल ने कहा कि ईरान जाने वाला 1 लाख टन बासमती चावल फिलहाल बंदरगाहों पर फंसा है। भारत के कुल बासमती चावल निर्यात में ईरान की 18-20 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। गोयल ने बताया कि निर्यात खेप मुख्य रूप से गुजरात के कांडला और मुंद्रा बंदरगाहों पर रुकी है, जहां प. एशिया संघर्ष से ईरान जाने वाले माल के लिए न तो जहाज उपलब्ध हैं और न बीमा। अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष, आमतौर पर मानक शिपिंग बीमा पॉलिसियों के तहत कवर नहीं होते हैं, जिससे निर्यातक अपनी खेप भेजने में असमर्थ हैं। निर्यात खेप में देरी और भुगतान को लेकर अनिश्चितता गंभीर वित्तीय तनाव पैदा कर सकती है।

उन्होंने कहा कि घरेलू बाजार में बासमती चावल की कीमतें पहले ही चार-पांच रुपये प्रति किलो तक गिर चुकी हैं। इस मुद्दे पर संघ, कृषि-निर्यात संवर्धन निकाय एपीडा के संपर्क में है। संकट पर चर्चा के लिए 30 जून को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक निर्धारित है। सऊदी अरब के बाद ईरान भारत का दूसरा सबसे बड़ा बासमती चावल बाजार है। भारत ने मार्च में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ईरान को 10 लाख टन सुगंधित अनाज का निर्यात किया। भारत ने 2024-25 के दौरान 60 लाख टन बासमती चावल का निर्यात किया, जिसकी मांग पश्चिम एशियाई बाजारों से प्रेरित थी।

**पश्चिम एशिया संघर्ष**



● भारत के कुल चावल निर्यात में ईरान की 18-20% की हिस्सेदारी

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### बम विस्फोट में लड़की की मौत, कार्रवाई के निर्देश

**कोलकाता।** प. बंगाल के नदिया जिले के कालीगंज में सोमवार को बम विस्फोट में एक लड़की की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुलिस को दोषियों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। यह घटना कालीगंज विधानसभा सीट के उपचुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद हुई। एक अधिकारी ने बताया कि अख्तर शेख नामक व्यक्ति को बम विस्फोट में लड़की की मौत में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया है। लड़की 13 वर्षीय तमन्ना खातून थी, तथा उसे बम के छर्रे लगे थे।

#### 4,536 कारतूस बरामद छह लोग गिरफ्तार

**पटना।** बिहार पुलिस ने कैमूर और नालंदा जिलों में छापेमारी के बाद दो महिलाओं समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 4,536 कारतूस बरामद किए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपियों में कुमार अभिजीत, शत्रुघ्न कुमार, विशाल कुमार एवं राजेंद्र प्रसाद है, जबकि दो महिलाओं का नाम नहीं बताया गया है। आरोपी उत्तर प्रदेश के कानपुर से अवैध रूप से कारतूस खरीदकर बिहार के काला बाजार में बेचने वाले गिरोह का हिस्सा हैं।

#### ऐश्वर्या गौड़ा धोखाधड़ी में चार करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने सोमवार को कहा कि उसने कर्नाटक निवासी ऐश्वर्या गौड़ा के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत चार करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। वहीं इस मामले में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के भाई सुरेश बेंगलुरु में संघीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश हुए और इस मामले में अपना बयान दर्ज कराया।

# ऑपरेशन सिंदूर से आतंकियों में पनपा डर

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- आतंक के खिलाफ भारत ने सभी उद्देश्य कर लिए हासिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' ने सभी उद्देश्य हासिल कर लिए और आतंकवादियों के मन में डर पैदा करने में सफल रहा। वह राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यकाल के दूसरे साल में उनके द्वारा दिए गए 51 भाषणों का एक संग्रह जारी किया। सिंह ने मुर्मू की सराहना की और कहा कि वह इस पुस्तक - 'विंग्स टू आवर होप्स, वॉल्यूम 2' को भारत के भविष्य की पटकथा लिखने वाला दस्तावेज मानते हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह किताब पिछले खंड की तरह ही शासन, समावेशिता और राष्ट्रीय आकांक्षाओं पर विकसित हो रहे विमर्श को प्रस्तुत करती है।

सिंह ने अपने संबोधन में पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में मई में भारत की ओर से शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने सभी लक्ष्य हासिल कर लिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह आतंकवादियों के मन में डर पैदा करने में भी सफल रहा।



राष्ट्रपति के भाषणों के संग्रह का विमोचन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह साथ में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन। एजेंसी

### राष्ट्रपति के भाषणों के संग्रह का विमोचन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अपने कार्यकाल के दूसरे वर्ष के दौरान दिए 51 भाषणों के संग्रह का सोमवार को विमोचन किया। सिंह ने कहा कि यह विकसित भारत के दृष्टिकोण का कर्म ग्रंथ बनेगा। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में सिंह ने अंग्रेजी में 'विंग्स टू आवर होप्स-वॉल्यूम-2' और हिंदी में 'आशाओं की उड़ान-खंड-2' नाम से प्रकाशित पुस्तक और इसके ई-संस्करण का विमोचन किया। राष्ट्रपति के भाषणों को राष्ट्रपति भवन ने संकलित और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग ने प्रकाशित किया है। कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन भी मौजूद थे। रक्षामंत्री ने कहा, यह पुस्तक 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने का साधन बनेगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा रविवार को बताया गया था कि ये पुस्तक राष्ट्रपति के 51 भाषणों का संग्रह है, जो महामहिम के कार्यकाल के दूसरे वर्ष के दौरान उनके दृष्टिकोण, दर्शन और प्राथमिकताओं की झलक प्रदान करता है।

# प्रधानमंत्री मोदी का बहुआयामी व्यक्तित्व वैश्विक मंच के लिए अहम पूंजी: थरूर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ऊर्जा, उनका बहुआयामी व्यक्तित्व और संवाद की तत्परता वैश्विक मंच पर भारत के लिए एक अहम पूंजी है, लेकिन इसे सहयोग एवं समर्थन की जरूरत है। उनकी यह टिप्पणी फिर कांग्रेस को असहज स्थिति में डाल सकती है व पार्टी नेतृत्व से उनके संबंधों में दरार और गहरी हो सकती है।

प्रधानमंत्री के लिए थरूर की प्रशंसा ऐसे समय में आई है जब कांग्रेस विदेश नीति को लेकर मोदी सरकार पर निरंतर हमले कर रही है और आरोप लगा रही है कि भारतीय कूटनीति चरमरा गई है और देश विश्व स्तर पर अलग-थलग पड़ा है। थरूर ने एक लेख में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद किया गया राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था। पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमेरिका और चार अन्य देशों में गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले थरूर ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था।

### थरूर ने राहुल गांधी को किया बेनकाब: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता शशि थरूर द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करने को लेकर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि थरूर ने राहुल गांधी को बेनकाब कर दिया है। थरूर की टिप्पणियों को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर कहा, थरूर ने स्वीकार किया कि प्रधानमंत्री का बहुआयामी व्यक्तित्व और वैश्विक पहुंच भारत के लिए रणनीतिक रूप से लाभकारी है। थरूर ने राहुल गांधी को बेनकाब कर दिया है।

# पहलगाम आतंकी हमला : एनआईए को दो आरोपियों की पांच दिन की हिरासत मिली

**जम्मू, एजेंसी**

● आरोपियों ने हमले में शामिल तीन आतंकियों की पहचान का किया खुलासा

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में गिरफ्तार दो आरोपियों को यहां की अदालत ने सोमवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की पांच दिन की हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पर हमले में पाकिस्तानी आतंकियों को पनाह देने का आरोप है।

एनआईए ने रविवार को पहलगाम के बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और हिल पार्क निवासी बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया था। यह जांच में पहली बड़ी सफलता थी। एनआईए के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों ने हमले में शामिल तीन आतंकियों की पहचान का खुलासा किया है और यह भी पुष्टि की है कि वे आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी थे। दोनों को जम्मू के अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश रितेश दुबे की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया गया। परवेज व बशीर ने हमले से पहले तीन आतंकियों को हिल पार्क स्थित झोपड़ी में पनाह दी थी।

# पंजाब, गुजरात में आप ने दो व यूडीएफ ने केरल में सीट जीती

**नई दिल्ली।** चार राज्यों में हुए विस उपचुनावों में सोमवार को आप के गोपाल इटालिया ने गुजरात की विसावदर सीट पर जीत दर्ज की। आप ने पंजाब में लुधियाना पश्चिम सीट भी बरकरार रखी, जबकि केरल में कांग्रेस नीत यूडीएफ ने एलडीएफ से नीलांबुर सीट छीन ली। वहीं, गुजरात में भाजपा ने कडी सीट बरकरार रखी, जबकि टीएमसी प. बंगाल के नादिया की कालीगंज सीट जीतने में सफल रही। इन पांचों निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव के तहत मतदान 19 जून को हुआ था। निर्वाचन आयोग के अनुसार, आप की गुजरात इकाई के पूर्व अध्यक्ष इटालिया ने जूनागढ़ जिले की विसावदर सीट पर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं भाजपा उम्मीदवार किरीट पटेल को 17,554 मतों के अंतर से हराया। राज्य में पूर्ण प्रभुत्व रखने के बावजूद, भाजपा 2007 से विसावदर सीट नहीं जीत पाई है।

### सोलंग की वादियां



हिमाचल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली में स्थित सोलंग नाला में पर्यटकों का तांता लगा हुआ है। बर्फ से ढकी पहाड़ियां, साहसिक खेलों और प्राकृतिक सौंदर्य का एक अलग ही दृश्य पर्यटकों को अपनी ओर खींच रहा है। एजेंसी

# प्रधानमंत्री ने की पीएमएमएल सोसाइटी की वार्षिक बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी की वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता की। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि सोसाइटी की 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) तीन मूर्ति भवन में हुई।

सरकार ने इस वर्ष की शुरुआत में पीएमएमएल सोसाइटी का पुनर्गठन किया था, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और प्रसिद्ध फिल्म निर्माता शेखर कपूर को भी जगह दी गई है। प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष के




रूप में पीएमएमएल के प्रमुख निर्णय लेने वाले निकाय का नेतृत्व करते हैं जबकि रक्षा मंत्री इसके उपाध्यक्ष होते हैं। सिंह के अलावा बैठक में स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, गजेंद्र सिंह शेखावत और अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। संस्कृति मंत्रालय के 13 जनवरी के आदेश के अनुसार, प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेन्द्र मिश्रा को संगठन के अध्यक्ष के रूप में पांच वर्ष का एक और कार्यकाल मिला है। प्रतिष्ठित संस्थान की सोसाइटी में कई नए लोग शामिल हुए हैं, जिनमें स्मृति ईरानी, कपूर, नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी सैयद अता हसनैन और संस्कार भारती के वासुदेव कामथ शामिल हैं। पीएमएमएल तीन मूर्ति भवन में स्थित है, जहां पर प्रधानमंत्री संग्रहालय भी अवस्थित है। एअर इंडिया के पूर्व सीएमडी और रेलवे बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अश्विनी लोहानी को हाल ही में पीएमएमएल का निदेशक नियुक्त किया गया।

### नारायण-गांधी के वार्ता के शताब्दी समारोह का उद्घाटन करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी भारत के दो महानतम आध्यात्मिक और नैतिक नेताओं नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच वार्तालाप के शताब्दी समारोह का मंगलवार को आरंभ करेंगे। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान से मिली। यह ऐतिहासिक वार्तालाप 12 मार्च, 1925 को महात्मा गांधी की यात्रा के दौरान शिवगिरी मठ में हुआ था, जो वैकोम सत्याग्रह, धर्मांतरण, अहिंसा, अस्पृश्यता उन्मूलन, मोक्ष प्राप्ति, दलितों के उत्थान आदि विषयों पर केंद्रित था। वैकोम सत्याग्रह केरल में अस्पृश्यता के विरुद्ध एक अहिंसक आंदोलन था जो 1924 में शुरू हुआ था और एक वर्ष से अधिक समय तक चला था।

# हिमाचल के सिरमौर में 24 छात्राओं के यौन उत्पीड़न में शिक्षक गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के सरकारी स्कूल में 24 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आठवीं से दसवीं कक्षा की छात्राओं ने स्कूल के प्राचार्य से उत्पीड़न की शिकायत की थी जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी और शिक्षक को गिरफ्तार किया गया। स्कूल प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार को 24 छात्राओं ने प्राचार्य को लिखित शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिक्षक ने उन्हें गलत तरीके से छुआ है। शिकायत को स्कूल की यौन उत्पीड़न रोधी समिति को भेज दिया गया था। शनिवार को छात्राओं के अभिभावकों को बैठक के लिए बुलाया गया और पाया गया कि उनमें से अधिकतर को अपनी बच्ची के उत्पीड़न के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस ने बताया कि शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पहलगाम हमले के बाद बैठकों में मोदी क्यों नहीं हुए शामिल: खरगे

**रायचूर (कर्नाटक), एजेंसी**

● कांग्रेस अध्यक्ष बोले- विपक्ष को तुच्छ बताने की कोशिश करते हैं मोदी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि यदि प्रधानमंत्री विपक्ष को तुच्छ बताने की कोशिश करते हैं, तो जनता इसे सहन नहीं करेगी। उन्होंने सवाल भी किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, तो प्रधानमंत्री उसमें उपस्थित क्यों नहीं हुए?

खरगे ने आरोप लगाया कि जहां पूरे देश और सशस्त्र बलों ने देश की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम किया, वहीं कुछ लोगों ने व्यक्तिगत श्रेय लेने की कोशिश की। खरगे ने किसी का नाम लिए बिना कहा, अगर उन्होंने कैप्टन, कर्नल या लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में सेना में काम किया होता, तो हमने अच्छा काम करने और देश के लिए लड़ने के लिए उनकी सराहना की होती, लेकिन ऐसा नहीं है। खरगे मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, कांग्रेस नेताओं के साथ रायचूर में थे, जहां उन्होंने कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी और रायचूर विश्वविद्यालय के नामकरण समारोह की अध्यक्षता की।

# मैंने चर्चाओं पर ध्यान नहीं दिया: ओली पोप




लीड्स, एजेंसी

इंग्लैंड की पहली पारी में शानदार शतक लगाने वाले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ओली पोप ने कहा कि पिछले साल भारत के खिलाफ उसकी धरती पर खेली गई टेस्ट श्रृंखला में असफल रहने के बाद टीम में उनकी जगह को लेकर हो रही चर्चाओं पर ध्यान न देने से उन्हें वापसी करने में मदद मिली।

इंग्लैंड के उप कप्तान पोप ने पिछले साल भारत के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में 196 रन बना कर शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद जसप्रीत बुमराह और भारतीय स्पिनर ने उनकी कमजोरी का खुलासा करने में देर नहीं लगाई। वह अगले चार मैच में केवल 40 रन बना पाए जिससे टीम में उनकी जगह को लेकर चर्चा होने लगी थी। भारत के खिलाफ यहां पहले टेस्ट मैच में 106 रन बनाने वाले पोप ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा मैंने कोशिश की है कि इन चर्चाओं का मुझ पर ज्यादा असर न पड़े। उन्होंने कहा मैं बस यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा हूं कि मेरा खेल यथासंभव बेहतर स्थिति में रहे और जब मैं बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरूं तो मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूं। पोप ने अपनी मानसिकता में बदलाव लाने की कोशिश की है, जिससे उन्हें अपने पहले 30 रन तक पहुंचने के लिए बहुत अधिक दबाव महसूस नहीं होता और फिर वह बड़ी पारी खेलने के लिए तैयार हो जाते हैं। उन्होंने कहा यह अपने खेल को थोड़ा बेहतर बनाने का प्रयास है। यह प्रक्रिया से जुड़ा है जिसका मैं पूरा आनंद लेकर आगे बढ़ना चाहता हूं। मैं रन बनाने के लिए किसी तरह की जल्दबाजी नहीं दिखाना चाहता हूं। मेरा प्रयास रहता है कि मेरा डिफेंस यथासंभव अच्छा रहे।

- **इंग्लैंड की पहली पारी में शतक लगाने वाले ओली पिछले साल असफल होने पर थे चर्चा में**

> मैंने बाहर हो रही चर्चाओं पर ध्यान नहीं दिया और खुद को मानसिक रूप से मजबूत करने और अपने खेल को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया
>
> **-ओली पोप,** उप कप्तान, इंग्लैंड

# लोगों को कहने दीजिए, मैं अपना काम करता रहूंगा

लीड्स, एजेंसी

- **जसप्रीत बुमराह ने आलोचकों की बोलती बंद की**
- **आत्मविश्वास से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक दशक पूरा किया**

जसप्रीत बुमराह के आलोचकों को लगता था कि अपने अजीबोगरीब गेंदबाजी एक्शन के कारण वह आठ से दस महीने के अंदर अर्श से फर्श पर आ जाएंगे। लेकिन यह उनका आत्मविश्वास ही था जिससे यह भारतीय के गेंदबाज अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक दशक पूरा करने में सफल रहा। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 83 रन देकर पांच विकेट लिए। टेस्ट मैचों में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने के बाद उन्होंने अपनी सफलता का राज बताया।

बुमराह से पूछा गया कि चोटिल होने के बाद हर बार उन्हें चुका हुआ मान लिया जाता है तो क्या उन्हें बुरा लगता है। उन्होंने कहा लोगों को लगता था कि इन सभी वर्षों में (मैं केवल) आठ महीने खेलूंगा। कुछ ने कहा कि 10 महीने, लेकिन अब मैंने 10 साल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और 12-13 साल आईपीएल खेल लिया है।

उन्होंने कहा यहां तक कि अब भी लोग (हर चोट के बाद) कहते हैं कि वह आगे नहीं खेल पाएगा। उन्हें कहने दीजिए, मैं अपना काम करता रहूंगा। हर चार महीने में ये चीजें सामने आती रहेंगी, लेकिन जब तक ईश्वर की कृपा रहेगी, मैं खेलता रहूंगा। बुमराह ने कहा मैं अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ तैयारी करता हूं और फिर यह ईश्वर पर छोड़ देता हूं कि वह मुझ पर और कितना आशीर्वाद बरसाते हैं। इंग्लैंड को पहली पारी में बढ़त लेने से रोकने में अहम भूमिका निभाने वाले बुमराह ने कहा कि वह यहां लोगों की धारणा बदलने के लिए नहीं हैं। उन्होंने कहा लोग क्या लिखते हैं, यह मेरे नियंत्रण से बाहर है और मैं लोगों को यह सलाह नहीं दे सकता कि वे मेरे बारे में क्या लिखें।




## एक नजर

### मैनचेस्टर सिटी ने क्लब विश्व कप में अल ऐन को 6-0 से हराया

**अटलांटा :** इल्के गुंडोगन के दो गोल और एरलिंग हालैंड के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने रविवार रात खेले गए मैच में अल ऐन को 6-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। इस सत्र में अपना अभियान पटरी पर लाने की कवायद में लगे मैनचेस्टर सिटी की तरफ से क्लाउडियो एचेवेरी, ऑस्कर बॉब और रेयान चेर्की ने भी गोल किए। मैनचेस्टर सिटी इस सत्र में इंग्लिश प्रीमियर लीग में तीसरे स्थान पर रहा था जबकि यूईएफए चैंपियंस लीग के नॉकआउट प्लेऑफ में रियाल मैड्रिड से हार गया था। उसने क्लब विश्व कप के शुरुआती ग्रुप मैच में मोरक्को के विदाद पर 2-0 की जीत दर्ज करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था।



### रियल मैड्रिड ने क्लब विश्व कप में पचुका को 3-1 से हराया

**चार्लोट (अमेरिका) :** रियल मैड्रिड ने अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद जूड बेलिंगहैम और अर्डा गुलर के पहले हाफ में किये गये गोल की मदद से क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में पचुका को 3-1 से हरा दिया। रविवार रात को खेले गए मैच के सातवें मिनट में डिफेंडर राउल एसेनसियो को रेड कार्ड मिला, जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। इसके बाद रियल मैड्रिड को शेष मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इससे हालांकि कोई फर्क नहीं पड़ा क्योंकि रियल मैड्रिड ने मैक्सिको के क्लब पर शुरू से लेकर आखिर तक पूरा दबदबा बनाए रखा और जाबी अलोंसो को स्पेनिश क्लब के कोच के रूप में जीत दिलाई।

### सेशेल्स मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत पदक तालिका में शीर्ष पर

**माहे (सेशेल्स) :** भारतीय मुक्केबाजों ने यहां सेशेल्स नेशनल डे मुक्केबाजी टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने तीन रजत और एक कांस्य पदक भी जीता और पैराडाइज एरेना में मॉरीशस से एक पदक अधिक हासिल किया। हिमांशु शर्मा (50 किग्रा) ने वॉकओवर के जरिए स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि आशीष मुदशानिया (55 किग्रा) ने फाइनल में 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। गौरव चौहान ने 90 किग्रा से अधिक वर्ग के तनावपूर्ण फाइनल में अपना धैर्य बनाए रखा। उन्होंने 3-2 से जीत हासिल की और देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अनमोल (60 किग्रा), आदित्य यादव (65 किग्रा) और नीरज (75 किग्रा) तीनों को संघर्षपूर्ण फाइनल में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद समान 2-3 के खंडित फैसले से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।




### मोरक्को में दूसरे स्थान पर रहे भारतीय गोल्फर करणदीप कोचर

**माराकेच (मोरक्को) :** भारतीय गोल्फर करणदीप कोचर ने अंतिम दौर में बोगी मुक्त सात अंडर 65 का स्कोर बनाया, लेकिन वह फिलिपींस के एड्रिक चान से एक स्ट्रोक पीछे रह गए और इस तरह से उन्हें मोरक्को राइजिंग स्टार्स माराकेच में दूसरे स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। पेशेवर खिलाड़ी के रूप में भारत से बाहर अपनी पहली जीत की तलाश में लगे कोचर ने समानाह गोल्फ क्लब में 70-67-69-65 राउंड के साथ 17 अंडर का स्कोर बनाया, जबकि चान ने अंतिम राउंड में सात अंडर 65 का कार्ड खेला और आखिर में उनका कुल स्कोर 18 अंडर रहा।




प्रयागराज में 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ की स्वर्ण पदक विजेता एरोला प्रणति (बीच में), रजत पदक विजेता शाइनी ग्लैडसिया (बाएं) और कांस्य पदक विजेता नेहाली नरेंद्र बोरा। ● एजेंसी




केएल राहुल।

# राहुल के बाद पंत का ऐतिहासिक शतक

## पहले टेस्ट के चौथे दिन फिर गरजा भारतीय बल्लेबाजों का बल्ला, दूसरी पारी में बने 364 रन

लीड्स, एजेंसी

भारतीय टीम सोमवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन दूसरी पारी में 364 रन बना लिए। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (118 रन) और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (137 रन) के शतकों से भारत 370 रन की बढ़त हासिल कर मजबूत स्थिति में है। इंग्लैंड के लिए ब्रायडन कार्स और जोश टंग ने तीन तीन विकेट झटके। शोएब बशीर को दो विकेट मिले।

पंत इस टेस्ट मैच की दोनों पारियों में सैकड़ा जड़ने वाले खेल के इतिहास में दूसरे विकेटकीपर बन गए। उन्होंने शतकीय पारी के दौरान 140 गेंद का सामना करते हुए 15 चौके और तीन छक्के जमाए। पंत एक रन लेकर 130 गेंद में अपना आठवां शतक पूरा करते ही जिम्बाब्वे के महान खिलाड़ी एंडी फ्लावर के बाद एक मैच की दोनों पारियों में 100 रन बनाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने।

भारत ने सुबह के सत्र में कप्तान शुभमन गिल (08) के रूप में एक विकेट गंवाया। इसके बाद राहुल और पंत ने चौथे विकेट के लिए 195 रन की भागीदारी निभाकर टीम को मजबूत स्कोर की तरफ बढ़ाया। पहले सत्र में पंत ने हालांकि अपनी आक्रामक खेलने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाई लेकिन लंच के बाद तेवर बदलकर मैच में अपना दूसरा शतक पूरा किया। उन्होंने पहली पारी में 134 रन बनाए थे।

शतक जड़ने के बाद भी पंत ने यही लय जारी रखी और शोएब बशीर की गेंद पर लांग ऑन में जाक क्राउली के हाथों कैच आउट हो गए।




शतक बनाने के बाद फिर अनोखे अंदाज में जश्न मनाते ऋषभ पंत। ● एजेंसी

पंत इंग्लैंड में एक टेस्ट मैच में दो शतक बनाने वाले पहले भारतीय भी बन गए। भारत ने बादलों और हवा भरी सुबह में दो विकेट पर 90 रन से खेलना शुरू किया लेकिन शुरुआत अच्छी नहीं रही। सात गेंद ही डाली गई थीं कि पहली पारी के शतकवीर गिल अपने निजी स्कोर में दो रन जोड़ने के बाद आउट हो गए जिन्हें ब्रायडन कार्स ने गुडलेंथ गेंद पर बोल्ड किया। पर राहुल और पंत ने बेहतरीन टाइमिंग और संयम से बल्लेबाजी की। इसके अलावा इंग्लैंड के गेंदबाजों को पहले सत्र में और कोई सफलता नहीं मिली, हालांकि उन्होंने अपनी लाइन एवं लेंथ से दोनों बल्लेबाजों को परेशान किया।

गिल के आउट होने के बाद पंत क्रीज पर उतरे और उन्होंने हमेशा की तरह शानदार शॉट खेलते हुए तेज गेंदबाजों पर रन जुटाने का प्रयास किया। हालांकि इस दौरान उन्हें किस्मत का भी साथ मिला क्योंकि वह जिस तरह के शॉट खेलना चाह रहे थे, उसे खेलने के लिए कनेक्ट नहीं कर पाए।

पंत ने क्रिस वोक्स की गेंद पर शुरुआत की जो उनके बल्ले से लगकर स्लिप कॉर्डन के ऊपर से गई। फिर इस विकेटकीपर ने स्लॉग स्वीप और पैडल स्वीप खेलने का प्रयास किया। फिर एक खराब शॉट खेलने के बाद खुद से नाराज भी दिखे जिसे 'स्टंप माइक' में सुना जा सकता था और तभी इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने रिव्यू लिया। पर टीवी अंपायर ने पंत के पक्ष में फैसला दिया क्योंकि स्विंग लेती फुल लेंथ गेंद भारतीय बल्लेबाज के पैड पर लगने से पहले बल्ले से टकराई थी।

**भारत पहली पारी : 471 रन**

**इंग्लैंड पहली पारी: 465 रन**

### पंत टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने

**लीड्स, एजेंसी :** भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सोमवार को पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन शतक लगाने के साथ दोनों पारियों में शतक बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। इसके साथ ही वह टेस्ट इतिहास में जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर के बाद ऐसा करने वाले दूसरे विकेटकीपर बन गए। पंत ने पहली पारी में 134 रन की शानदार पारी खेली और दूसरी पारी में 140 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 118 रन बनाए। उनका दूसरा शतक धैर्यपूर्ण था। उन्होंने शोएब बशीर की गेंद पर एक रन लेकर यह उपलब्धि हासिल की। अभी तक केवल सात भारतीय बल्लेबाजों ने टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाए हैं। पंत अब उस विशिष्ट सूची में शामिल हो गए हैं जिसमें विजय हजारे, सुनील गावस्कर (तीन बार), राहुल द्रविड़ (दो बार), विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे और रोहित शर्मा जैसे नाम शामिल हैं। इसके अलावा पंत के प्रदर्शन ने यह भी दूसरी बार चिह्नित किया कि दो भारतीय सलामी बल्लेबाजों - केएल राहुल और रोहित शर्मा - ने इंग्लैंड में एक ही टेस्ट मैच में शतक बनाए हैं।

# कोच के नक्शेकदम पर चलना चाहते हैं नीरज

ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य), एजेंसी

फिटनेस समस्याओं के कारण पिछले दो सत्र से बाहर रहने को बाध्य भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मंगलवार को गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदार्पण करते हुए खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। जिसे उनके कोच जान जेलेज्नी ने अपने लंबे करियर में नौ बार जीता। मौजूदा सत्र अब तक 27 वर्षीय चोपड़ा के लिए प्रभावशाली रहा है। उन्होंने पेरिस में दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता और मई में दोहा डाइमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहने के दौरान 90 मीटर की दूरी को भी पहली बार पार किया।

चोपड़ा को 2023 और 2024 में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की 'ए' वर्ग की प्रतियोगिता गोल्डन स्पाइक में हिस्सा लेना था, लेकिन उन्हें दोनों मौकों पर टूर्नामेंट से हटना पड़ा।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा इस खिताब को जीतने के लिए और भी अधिक उत्सुक होंगे क्योंकि गोल्डन स्पाइक विश्व रिकॉर्ड धारक जेलेज्नी के लिए उनके खेल के दिनों में उनके पसंदीदा प्रतियोगिताओं में से एक थी। चेक गणराज्य के पूर्व महान खिलाड़ी 59 वर्षीय जेलेज्नी ने 1986 और 2006 के बीच गोल्डन स्पाइक के नौ खिताब जीते और कुछ मौकों पर भाले को उन्होंने 90 मीटर से अधिक की दूरी तक फेंका। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता पहली बार 1961 में आयोजित की गई थी। चोपड़ा पहले भी ओस्ट्रावा में खेल चुके हैं लेकिन गोल्डन स्पाइक टूर्नामेंट में नहीं। वह एशिया प्रशांत टीम का हिस्सा थे जिसने 2018 में आईएएएफ कॉन्टिनेंटल कप में भाग लिया था और 80.24 मीटर के थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने प्रतियोगिता से पहले कहा जब मैं बच्चा था तो मैंने उसेन बोल्ट जैसे खिलाड़ियों के यहां प्रतिस्पर्धा करते हुए बहुत सारे वीडियो और तस्वीरें देखी थीं।



● **गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदार्पण करते हुए खिताब जीतने की कोशिश करेंगे चोपड़ा**

## संयुक्त 46वें स्थान पर रही अमनदीप दीक्षा और त्वेसा

**बेरून (चेक गणराज्य) :** पहले दौर में आठ अंडर 64 के शानदार स्कोर के साथ शुरुआत करने वाली भारतीय खिलाड़ी अमनदीप द्राल ने टिप्सपोर्ट चेक लेडीज ओपन गोल्फ प्रतियोगिता का समापन 72-73 के राउंड के साथ किया और टूर्नामेंट के अंत में संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं।

यह इस सत्र में पहला अवसर था, जबकि अमनदीप ने कट में जगह बनाई थी लेकिन वह अपनी लय बरकरार रखने में नाकाम रही। अमनदीप अब अगले सप्ताह अमुंडी जर्मन मास्टर्स में खेलेंगी।

# मैं कई बार शतक लगाने से चूक गया : गांगुली

कोलकाता, एजेंसी



भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 38 शतक लगाए हैं, लेकिन उन्हें यह संख्या पसंद नहीं है और उन्हें अपने क्रिकेट करियर के दौरान कई शतक चूकने का अफसोस है। अपने समय के बाएं हाथ के दिग्गज बल्लेबाज गांगुली ने टेस्ट और एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुल मिलाकर 18575 रन बनाए, लेकिन उन्हें अपने करियर में कई शतक चूकने का अफसोस है। उन्होंने 311 एकदिवसीय और 113 टेस्ट मैच खेले। गांगुली ने यह अफसोस तब व्यक्त किया जब उनसे पूछा गया कि वह पुराने गांगुली को क्या सलाह देना चाहेंगे। गांगुली ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा मैं कई बार शतक लगाने से चूक गया, मुझे और अधिक रन बनाने चाहिए थे। मैंने कई बार 90 और 80 रन बनाए।

## पृथ्वी ने एमसीए को पत्र लिखकर मुंबई छोड़ने की स्वीकृति मांगी

**मुंबई :** भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ अपनी घरेलू टीम मुंबई से रिश्ता तोड़ना चाहते हैं और उन्होंने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा है जिससे कि एक क्रिकेटर के रूप में प्रगति और विकास के लिए नई घरेलू टीम से अनुबंध कर सकें। पृथ्वी पिछले कुछ समय से लाल गेंद की टीम से बाहर हैं लेकिन उन्होंने सफेद गेंद की क्रिकेट खेली है। हालांकि उनके मैदान के बाहर के अनुशासनात्मक मुद्दों ने मैदान पर उनके प्रदर्शन से अधिक सुर्खियां बटोरी हैं।

एमसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को पीटीआई को पुष्टि की कि संघ को पृथ्वी का पत्र मिला है जिसमें स्थानांतरण के लिए एनओसी की मांग की गई है। एमसीए सूत्र ने बताया हां, हमें उनका पत्र मिला है और इसे स्वीकृति के लिए शीर्ष परिषद को भेज दिया गया है। उम्मीद है कि शाम तक इस पर निर्णय लिया जाएगा। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने एमसीए को भेजे पत्र में कहा कि वह मुंबई टीम में बिताए समय के लिए आभारी हैं लेकिन अब आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने 2017 में मुंबई के लिए पदार्पण किया था। पृथ्वी ने कहा मैं इस अवसर पर मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को ईमानदारी से धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने संघ का प्रतिनिधित्व करने के दौरान मुझे बहुमूल्य अवसर और अटूट समर्थन दिया।

# हॉकी फारवर्ड ललित ने अचानक लिया संन्यास

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **टोक्यो और पेरिस ओलंपिक पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य रहे हैं ललित**
- **एक दशक से भी अधिक समय तक चले अपने शानदार अंतर्राष्ट्रीय करियर में कई उपलब्धियां हासिल कीं**



**183** मैच खेले

**67** गोल किए

टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य रहे अनुभवी फारवर्ड ललित उपाध्याय ने एक दशक से भी अधिक समय तक चले अपने शानदार अंतर्राष्ट्रीय करियर को अचानक अलविदा कह दिया है। ललित ने 2014 में विश्व कप में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था।

ओलंपिक में दो पदक जीतना उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रहीं। वह टोक्यो 2020 ओलंपिक में इतिहास रचने वाली टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा थे। भारत ने तब लंबे समय के बाद ओलंपिक में पदक जीता था। भारत ने 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों में फिर से कांस्य पदक जीता और ललित इस टीम का भी अभिन्न अंग थे।


ललित ने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के यूरोपीय चरण के भारत के अंतिम मैच के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर जारी की गई पोस्ट में अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने कहा यह सफर एक छोटे से गांव से शुरू हुआ, जहां संसाधन सीमित थे, लेकिन सपने असीम थे।

ललित ने लिखा स्टिंग ऑपरेशन का सामना करने से लेकर एक बार नहीं बल्कि दो बार ओलंपिक पोडियम पर पहुंचने का यह सफर चुनौतियों, विकास और अविस्मरणीय गौरव से भरा रहा। उन्होंने कहा 26 वर्षों के बाद अपने शहर से पहला ओलंपियन बनना ऐसी बात है जिसे मैं हमेशा पूरे सम्मान के साथ संजोकर रखूंगा। गोल करने की अद्भुत क्षमता वाले ललित ने सीनियर स्तर पर भारत के लिए 183 मैच खेले, जिनमें 67 गोल किए। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने भारतीय टीम के लिए अपना अंतिम मैच 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

ललित के भारतीय हॉकी में योगदान का जिक्र करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा ललित अपनी पीढ़ी के सबसे शानदार और समर्पित फॉरवर्ड में से एक रहे हैं। चाहे वह महत्वपूर्ण ओलंपिक मैच हो या लीग मैच, उन्होंने हमेशा भारतीय जर्सी को गर्व के साथ पहना और दिल से खेला। उन्होंने कहा वाराणसी की संकरी गलियों से निकलकर दो बार ओलंपिक पोडियम पर खड़े होने तक का उनका सफर किसी प्रेरणा से कम नहीं है। हम भारतीय हॉकी के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं और उनके जीवन की अगली पारी के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

ललित ने ओलंपिक के अलावा 2016 में एशियाई चैंपियन ट्रॉफी और 2017 में एशिया कप में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य प्रतियोगिताओं में भी पदक जीते जिनमें 2017 हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल में कांस्य, 2018 चैंपियंस ट्रॉफी में रजत, 2018 एशियाई खेलों में कांस्य और 2018 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक शामिल हैं। वह एफआईएच प्रो लीग 2021-22 में तीसरे स्थान पर रहने वाली और 2022 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे।

## पालकी यात्रा



पुणे के निकट दिवे घाट से निकाली गई संत ज्ञानेश्वर महाराज की पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु। पालकी यात्रा दो दिन पहले आलंदी से रवाना हुई थी। यह महाराष्ट्र की सबसे पुरानी और आस्था से जुड़ी यात्राओं में से एक है, जिसमें लाखों भक्त संत ज्ञानेश्वर महाराज और संत तुकाराम महाराज की पालकी के साथ पैदल यात्रा करते हैं। एजेंसी

# शक्तिशाली देश नहीं मानते अंतर्राष्ट्रीय युद्ध नियम



अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियम जिन्हें जिनेवा कन्वेंशन के नाम से भी जाना जाता है, ऐसे कानून और नियमों का समूह है जो युद्ध या सशस्त्र संघर्ष के समय लागू होते हैं। नागरिकों की सुरक्षा, घायलों और युद्धबंदियों के साथ मानवीय व्यवहार और अनैतिक युद्ध के हथियारों और तरीकों पर प्रतिबंध इनका मुख्य उद्देश्य है। अंतर्राष्ट्रीय युद्ध के मुख्य नियमों के तहत नागरिकों पर हमला नहीं किया जा सकता, न ही अस्पताल, डॉक्टर, मेडिकल सुविधाओं को निशाना बनाया जा सकता है। इसके अलावा इन नियमों के तहत युद्धबंदियों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाना चाहिए। रासायनिक और जैविक हथियारों का उपयोग निषिद्ध है। अनावश्यक पीड़ा देने वाले हथियारों का प्रयोग युद्ध में नहीं होना चाहिए। हालांकि दुनिया के शक्तिशाली देश युद्ध नियमों की ज्यादा परवाह नहीं करते। युद्ध नियमों के उल्लंघन के कई उदाहरण भी हैं।

### द्वितीय विश्व युद्ध

द्वितीय विश्वयुद्ध में लाखों यहूदियों और दूसरे नागरिकों की हत्या की गई थी। युद्धबंदियों पर भी बड़े पैमाने पर अत्याचार किया गया था। इस पर न्यूरमबर्ग ट्रायल में नाजी नेताओं पर मुकदमे चलाए गए। कई को मृत्युदंड भी मिला।

### अमेरिका-वियतनाम युद्ध

सन् 1968 में हुए इस युद्ध में सैकड़ों वियतनामी नागरिकों की हत्या की गई थी। दिलचस्प तथ्य यह है कि इस मामले में सिर्फ एक सैनिक को सजा हुई और बाकी सभी को माफ कर दिया गया।

### रवांडा नरसंहार

सन् 1994 रवांडा नरसंहार तुत्सी और हुतु समुदाय के लोगों के बीच हुआ एक जातीय संघर्ष था। इसमें करीब 8 लाख लोगों की हत्या की गई थी। बाद में इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्युनल फॉर रवांडा की स्थापना हुई जिसमें कई दोषी नेताओं को सजा हुई।

### बोस्निया युद्ध

इस युद्ध सर्ब सैनिकों ने करीब 8,000 मुस्लिमों की हत्या की थी जिसे सर्बेनेत्सा नरसंहार कहा जाता है। इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्युनल फॉर द फॉर्मर यूगोस्लाविया की ओर से मुकदमा चलाकर सजा सुनाई गई थी।

### रूस-यूक्रेन युद्ध

सन् 2022 से जारी इस युद्ध में नागरिक क्षेत्रों पर हमले किए जा रहे हैं और अस्पतालों को भी निशाना बनाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने कुछ रूसी नेताओं पर वार क्राइम्स के लिए वारंट जारी किए लेकिन सजा नहीं हो सकी।

### युद्ध के प्रमुख नियम

- आम नागरिक जो युद्ध में भाग नहीं ले रहे हैं, उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता। जानबूझकर बमबारी या गोलीबारी करके नागरिकों को मारना युद्ध अपराध है।
- अपने पक्ष के हों या दुश्मन के, घायल सैनिकों का इलाज और देखभाल अनिवार्य है। मेडिकल स्टाफ, डॉक्टर और एंबुलेंस को नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता।
- युद्धबंदियों के साथ मानवीय व्यवहार करना अनिवार्य,युद्ध में पकड़े सैनिकों को मारा नहीं जा सकता। उन्हें भोजन, पानी, इलाज,सम्मान देना जरूरी है।
- रासायनिक हथियार, जैविक हथियार और विशेष प्रकार के विस्फोटक पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। अत्यधिक पीड़ा देने वाले बमों का भी इस्तेमाल प्रतिबंधित है।
- किसी भी हमले का उद्देश्य केवल सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाना होना चाहिए। किसी समुदाय को जबरदस्ती हटाना, सामूहिक हत्या युद्ध अपराध है।

## एक नजर

### द.कोरिया: सांसद को रक्षा मंत्री नामित किया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्यूंग ने सेवानिवृत्त सैन्य जनरलों को रक्षा मंत्री नियुक्त करने की परंपरा को तोड़ते हुए पांच बार के सांसद आह्न ग्यू-बैक को सोमवार को रक्षा मंत्री पद के लिए नामित किया है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग ह्युन सहित कई प्रमुख पूर्व रक्षा अधिकारी पिछले वर्ष तत्कालीन राष्ट्रपति यून सुक यओल के कार्यकाल में मार्शल लॉ लागू करने में अपनी भूमिका के लिए आपराधिक मुकदमों का सामना कर रहे हैं। येओल के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई की गई और उन्हें पद से हटा दिया गया था।

### चीन में भीषण गर्मी को देखते हुए येलो अलर्ट

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग में सोमवार को भीषण गर्मी के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। बीजिंग मौसम विज्ञान वेधशाला ने यह जानकारी दी। देश में सोमवार और मंगलवार को दोपहर 12 बजे से शाम छह बजे तक शहर के मैदानी इलाकों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि वे गर्मी के दौरान बाहर निकलने से बचें। चीन में शुक्रवार को येलो अलर्ट जारी किया गया था। शनिवार दोपहर 3 :40 बजे बीजिंग के दक्षिणी इलाके में तापमान 38 .1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था जो अब तक देश में सबसे गर्म दिन रहा।

### जापान के पीएम का नाटो शिखर सम्मेलन दौरा रद्द

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने नीदरलैंड में 24 से 26 जून के बीच होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन का अपना प्रस्तावित दौरा रद्द कर दिया है। जापान के विदेश मंत्रालय के मुताबिक अब प्रधानमंत्री की जगह विदेश मंत्री ताकेशी इवाया शिखर सम्मेलन में जापान का प्रतिनिधित्व करेंगे और नाटो से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि जापान नाटो का सदस्य नहीं है, लेकिन 2022 से नियमित रूप से जापान को सम्मेलनों में आमंत्रित किया जा रहा है।

### आपात स्थिति में उतारा गया एअर इंडिया विमान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के विमानों में तकनीकी खराबी की घटनाएँ कम नहीं हो रहीं हैं और सोमवार को दिल्ली से जम्मू जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में तकनीकी समस्या आने के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद वापस उतारना पड़ा। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि सोमवार 23 जून को दिल्ली से जम्मू के लिए संचालित होने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स 2564 को उड़ान भरने के बाद वापस दिल्ली उतारना पड़ा।

# अब ईरान में सत्ता परिवर्तन के मूड में ट्रंप

## अपने परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमले के बाद ईरान ने फिर दी पलटवार की धमकी

तेल अवीव, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले के बाद अब तेहरान में सत्ता परिवर्तन की संभावना के बारे में भी विचार कर रहे हैं। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर तेहरान अमेरिकी बलों के खिलाफ कार्रवाई करता है तो उस पर और हमले किए जाएंगे।

ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने पहले संकेत दिया था कि वे ईरान के साथ वार्ता फिर से शुरू करना चाहते हैं। वहीं, इजराइल की सेना ने सोमवार को कहा कि वह ईरान के पश्चिमी शहर केरमानशाह के आसपास हमले कर रही है। इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अब अमेरिका भी कूद पड़ा है। उसने ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमला किया है जिससे इस क्षेत्रीय संघर्ष के और फैलने का खतरा बढ़ गया है।

इस अभियान ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि तेहरान के परमाणु कार्यक्रम में क्या बचा है और उसकी कमजोर सेना कैसे इस हमले का जवाब दे सकती है। इस संघर्ष के बढ़ने से तेल की कीमतों में उछाल आया है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर मिसाइलों और 30,000 पाउंट के बंकर-बस्टर बमों से हमला किया है। इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ईरान ने कहा कि अमेरिका ने हद पार कर दी है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने 'सीबीएस' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, आइए, सीधे बातचीत करते हैं। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' के अनुसार, देश के सर्वोच्च नेता के सलाहकार अली अकबर विलायती ने कहा कि अमेरिका ने ईरान पर हमला करने के लिए जिस भी देश का इस्तेमाल किया, वह हमारे वैध लक्ष्य के दायरे में होगा। पश्चिम एशिया में अमेरिका के हजारों सैनिक तैनात हैं। इस बीच उत्तर कोरिया ने ईरान पर अमेरिकी हमलों की निंदा की है।



परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद ईरान में लोगों ने अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### ईरान ने मोसाद के जासूस को फांसी पर लटकाया

**दुबई।** ईरान ने मोसाद के जासूस होने के आरोप में एक और व्यक्ति को सोमवार को फांसी पर लटका दिया। मोसाद का जासूस होने के आरोप में फांसी देने का यह तीसरा मामला है। सामाजिक कार्यकर्ताओं को डर है कि ईरान में और लोगों को फांसी दी जाएगी, विशेष रूप से तब जब वहां के शासन ने जासूसी कर रहे लोगों को रविवार तक खुद ही आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी है। समाचार एजेंसी मिज़ान ने फांसी पर लटकाए गए व्यक्ति की पहचान मोहम्मद अमीन महदावी शायेस्तेह के रूप में की है।

### गुतारेस ने दी चेतावनी- प.एशिया में खतरनाक मोड़ का संकेत हैं ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हमले

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सुरक्षा परिषद के एक आपातकालीन सत्र में कहा कि ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका की बमबारी क्षेत्र में एक खतरनाक मोड़ का संकेत है। ट्रंप द्वारा ईरान के तीन परमाणु केंद्रों बमबारी की घोषणा किए जाने के बाद 15 देशों की परिषद ने रविवार को आपातकालीन सत्र के लिए बैठक की। गुतारेस ने बताया, ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर बमबारी एक ऐसे क्षेत्र में खतरनाक मोड़ का संकेत है जो पहले से ही लड़खड़ा रहा है। गुतारेस ने कहा कि क्षेत्र के लोग एक बार फिर विनाश को सहन नहीं कर सकते। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जोर देकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को लड़ाई रोकने और ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर गंभीरता के साथ तथा निरंतर वार्ता पर पुन: शुरू करने के लिए तुरंत और निर्णायक रूप से कार्य करना चाहिए।

### अमेरिकी हमले से फोर्दो स्थल पर भारी क्षति की आशंका

**दुबई।** संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने सोमवार को कहा कि इस सप्ताहांत में अमेरिका द्वारा अत्याधुनिक बंकर-बस्टर बमों से किए गए हवाई हमले के बाद फोर्दो में ईरान के भूमिगत प्रतिष्ठान को बहुत भारी क्षति होने की आशंका है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रॉसी ने वियना में यह बयान दिया। ग्रॉसी ने कहा, उपयोग किए गए विस्फोटक आयुध और सेंट्रीफ्यूज की अत्यधिक कंपन संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए, बहुत महत्वपूर्ण क्षति होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि इस समय, आईएईए सहित कोई भी फोर्दो में भूमिगत क्षति का पूर्ण आकलन करने की स्थिति में नहीं है।

### अमेरिकी पर जवाबी कार्रवाई सेना तय करेगी: ईरान

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान ने कहा है कि अमेरिका ने देश के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करके कूटनीति के रास्ते बंद करने का फैसला किया, अब उसके हमलों पर जवाबी कार्रवाई का वक्त, तरीका और इसका पैमाना क्या होगा इसके बारे में फैसला सेना करेगी। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत आमिर सईद इरावनी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपातकालीन बैठक में कहा कि ईरान ने युद्धोन्मादी अमेरिकी शासन को बार-बार चेतावनी दी थी कि वह इस दलदल में न फंसे। इसके बाद भी अमेरिका ने ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले करके कूटनीति के रास्ते बंद करने का निर्णय लिया है।

# निर्वासित शहजादे का ईरान में सत्ता परिवर्तन का आह्वान

तेहरान, एजेंसी



- खामेनेई पर लगाया भ्रष्टाचार , विनाशकारी और देश को पतन के रास्ते पर ले जाने का आरोप

ईरान के पूर्व शाहजादे रजा पहलवी ने देश के शीर्ष मज़हबी नेता अली खामेनेई को भ्रष्टाचारी, विनाशकारी और देश को पतन की कगार पर ले जाने वाला करार दिया है और ईरानी नागरिकों का आह्वान किया है कि वे शांति का पक्षधर धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ईरान की पुनर्स्थापना के लिए परिवर्तन और राष्ट्रीय नवीकरण की योजना में सहभागी बनें।

ईरान से 46 साल पहले सत्ता से अपदस्थ एवं निर्वासित कर दिए गए शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी के पुत्र श्री रज़ा पहलवी ने सोशल मीडिया पर एक प्रेस ब्रीफिंग में ईरान के खामेनेई शासन को समाप्त करने और नये ईरान की स्थापना के लिए आगे आने के आग्रह के साथ ईरान के पुनर्निर्माण के लिए एक आर्थिक योजना का भी खुलासा किया। रज़ा पहलवी ने कहा, यह हमारे राष्ट्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। हमारे प्रिय ईरान को एक विनाशकारी संघर्ष में घसीटा गया है, जिसका वास्तुकार कोई और नहीं बल्कि अली खामेनेई और उसका भ्रष्ट, विनाशकारी गुट है।

उन्होंने हमारे देश की अर्थव्यवस्था को पतन के कगार पर धकेल दिया है, हमारे राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे और संसाधनों को लूट लिया है, परमाणु हथियार विकसित करने पर देश की संपत्ति को बर्बाद कर दिया है, ईरान की सुरक्षा को तोड़ दिया है, और ईरानी लोगों की संप्रभुता को चुरा लिया है। यह शासन पराजित हो गया है, पतन के कगार पर लड़खड़ा रहा है, और इसे जारी रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

### राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने को तैयार

रजा पहलवी ने कहा, 46 साल पहले जब मेरे दिवंगत पिता और परिवार को ईरान छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था तो मैंने शपथ ली थी कि मैं ईरान या ईरानी लोगों से मुंह नहीं मोड़ूंगा। तब से हर दिन, मैंने अपना जीवन हमवतन लोगों को समर्पित कर दिया है। आज मैं यहां इसे दोहराने और खुद को उनकी सेवा में लगाने आया हूँ। मैं इस राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने को आगे बढ़ रहा हूं, निजी हित से नहीं बल्कि ईरानी लोगों के सेवक के रूप में।

# नीट यूजी में फर्जीवाड़े पर दो मेडिकल छात्रों पर केस दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने शुरू की कार्रवाई, अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा में हुए थे शामिल

बॉलीवुड की लोकप्रिय फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस जैसा मामला वास्तविकता में भी देखने को मिला जब एक मेडिकल छात्र राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी 2023 में कथित तौर पर किसी अन्य अभ्यर्थी की जगह उपस्थित हुआ और जिस अभ्यर्थी की जगह उसने परीक्षा दी बाद में उसे एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दाखिल भी मिल गया।

अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय सीबीआई ने राजस्थान के जालौर जिले के निवासी विकास के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि सात मई 2023 को द्वारका के सेक्टर-12 स्थित केंद्रीय विद्यालय में आयोजित हुई नीट-यूजी में विकास जोधपुर के प्रवीण गोदारा की जगह उपस्थित हुआ था। प्राथमिकी में आरोपी के तौर पर गोदारा को भी नामजद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सिरोही के डॉ. भीम राव आंबेडकर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दूसरे वर्ष का छात्र विकास कथित तौर पर नीट-यूजी 2023 में उपस्थित हुआ और उत्तर पुस्तिकाओं पर गोदारा के हस्ताक्षर तथा लिखावट की नकल की।

छद्म अभ्यर्थी के तौर पर विकास परीक्षा में कथित तौर पर उत्तीर्ण हो गया और इससे उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित सरकारी आयुर्विज्ञान संस्थान के एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए गोदारा के लिए सीट सुरक्षित हो गई।

# भारत ने सिंधु जल संधि के तहत पानी देने से इनकार किया तो युद्ध करेगा पाकिस्तान: बिलावल भुट्टो

- गृहमंत्री शाह के संधि को कभी बहाल न करने के बयान पर जताई प्रतिक्रिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने सोमवार को कहा कि यदि भारत सिंधु जल संधि के तहत इस्लामाबाद को पानी का उचित हिस्सा देने से इनकार करता है, तो उनका देश युद्ध की ओर बढ़ेगा। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के तुरंत बाद भारत ने 1960 के समझौते को स्थगित कर दिया था।

गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले हफ्ते इस समझौते को कभी बहाल न करने की घोषणा की थी। शाह के बयान ती पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय द्वारा आलोचना किए जाने के दो दिन बाद बिलावल की टिप्पणी सामने आई। बिलावल ने संसद में दिए भाषण में समझौते को निलंबित करने के भारत के फैसले को खारिज कर दिया और पाकिस्तान के हिस्से का पानी लेने की धमकी दी। उन्होंने कहा, भारत के पास दो विकल्प हैं: या तो वह पानी को समान रूप से साझा करे, या फिर हम सभी छह नदियों से पानी अपने यहां पहुंचाएंगे।

# बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त गिरफ्तार

ढाका, एजेंसी

- चुनावों में हेराफेरी के आरोप में की गई कार्रवाई

बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के एम नूरुल हुदा को उनके कार्यकाल के दौरान चुनावों में हेराफेरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

ढाका महानगर पुलिस के उपायुक्त मोहिदुल इस्लाम ने रविवार को कहा कि हुदा को पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) द्वारा उनके और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित 18 अन्य के खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने कहा कि यह शायद पहली बार है कि चुनाव से संबंधित मुद्दों पर किसी पूर्व सीईसी को हिरासत में लिया गया है। इससे पहले दिन में, 77 वर्षीय हुदा पर उनके उत्तरा स्थित आवास के बाहर भीड़ ने हमला कर दिया था। हुदा ने 2014, 2018 और 2024 में चुनावों का आयोजन कराया था। उत्तरा पश्चिम पुलिस थाने के प्रमुख हाफिजुर रहमान ने कहा कि हमें सूचना मिली थी कि भीड़ ने हुदा को घेर लिया है, जिसके बाद हम घटनास्थल पर गए थे। हमने उन्हें हिरासत में ले लिया है।

एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने ढाका के उत्तरा इलाके में स्थित हुदा के आवास पर धावा बोल दिया और पुलिस के पहुंचने से पहले ही उन्हें घर से बाहर खींच लिया। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में लोगों का एक समूह हुदा को जूतों से पीटता, उन्हें जूतों की माला पहनाता और उनके ऊपर अंडे फेंकते हुए दिखाई दे रहा है।

# शेख हसीना की पार्टी की पूर्व सांसद को गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया गया

- तुहिन पर दर्ज हैं देश के खिलाफ साजिश और राजनीतिक हिंसा भड़काने के मामले

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग की एक पूर्व सांसद को सोमवार को भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा भड़काने और देश के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश की खबर के मुताबिक ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) ने नवाबगंज उपजिला की आरक्षित सीट से पूर्व सांसद सबीना अख्तर तुहिन को गिरफ्तार किया। डीबी (उत्तर) के संयुक्त आयुक्त मोहम्मद रबीउल हुसैन भुइयां ने बताया कि तुहिन पर भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा भड़काने और देश के खिलाफ साजिश रचने को लेकर कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, पूर्व निर्दलीय सांसद मोहम्मद फैसल बिप्लब को पिछले साल जुलाई में हुए आंदोलन से जुड़े एक हत्या मामले में रविवार शाम को एक अन्य डीबी टीम ने गिरफ्तार किया। खबर के मुताबिक मुंशीगंज-3 के पूर्व सांसद को राजधानी के मोनिपुरीपाड़ा इलाके से गिरफ्तार किया गया।

# मार्च 2026 आजादी के बाद सबसे खास पलों में एक होगा

रायपुर, एजेंसी



- गृहमंत्री शाह ने रायपुर में घोषित की नक्सलवाद से मुक्ति की समयसीमा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 31 मार्च 2026 को जब नक्सलवाद से मुक्त होगा तब वह क्षण आजादी के बाद का सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक होगा। जब नक्सलवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जायेगा, उसमें सुरक्षा बलों के जवानों का त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा।

अधिकारियों ने बताया कि शाह छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन नवा रायपुर में सुरक्षाबलों के उन कमांडरों और जवानों से बातचीत कर रहे थे जो हाल में नक्सल विरोधी अभियानों में शामिल हुए थे। सुरक्षाकर्मियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, मोदी जी के नेतृत्व में जब 31 मार्च 2026 को देश नक्सलवाद से मुक्त होगा, वह क्षण आजादी के बाद के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में एक होगा। जब नक्सलवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जाएगा, उसमें जवानों का त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा। कहा, आज मैं यहां केंद्रीय सुरक्षा बलों, कोबरा टीम, छत्तीसगढ़ पुलिस बल और डीआरजी के साहस, शौर्य, बलिदान और समर्पण को नमन करता हूं।

# पाकिस्तान ने भारत के लिए हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध बढ़ाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्राधिकारों ने भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध को एक और महीने के लिए बढ़ाने की सोमवार को घोषणा की।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद, दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने के मद्देनजर यह प्रतिबंध पहले 23 अप्रैल को एक महीने के लिए लगाया गया था। बाद में, इसे 23 मई को एक और महीने के लिए बढ़ा दिया गया था, जब चार दिनों के सैन्य टकराव के कारण संबंध खराब हो गए थे। भारत ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण द्वारा जारी 'नोटम' (नोटिस टू एयरमेन) के अनुसार, प्रतिबंध को 23 जून से बढ़ाकर 23 जुलाई तक कर दिया गया है।

## चिंताजनक

विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ओर से जारी ताजा रिपोर्ट में कई गंभीर चेतावनियां

# वैश्विक औसत से दोगुनी गति से गर्म हो रहा एशिया महाद्वीप

## इसी परिवर्तन से जापान, कोरिया गणराज्य और चीन में मासिक औसत तापमान के रिकॉर्ड टूटे

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनिया का सबसे बड़ा महाद्वीप और विश्व की 60 प्रतिशत आबादी का निवास स्थान एशिया वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी गति से गर्म हो रहा है। विश्व मौसमविज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) द्वारा सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन की '2024 में एशिया में जलवायु की स्थिति' रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया में समुद्री सतह भी पिछले दशकों में वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी गति से गर्म हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक,दो सबसे हालिया उप-अवधियों (1961-1990 और 1991-2024) में आर्कटिक तक फैला सबसे बड़ा भूभाग वाला महाद्वीप एशिया वैश्विक भूमि और महासागर औसत की तुलना में अधिक तेजी से गर्म हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में एशिया में औसत तापमान 1991-2020 के औसत तापमान से लगभग 1.04 डिग्री सेल्सियस अधिक था। यह आंकड़ा इसे सबसे गर्म या दूसरा सबसे गर्म वर्ष बना देगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस वर्ष एशिया के कई हिस्सों में भीषण गर्मी दर्ज की गई। अप्रैल से नवंबर तक पूर्वी एशिया में लंबे समय तक गर्म हवाएं चलती रहीं। जापान, कोरिया गणराज्य और चीन में बार-बार मासिक औसत तापमान के रिकॉर्ड टूटे। भारत में 2024 में भीषण गर्मी के कारण लू लगने के लगभग 48,000 मामले सामने आये तथा 159 लोगों की मौत हुई। डब्ल्यूएमओ ने कहा कि एशिया के प्रशांत और हिंद महासागर, दोनों ओर समुद्र का स्तर वैश्विक औसत की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ा है, जिससे निचले तटीय क्षेत्रों के लिए खतरा बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि सर्दियों में बर्फबारी में कमी और गर्मियों में उच्च तापमान की वजह से हिमनद बुरी तरह प्रभावित हुए। डब्ल्यूएमओ के मुताबिक, मध्य हिमालय और तियान शान में 24 में से 23 हिमनदों में मौजूद बर्फ में कमी आई।



### जल सुरक्षा के लिए बढ़ा दीर्घकालिक खतरा

रिपोर्ट के मुताबिक हिमनद की कगार टूटने, बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं का खतरा बढ़ गया है और जल सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक खतरा पैदा हो गया है। अत्यधिक वर्षा से कई देशों में भारी क्षति हुई और जान-माल का भारी नुकसान हुआ, जबकि उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के कारण तबाही आई। सूखे के कारण बड़ी आर्थिक और कृषि संबंधी हानि हुई। डब्ल्यूएमओ महासचिव सेलेस्टे साउलो ने कहा, एशिया में जलवायु की स्थिति रिपोर्ट में सतह के तापमान, ग्लेशियर द्रव्यमान और समुद्र तल जैसे प्रमुख जलवायु संकेतकों में बदलावों को रेखांकित किया गया है, जिसका क्षेत्र में समाजों, अर्थव्यवस्थाओं और पारिस्थितिकी तंत्रों पर बड़ा असर पड़ेगा।